सूर्योदय 6:25 सूर्यास्त 6:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.8 न्यू | 19.6 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75449.05 |
| निफ्टी | 22907.60 |
| सोना | 90,440 |
| चांदी | 1,03,700 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम में शुरुआती एकादश में जगह पाने के लिए ऑलराउंडर होना जरूरी: पांड्या

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 20 मार्च 2025 | 7 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 80, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ माह 14 दिन बाद लौटे धरती पर

## वायुमंडल में प्रवेश करने पर स्पेसक्राफ्ट का तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस होने से 7 मिनट संपर्क टूटा, फ्लोरिडा समुद्र तट पर लैंडिंग

**एजेंसी, फ्लोरिडा**

**भारतीय** मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं।

ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार, 19 मार्च को सुबह 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ यानी पानी में लैंडिंग हुई। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से रवाना हुए थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा यानी यान से संपर्क नहीं रहा। हालांकि, ऐसा होना आम बात है। प्लाजमा के कारण ऐसा होता है।



### आठ दिन के मिशन पर गए थे

**सुनीता** विलियम्स और बुच विल्मोर बोइंग और नासा के 8 दिन के ज्वॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे। इस मिशन का उद्देश्य बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट की एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन तक ले जाकर वापस लाने की क्षमता को टेस्ट करना था। एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन पर 8 दिन में रिसर्च और कई एक्सपेरिमेंट भी करने थे, लेकिन थ्रस्टर में आई गड़बड़ी के बाद उनका 8 दिन का मिशन 9 महीने से ज्यादा समय का हो गया था।

### 17 घंटे लगे पृथ्वी पर लौटने में

- ड्रैगन कैप्सूल के अलग होने से लेकर समुद्र में लैंडिंग तक करीब 17 घंटे लगे। 18 मार्च को सुबह 08:35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच क्लोज हुआ यानी दरवाजा बंद हुआ। 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट आईएसएस से अलग हुआ।
- 19 मार्च को रात 2:41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू हुआ यानी कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया गया। इससे स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री हुई और सुबह 3:27 बजे स्प्लैशडाउन।

### पृथ्वी पर आपकी कमी महसूस की गई: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर और 'क्रू-9' के सदस्यों का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लंबे समय बाद पृथ्वी पर लौटने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनका अटूट दृढ़संकल्प लाखों लोगों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। 'एक्स' पर कहा कि स्वागत है, क्रू-9, पृथ्वी पर आपकी कमी महसूस की गई।

### इसरो प्रमुख नारायणन ने दी बधाई

**बेंगलुरु।** इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और यह नासा, 'स्पेसएक्स' तथा अंतरिक्ष अभियान के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष अभियान में विलियम्स की विशेषज्ञता का उपयोग करने की इच्छा रखता है।

- **अंतरिक्ष यात्रियों ने कभी हार न मानने की भावना से सभी को प्रेरित किया : मुर्मू**
- **सुनीता के धरती पर लौटने की खुशी में गुजरात में उनके पैतृक गांव में जश्न**
- **सुनीता विलियम्स व अन्य सहयोगी सदस्यों ने लिखा इतिहास : राजनाथ**

## न्यूज शॉर्ट्स

### भ्रष्टाचार मामला: सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पूर्व मंत्री और 'आप' के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ 571 करोड़ रुपए की सीसीटीवी परियोजना में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मामला दर्ज किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### मानहानि मामले में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को राहत देते हुए मानहानि मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट जारी रखी। कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने शिवराज सिंह चौहान, मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। विवेक का आरोप है कि राजनीतिक फायदे के लिए उनकी छवि को खराब किया गया और उन्हें साल 2012 में मध्य प्रदेश पंचायत चुनाव के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण का विरोधी बताया गया था।

### चुनाव आयुक्त नियुक्ति संबंधी याचिका पर सुनवाई 16 को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बने कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने अगली तारीख 16 अप्रैल तय की है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, लोक प्रहरी और जया ठाकुर समेत कई याचिकाकर्ताओं ने नए कानून को चुनौती दी है।

### नस्लीय भेदभाव: गूगल देगा 242 करोड़ हर्जाना

**नई दिल्ली।** कर्मचारियों के बीच नस्लीय भेदभाव से जुड़े एक मुकदमे को समाप्त करने के लिए गूगल ने 2.8 करोड़ डॉलर (242.43 करोड़ रुपए) का हर्जाना देना मंजूर कर लिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि मुकदमा करने वालों का कहना है कि गोरे और एशियाई कर्मचारियों के मुकाबले अन्य नस्लीय पृष्ठभूमि के कर्मचारियों को कम वेतन और करियर के कम मौके दिए जाते हैं।

### यौन शोषण के आरोपी सांसद राठौर जेल से रिहा

**सीतापुर।** महिला नेता से यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को 49 दिन बाद रिहाई मिल गई। बुधवार सुबह 8 बजे सीतापुर जेल से सांसद हाथ जोड़ते हुए जेल से बाहर निकले। सांसद ने कहा कि मामले में एफआईआर से लेकर रिहाई तक पेंच ही पेंच हैं। दोषियों के चेहरे बेनकाब होंगे। सच्चाई जनता के सामने आएगी। कांग्रेस सांसद 30 जनवरी से सीतापुर जेल में बंद थे।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता -पेज 2
- जुलाई से 5 विषयों में ऑनलाइन पढ़ाई करवाएगी सेंट्रल यूनिवर्सिटी -पेज 4
- चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत पर आक्रोश -पेज 6
- नागपुर हिंसा मामले में 'मास्टरमाइंड' फहीम खान गिरफ्तार -पेज 13
- अभिषेक बल्लेबाजी व चक्रवर्ती गेंदबाजी में टी20 रैंकिंग में दूसरे नबंर पर -पेज 14


## बजट सत्र में नेता प्रतिपक्ष के सवालों पर बोले सीएम, नशा रोकने को सभी पंचायतों की मैपिंग पूरी

# एंटी ड्रग्स एक्ट लाएगी सुक्खू सरकार

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा के बजट सत्र में चर्चा के दौरान नशे के कारोबार पर सदन में चिट्टे, बसों में तोड़फोड़ और चीफ इंजीनियर की मौत मामले पर खूब गर्माहट देखने को मिली। नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कई सवाल उठाए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए सदन को जानकारी दी कि उनकी सरकार नशे के कारोबार पर लगातार चोट कर रही है। पिछले छह माह में प्रदेश के अंदर नशा रोकने को सख्त कदम उठाए गए हैं।

सीएम सुक्खू ने बताया कि सरकार विधानसभा के बजट सत्र में एंटी ड्रग एक्ट लेकर आ रही है।

उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल, 2024 को पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट को लागू किया है, जिसके चलते 4 मुख्य चिट्टा स्पलायर सलाखों के पीछे हैं, जबकि 17 चिट्टा सप्लायरों की संपत्ति जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 60 से अधिक सरकारी कर्मचारी और अधिकारी चिट्टे की तस्करी में संलिप्त पाए गए हैं, जिन पर अगले छह माह में कार्रवाई होगी। सीएम सुक्खू ने कहा कि चिट्टे को लेकर सभी जिलों के एसपी को भी मैपिंग के आदेश दिए थे और सभी पंचायतों में मैपिंग पूरी हो गई है। चिट्टे में संलिप्त पाए जाने वाले सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कानून में कड़ी सजा का प्रावधान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह नशे के कारोबार में संलिप्त दोषी को न बख्शें। (अनंत ज्ञान)



### चिट्टा तस्करी में संलिप्त 60 कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

### एजेंसियों के इनपुट पर फौरन हो रही कार्रवाई, चिट्टा तस्करों पर पैनी नजर

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि केंद्र की एजेंसियों से उन्हें जो भी इनपुट मिल रहे हैं, वह उस पर फौरन कार्रवाई कर रहे हैं और पड़ोसी राज्यों से आने वाले चिट्टा तस्करों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप उनके हाथ बड़े चिट्टा सप्लायरों तक पहुंचे हैं और आज वे जेल की हवा खा रहे हैं।

### जयराम ने उठाया चीफ इंजीनियर की मौत का मामला, सरकार करवाएगी जांच



**हिमाचल** प्रदेश पावर कॉरपोरेशन (एचपीपीसीएल) के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत मामले की जांच सुक्खू सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) ओंकार चंद शर्मा को सौंप दी है और उन्हें 15 दिन के भीतर जांच पूरी करने को कहा है। इसको लेकर पावर सेक्रेटरी ने आदेश जारी कर दिए हैं। जांच के दौरान एचपीपीसीएल के एमडी एवं आईएएस हरिकेश मीणा और डायरेक्टर देसराज पावर कॉर्पोरेशन दफ्तर में ड्यूटी नहीं देंगे। आईएएस राकेश कुमार प्रजापति को एमडी पावर कॉरपोरेशन और सुरेंद्र कुमार को डायरेक्टर का चार्ज दिया गया है। इससे पहले विधानसभा के बजट सत्र में चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत का मामला खूब गूंजा। सदन में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी की मौत मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाई। वहीं, सीएम सुक्खू ने सदन में कहा कि विमल नेगी की मौत को लेकर सरकार मामले की जांच करेगी। एडिशनल चीफ सेक्रेटरी स्तर का अधिकारी इस मामले की जांच करेगा। दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 30 फीसदी नशे के कारोबार में आई गिरावट

**सीएम** ने दावा किया कि जबसे उनकी सरकार सत्ता में आई है, तब से आज दिन तक 30 फीसदी नशे के कारोबार में गिरावट आई है और इस कारोबार से जुड़े बड़े तस्करों को बेनकाब किया है। हाल ही में शिमला जिला इसका प्रमुख उदाहरण है, जहां पर चिट्टे के कारोबार को ध्वस्त किया है और जिले के जुब्बल और रोहड़ू में कई चिट्टा तस्करों को गिरफ्तार किया है और बड़ी मात्रा में चिटटा बरामद किया गया है।

# बसों में तोड़फोड़ पर तपा सदन सुक्खू ने की सीएम मान से बात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**पंजाब** में हिमाचल की बसों और गाड़ियों की तोड़फोड़ का मामला बुधवार को विधानसभा बजट सत्र में खूब गूंजा। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि उन्होंने पंजाब के सीएम भगवंत मान से बात की है। भगवंत मान ने उचित कार्रवाई करने का पूरा भरोसा दिया है और कहा कि पुलिस दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। पंजाब में सरकारी बसों के अलावा एचपी नंबर की प्राइवेट गाड़ियां भी रोकी जा रही हैं। इनमें भिंडरावाले के पोस्टर लगाए जा रहे हैं। मंगलवार शाम को भी चंडीगढ़ से हमीरपुर आ रही हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस पर दो युवकों ने पंजाब के खरड़ में रोककर डंडे और पत्थर बरसाए। इससे निगम की बस के सभी शीशे टूट गए। बस में बैठे सभी यात्री सहम गए।

**मुकेश बोले- पंजाब पुलिस से किया जा रहा संपर्क**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार से सवाल किया कि इस मामले पर प्रदेश सरकार को बिना देर किए पंजाब के मुख्यमंत्री से बात करनी चाहिए, ताकि एचआरटीसी की बसों में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी के होशियारपुर जाने वाले भी स्थगित कर दिए गए हैं। पंजाब पुलिस के आलाधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। हालात सामान्य होने पर सेवाएं दोबारा शुरू की जाएंगी। मुकेश ने कहा कि पंजाब सरकार ने सुरक्षा का भरोसा दिया है।

### पंजाब बड़े भाई जैसा : सुक्खू

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि पहले हिमाचल का निचला हिस्सा भी पंजाब का ही भाग था। पंजाब उनके बड़े भाई की तरह है। वे सभी गुरुओं का सम्मान करते हैं और उनके प्रति आदर भाव रखते हैं।

### सभी बसों को करवाई जाएगी सुरक्षा उपलब्ध

**सीएम** ने कहा कि सभी बसों को सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए पुलिस फोर्स के बड़े आलाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो पंजाब की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करेगी और उनसे बातचीत कर इस समस्या का शीघ्र समाधान निकालेगी।

# यूपीआई से लेन-देन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम को मंजूरी

## केंद्रीय कैबिनेट के फैसले: महाराष्ट्र में बनेगा ग्रीनफील्ड हाई स्पीड हाईवे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। इसमें भीम यूपीआई से लेन-देन करने पर प्रोत्साहन राशि देने का ऐलान किया गया।

इसके अलावा महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट (पगोटे) से चौक (29.219 किलोमीटर) तक छह लेन वाले ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम को भी स्वीकृत किया। कैबिनेट ने असम के नामरूप में यूरिया प्लांट के निर्माण को भी मंजूर किया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने कम मूल्य वाले भीम यूपीआई लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि योजना के तहत छोटे व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपए तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15 फीसदी की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हर तिमाही पर बैंक स्वीकृत दावा राशि का 80 फीसदी बिना किसी शर्त के वितरित करेंगे, जबकि 20 फीसदी राशि का भुगतान कुछ शर्तों के बाद किया जाएगा। सरकार का कहना है कि छोटे व्यापारियों को यूपीआई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए यह फैसला लिया गया है।

### आतंकी घटनाओं में आई 71% की कमी : नित्यानंद

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बजट सत्र के दूसरे फेज के छठे दिन बुधवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आतंकी घटनाओं पर केंद्र सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि देश में आतंकवादी घटनाओं में 71 प्रतिशत की कमी आई है और आतंकवादी अब या तो जेल जाएंगे या जहन्नुम जाएंगे। पहले जब आतंकवादियों का महिमामंडन किया जाता था और उन्हें 'अच्छा खाना' परोसा जाता था, उसके विपरीत मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। वहीं, लोकसभा में केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट की उम्र में बदलाव को लेकर कोई भी प्रस्ताव पेंडिंग नहीं है।

# रील बना रहे दो युवक ढांक से गिरे, मौत

## ऊना के सोहारी गांव में पेश आया हादसा, नहाने गए थे चार युवक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**ऊना** जिले की उपतहसील जोल के तहत सोहारी गांव में एक दर्दनाक हादसा पेश आया है। दो किशोरों को रील बनाने के चक्कर में अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। दोनों रील बना रहे थे और ढांक से असंतुलित होकर नीचे गिर गए, जिनमें 17 वर्षीय आद्विक परमार पुत्र हिमांशु परमार निवासी सोहारी की उपचार के दौरान मौत हो गई।

वहीं, 16 वर्षीय सक्षम पुत्र प्रमोद ठाकुर निवासी सोहारी का शव ढांक के नीचे स्थित खड्ड से गोताखोरों ने 16 घंटे बाद बरामद कर लिया है। जोल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### एक को बचाने के चक्कर में दूसरा भी गिरा नीचे

**सोहारी** खड्ड में मंगलवार शाम को गांव के चार युवक आद्विक, सक्षम, अक्षय व आर्यन निवासी सोहारी नहाने के लिए गए थे। नहाने के बाद चारों किशोर रील बनाने लगे। इस दौरान रील बनाते हुए सक्षम ढांक से नीचे गिर गया, जिसे बचाने के चक्कर में आद्विक परमार भी नीचे गिर गया। ढांक से नीचे गिरते ही आद्विक चोटिल हो गया, जबकि सक्षम खड्ड के पानी में नीचे चला गया। वहां मौजूद अक्षय व आर्यन घबराकर मौके से भाग गए। वहीं, घायल आद्विक ने तुरंत इस मामले की जानकारी 100 नंबर पर दी, जिसके बाद पुलिस स्थानीय लोगों की सहायता से मौके पर पहुंची और घायल को खोजने में सफल हुई। घायल को निजी अस्पताल के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लेकर गए, जहां आद्विक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, बुधवार को एएसपी सुरेंद्र शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीम ने डॉग स्क्वायड व ड्रोन की मदद से तलाश शुरू की। स्थानीय गोताखोरों ने खड्ड से सक्षम का शव बरामद किया।

> रील बनाने के चक्कर में दो किशोरों की मौत हो गई। हादसे में एक घायल हुआ था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी। दूसरे किशोर का शव गोताखोरों ने खड्ड से बरामद किया है।
>
> **-राकेश सिंह, एसपी, ऊना।**

# राज्य विकास में आगे, पर सब्सिडी के लिए 75% जनता गरीब, यह कैसे संभव : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को कहा कि जब राज्यों से विकास का डाटा पूछा जाता है, तो वे प्रति व्यक्ति आय में तेज बढ़ोतरी दिखाते हैं, लेकिन जब सब्सिडी की बात आती है, तो वे 75 फीसदी आबादी को गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) बताते हैं। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि सब्सिडी का असली हकदारों तक पहुंचना जरूरी है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि हमारी चिंता यह है कि क्या गरीबों के लिए बनी योजनाओं का लाभ उन्हीं तक पहुंच रहा है या नहीं? राशन कार्ड अब लोकप्रियता कार्ड बन गया है। राज्य विकास के लिए अपनी प्रति व्यक्ति आय बढ़ी हुई बताते हैं, लेकिन जब गरीबी की बात आती है, तो 75 फीसदी आबादी को गरीब बताने लगते हैं। यह विरोधाभास कैसे संभव है? यह मामला सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना महामारी के दौरान प्रवासी मजदूरों की स्थिति सुधारने के लिए खुद ही शुरू किया था।



मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि यह असमानता अमीर और गरीब के बीच बढ़ते अंतर के कारण है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बहुत अमीर हो रहे हैं, जबकि अन्य की हालत जस की तस बनी हुई है। प्रति व्यक्ति आय का आंकड़ा पूरे राज्य की कुल आय का औसत होता है, इसलिए असल हालात नहीं दिखते। उन्होंने बताया कि ई-श्रम पोर्टल में दर्ज आठ करोड़ प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन मिलना चाहिए। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि सरकार 81.35 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत मुफ्त राशन दे रही है और 11 करोड़ अन्य लोगों को भी इसी तरह की योजना से फायदा हो रहा है।

**गुड न्यूज** रेल कोच फैक्टरी कपूरथला से कालका पहुंचे छह नए पैनोरमिक विस्टाडोम कोच, जल्द होगा ट्रायल

# पर्यटक अब पैनोरमिक कोच से देखेंगे हिल्स क्वीन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

**विश्व** धरोहर कालका-शिमला रेललाइन पर दूसरे चरण में पैनोरमिक विस्टाडोम कोच के ट्रायल के लिए रेल कोच फैक्टरी कपूरथला से नए कोच कालका पहुंचना शुरू हो गए हैं।

अभी तक छह नए विस्टाडोम कोच कालका पहुंच चुके हैं। ट्रायल सफल होते ही प्रदेश में रेल मार्ग से आने वाले पर्यटक यहां की वादियों को निहार सकेंगे। नए पैनोरमिक कोच प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी, जीएस और सीसी कोच शामिल हैं। अब दूसरे चरण में आए पैनोरमिक कोच का ट्रायल शुरू होगा। ट्रायल की व्यवस्था और सुरक्षा व ब्रेक सिस्टम की भी जांची जाएगी।



रेलवे बोर्ड की ओर से ट्रेनों में नए पैनोरमिक विस्टाडोम कोच लगाने की योजना वर्ष 2024 में बनाई थी। इसके बाद रेल कोच फैक्टरी कपूरथला के साथ बोर्ड ने करार किया था और 30 नए कोच तैयार किए जाने थे। इसका कार्य शुरू हुआ और पहले चरण में छह कोच फैक्टरी ने लाइन पर उतारे। वर्ष 2024 के अंत तक सभी ट्रायल किए गए, जिसमें नागरिक उड्डयन मंत्रालय की टीम का परीक्षण भी शामिल है। उधर, रेल कोच फैक्टरी कपूरथला के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि अभी तक 13 कोच कालका भेज दिए गए हैं, जबकि अन्य कोच का निर्माण कार्य जारी है। (अनंत ज्ञान)

### एक पैनोरमिक कोच पर एक करोड़ खर्च

**एक** पैनोरमिक कोच की अनुमानित लागत एक करोड़ रुपए के करीब है। प्रीमियम एसी कोच 12 सीटर होगा, एसी चेयर कार 24 सीटर होगी। वहीं, नॉन एसी 30 सीटर होगा। पावर एसी कोच अन्य कोच को पावर देगा और उसमें सिर्फ गार्ड बैठेगा। कोच के अंदर का स्पेस भी पुराने डिब्बों से अधिक होगा।

### ब्रेक सिस्टम को किया अपग्रेड

**नए** पेनोरमिक कोच में ब्रेक सिस्टम को अपग्रेड किया है। इसमें वैक्यूम ब्रेक की जगह पर पावर ब्रेक है। ट्रायल के दौरान चढ़ाई पर आपातकालीन ब्रेक का पता लगाया जाएगा, अगर कोई कमी रहेगी तो इसे और बेहतर किया जाएगा। इससे पहले भी पैनोरमिक विस्टाडोम कोच के छह डिब्बों का ट्रायल किया जा चुका है। खास बात यह है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रेलवे बोर्ड को ट्रेन चलाने के लिए भी अनुमति प्रदान कर दी है। इसके बाद ट्रेन चलाने की योजना बनाई जा रही है, ताकि पर्यटकों को नए कोच से पहाड़ों का सुंदर नजारा देखने को मिले। बोर्ड की टीम का किराए को लेकर मंथन चल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### कृषि सेवा सहकारी सभा बजरोल का अधिवेशन कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दी बजरोल कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित बजरोल का वार्षिक अधिवेशन 21 मार्च को सभा के प्रांगण में प्रातः 11 बजे बुलाया गया है, जिसमें गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि करना, वर्ष 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करना, वर्ष 2024-25 के ऑडिट के लिए ऑडिटर की नियुक्ति करना तथा सभा के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए प्रस्ताव पारित करना व अन्य विषयों पर चर्चा बैठक अध्यक्ष की अनुमति से की जाएगी। इसमें सभा के सभी सदस्यों की उपस्थिति के लिए प्रबंधक कमेटी द्वारा आमंत्रित किया जा रहा है।

### प्रदेश पीटीए संघ ने ड्रेस कोड पर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश पीटीए संघ ने ड्रेस कोड को लेकर जारी आदेशों पर नाराजगी जताते हुए सरकार से इसे तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। संघ के हमीरपुर जिले के प्रधान रमेश ठाकुर ने कहा कि शिक्षकों के लिए डिसेंट या फॉर्मल ड्रेस का चयन एक अच्छा निर्णय है। इसे अनिवार्य यूनिफॉर्म कोड के रूप में शिक्षकों पर थोपना अनुचित व असंवैधानिक है। शिक्षक समाज के लिए मार्गदर्शक व छात्रों के लिए आदर्श होता है, इसलिए उनका पहनावा सभ्य और अच्छा होना चाहिए, लेकिन उनके ऊपर यूनिफॉर्म कोड थोपना अनुचित है।

### टीबी से बचा जा सकता है : डॉ. हितेश

**अनंत ज्ञान, रंगस।** क्षय रोग (टीबी) माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु या रोगाणु के कारण होता है। हालांकि, कुछ सक्रिय उपायों की मदद से टीबी के खतरे को कम कर इससे बचा जा सकता है। यह बात डॉ. हितेश ने रैल स्थित पीएचसी में आयोजित शिविर के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दो हफ्तों से अधिक समय तक खांसी रहने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें। टीबी से पीड़ित व्यक्ति के पास न जाएं और अगर जाएं तो मास्क अवश्य लगाएं। टीबी से पीड़ित मरीज के बिस्तर, रुमाल या तौलिया आदि का इस्तेमाल न करें। विटामिन्स, मिनरल्स, कैल्शियम और फाइबर से भरपूर खाद्य-पदार्थों का सेवन करें, इससे रोग प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। निर्धारित अवधि पर दवाइयों का कोर्स करने पर इस बीमारी से निजात पाई जा सकती है। इस अवसर पर हेल्थ सुपरवाइजर अनीता कुमारी, सीएचओ रेखा, नेहा, फीमेल हेल्थ वर्कर सीमा, आशा वर्कर सीमा, सुनीता, सुमना और माला की टीम ने लोगों के करीब 35-35 सीवाई टीवी और चेस्ट एक्स-रे किए। जरूरतमंदों को दवाइयां भी वितरित की गईं।

### डीएवी भड़ोली का प्लस वन का परिणाम घोषित



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली का कक्षा प्लस वन का वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा के दिशा-निर्देश में घोषित किया गया। स्कूल के वाइस चेयरमैन डॉ. ओपी सोंधी ने कक्षा में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित किया। कक्षा प्लस वन मेडिकल से शांभवी शर्मा ने प्रथम, विभूति गौतम ने द्वितीय और तनिक्षा ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्लस वन नॉन मेडिकल से अनमोल सूद ने प्रथम, उज्ज्वला ठाकुर ने द्वितीय और रजत राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अनमोल सूद ने 96.2 फीसदी अंक प्राप्त किए जिसे ओवरऑल टॉपर से सम्मानित किया गया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रिंसिपल ने छात्रों की उपलब्धियों पर उन्हें और उनके माता-पिता को बधाई दी।

### शिक्षकों को एआई और वित्तीय प्रबंधन की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** समग्र शिक्षा और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) हमीरपुर के सौजन्य से आईएचएम हमीरपुर में चल रही पांच दिवसीय पीएम श्री स्कूलों की शिक्षक क्षमता निर्माण कार्यशाला के तीसरे दिन शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सूचना एवं संचार तकनीक (आईसीटी), सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) और यू-डाइस प्लस से अवगत कराया गया। कार्यशाला के तीसरे दिन जिला उपनिदेशक गुणवत्ता एवं जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार ने शिरकत की और प्रतिभागियों से पीएम श्री योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की और कहा कि इस योजना के तहत स्कूलों को अपग्रेड करके आदर्श स्कूल बनाना है। तीसरे दिन की शुरुआत प्रतिभागियों द्वारा दूसरे दिन की पुनरावृत्ति से हुई। *टीचर ट्रेनिंग इंचार्ज पुनीत कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के तीसरे दिन शिक्षकों को आधुनिक तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई, जो शिक्षण और विद्यालय प्रबंधन में सहायक होगी।

### बल्ह बिहाल सहकारी सभा का अधिवेशन 23 को

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** द बल्ह बिहाल कृषि सेवा सहकारी सभा का वार्षिक अधिवेशन 23 मार्च को होगा। सभा के सचिव सतीश शर्मा ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे आरंभ होगी। सभा में समस्त सदस्यों से साधारण अधिवेशन में भाग लेने का आग्रह किया गया है। यह अधिवेशन राजकीय उच्च विद्यालय के प्रांगण में होगा।

### ट्रांसफार्मर लगाने पर सीएम का जताया आभार



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** विद्युत सब स्टेशन गलोड़ के तहत पंचायत मैड़ के पलवीं में बिजली का 63 केवीए पावर का ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर ग्रामीणों में विशाल लखनपाल, सरोती देवी, वीरू, संजू आदि ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया है। इस ट्रांसफार्मर के लगने से पलबीं, मैड़, बड़ोह आदि के गांवों के लोगों को बिजली की कम वोल्टेज से छुटकारा मिल जाएगा। विशाल लखनपाल ने ग्रामीणों की समस्या को मुख्यमंत्री के समुख रख कर हल करवा दिया। इलाकावासियों में विशाल, सरोती, वीरू, संजू सहित अन्य ग्रामीणों ने धन्यवाद किया है। एसडीओ गलोड़ शिवम डोगरा ने बताया कि ग्रामीणों को अब कम वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार 26 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 26 मार्च को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17 हजार से लेकर 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है। भर्ती के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 या मोबाइल नंबर 85580-62252 पर संपर्क किया जा सकता है।

# खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता

**दियोटसिद्ध मंदिर में 'भोग' योजना के तहत प्रसाद और लंगर के खाने की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया शीघ्र होगी पूरी : डीसी**

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है। इसलिए, सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में किसी भी तरह की कोताही न बरतें। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा एवं मानक विंग और अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिला में खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि होटल, रेस्तरां, ढाबा और खाने-पीने की दुकानों इत्यादि के पंजीकरण और लाइसेंसिंग के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ऑनलाइन सुविधा प्रदान की है। जिला हमीरपुर में अभी तक लगभग 1553 व्यवसायियों एवं संस्थानों को लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। इन व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों में नियमित रूप से सैंपलिंग एवं टैस्टिंग की जानी चाहिए।



**डीसी ने नियमित रूप से सैंपलिंग व टैस्टिंग करने के दिए निर्देश**

अमरजीत सिंह ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने इस वित्त वर्ष के दौरान जिला के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों से 77 सैंपल लिए थे। इनमें से 15 खाद्य वस्तुओं के सैंपल ठीक नहीं पाए गए हैं। इन मामलों में कार्रवाई की जा रही है। इनके अलावा कई पुराने मामलों के दोषी कारोबारियों को लगभग 2.21 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है।

उपायुक्त ने स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में भी खाने की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सैंपलिंग एवं टैस्टिंग के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले के सबसे बड़े धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर में 'भोग' योजना के तहत प्रसाद और लंगर के खाने की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्इस अवसर पर एडीएम राहुल चौहान, सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

#### अन्य मुद्दों पर भी हुई चर्चा

डीसी ने कहा कि दुकानों में तलाई के लिए प्रयोग हो चुके तेल की कलेक्शन के लिए अब प्रदेश सरकार ने एक नई फर्म को अधिकृत किया है। सभी दुकानदारों को इसके प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। उपायुक्त ने शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को भी खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। हमीरपुर शहर में क्लीन स्ट्रीट फूड हब के निर्माण और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य मुद्दों पर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक विभाग के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा ने विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

### व्हीकल पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**एसके ठाकुर, बड़सर।** हमीरपुर के उपमंडल बड़सर में 22 मार्च को होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट तथा भारी व्हीकल पासिंग अगले आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। बता दें कि आजकल उत्तरी भारत के विश्व-प्रसिद्ध सिद्ध पीठ दियोटसिद्ध में चैत्र माह के मेले लगे हुए हैं। इसमें मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम की ड्यूटी 24 घंटे लगी हुई है। इस कारण इन्हें अगले आदेश तक स्थगित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### गोड़िया मठ में वार्षिक महोत्सव एक अप्रैल से

**सुनील कुमार, हमीरपुर।** श्री चैतन्य महाप्रभु गोड़िया मठ सेवा ट्रस्ट दंगड़ी में 26वां वार्षिक महोत्सव व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। ट्रस्ट दंगड़ी के निवेदक भक्ति प्रसाद गिरि महाराज ने बताया कि 1 से 7 अप्रैल 2025 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा व्यास श्रील भक्ति प्रसाद विष्णु गोस्वामी महाराज जी श्रीमद् भागवत कथा का गुणगान करेंगे। प्रतिदिन व हवन का आयोजन किया जाएगा और भगवान चैतन्य महाप्रभु जी की लीलाओं का वर्णन किया जाएगा और 7 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### थल सेना भर्ती का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थल सेना अग्निवीर भर्ती के अंतर्गत जिला हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना के युवाओं के लिए 17 से 23 जनवरी तक अणू के खेल परिसर में हुए ग्राउंड टैस्ट की फाइनल मेरिट घोषित कर दी गई है। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि यह परिणाम वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी.एनआईसी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है। इसमें लगभग 375 उम्मीदवार पास हुए हैं। कर्नल बीएस भंडारी ने सभी सफल उम्मीदवारों से अपील की है कि वे 20 मार्च को थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर में आगामी औपचारिकताओं के लिए रिपोर्ट करें।

## पटनौण चौक के पास पलटी कार, पति की मौत

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

कहते हैं जब मौत आती है तो बहाना लगता है और कोई भी प्रयास कर लो, उसे कोई टाल नहीं सकता, ऐसा ही कुछ बाकया हिम्मर गांव के सेवानिवृत्त सैनिक के साथ हुआ। सीने में दर्द उठा, दवा भी ली, अस्पताल के लिए घर से चले, मगर अस्पताल नहीं पहुंच पाए और दुर्घटना का शिकार हो गए।

**पत्नी गंभीर रूप से घायल**

यह दुर्घटना हमीरपुर-आवाहदेवी एन एच 3 पर बराड़ा पटनौण चौक पर हुई, जिसमें हिम्मर गांव निवासी कश्मीर सिंह (47) पुत्र करतार सिंह की कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी बेबी रानी गंभीर रूप से घायल हो गई।



जानकारी मुताबिक मृतक कश्मीर को सुबह सीने में तेज दर्द उठा था, जिसके बाद उन्होंने ब्लड प्रेशर की दवा ली और पत्नी के साथ हमीरपुर स्थित अस्पताल के लिए रवाना हुए, लेकिन सुबह 9.30 बजे के करीब पटनौण चौक के पास उन्होंने कार से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ।

स्थानीय लोगों ने उन्हें कार से बाहर निकाला, लेकिन कश्मीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, संभावना है कि उन्हें ड्राइविंग के दौरान हार्ट अटैक आया, जिससे उन्होंने कार से नियंत्रण खो दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज व अस्पताल हमीरपुर भेज दिया है।

भोरंज पुलिस थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, मृतक की पत्नी खतरे से बाहर है और अस्पताल में उनका इलाज जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण की जानकारी मिल सकेगी। मृतक अपने पीछे पत्नी, माता और दो बेटियां व एक बेटा छोड़ गए। पंचायत प्रधान अंजना कुमारी ने बताया कि 4 माह पूर्व ही सेना से जेसीओ के रैंक से सेवानिवृत्त हुए थे।

## जेईई, नीट व एसएसबी की निशुल्क कोचिंग के लिए भूतपूर्व सैनिक निगम से करें संपर्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम द्वारा पूर्व सैनिकों के बच्चों को जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क क्रैश कोर्स की सुविधा दी जा रही है।

निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) मदनशील शर्मा ने बताया कि पूर्व सैनिकों के बच्चों को इस वर्ष भी निगम द्वारा हिम अकादमी हमीरपुर के माध्यम से जेईई और नीट का निशुल्क क्रैश कोर्स करवाया जाएगा। इस योजना के तहत क्रैश कोर्स करने वाले अभ्यर्थी की टयूशन फीस निगम द्वारा अदा की जाती है। जेईई और नीट के अलावा निगम पूर्व सैनिकों एवं सेवारत सैनिकों के बच्चों को एसएसबी की कोचिंग भी निशुल्क दिला रही है। यह कोचिंग निंबस डिफेंस एसएसबी अकादमी चंडीगढ़ में निशुल्क करवाई जाती है।

यह कोचिंग उसी अभ्यर्थी को दिलाई जाती है, जिसने लिखित परीक्षा पास कर ली हो। इन दोनों योजनाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए निगम के दूरभाष नंबर 01972222472 पर या वेबसाइट एचपीएक्ससर्विसमैन.ओआरजी पर लॉग इन किया जा सकता है।

## हमीरपुर जिले में 2149 करोड़ रुपए के ऋण देने का लक्ष्य : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

वर्ष 2025-26 के दौरान जिला हमीरपुर जिले में विभिन्न बैंकों के माध्यम से 2149 करोड़ रुपऐ के ऋण आबंटित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बुधवार को हमीर भवन में जिला स्तरीय समीक्षा एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक के दौरान डीसी अमरजीत सिंह ने नए वित्तीय वर्ष के लिए जिला ऋण योजना का विमोचन करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह चालू वित्त वर्ष की तुलना में 52 करोड़ रुपए अधिक है। नए वित्तीय वर्ष में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए 1955 करोड़ रुपए के ऋण आवंटन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी बैंकों के अधिकारियों से कहा कि वे आम लोगों के लिए ऋण आबंटन के प्रति सकारात्मकता एवं तत्परता के साथ कार्य करें।

मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक टशी नमग्याल ने विभिन्न योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। पीएनबी आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने संस्थान की गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत करवाया। जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी, नाबार्ड के डीडीएम नरेश कुमार और विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया।

## सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में वर्ष 2024-25 सत्र में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने की। उन्होंने छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार से बताया और सड़क पर सुरक्षित यात्रा के लिए नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान, रोड सेफ्टी क्लब के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजेश खरवाल ने भी छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में शिक्षकों में प्रो. शैल, प्रो. मितुल, प्रो. आर्ति, प्रो. बनिता, प्रो. आशु, प्रो. नीना, प्रो. सुरेश कुमार और प्रो. विकास राणा शामिल थे।



### बुधवार को बाबा बालक नाथ मंदिर में 16.30 लाख चढ़ा चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में बुधवार को 16 लाख 30 हजार 860 चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुआ है। मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया कि बुधवार को गुफा में 16 लाख 30 हजार 860 रुपए चढ़ावा प्राप्त हुआ है। इसमें दान 5 लाख 26 हजार 390 रुपए तथा गुफा में 11 लाख 04 हजार 470 रुपए चढ़ाए गए हैं।

वहीं, सिल्वर 42 ग्राम 830 मिलीग्राम, यूएसए डॉलर 111, यूरो 35, कनाडा डालर 55, ऑस्ट्रेलिया डॉलर 20, यूएई दिराम 45, कतर रियाल 45 विदेशी करेंसी प्राप्त हुई है।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**अनंत ज्ञान, रंगस।** जोलसप्पड़ पंचायत घर में आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग ने शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान मीना कुमारी, उपप्रधान संतोष कुमार के अलावा सभी वार्डों के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

शिविर के दौरान कमांडेंट होमगार्ड दसवीं बटालियन हमीरपुर की 10/3 की गृह रक्षा कंपनी नादौन के कमांडर प्रीतम चंद ने पंचायत प्रतिनिधियों को वनों में लगने वाली आग की रोकथाम, भूकंप सुरक्षा एवं भूकंपरोधी भवनों का निर्माण, बाढ़ आपदा से बचाव की पूर्व तैयारी, चक्रवाती तूफान, आंधी से बचाव की जानकारी, लू और शीतलहर से बचाव संबधित इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के लीडिंग फायरमैन योगराज, प्रशामक पूर्व सिंह, हवलदार मनजीत सिंह, गृहरक्षक संदीप कुमार व फायरमैन ध्रुव सिंह भी मौजूद थे।

## प्रदेश की सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर हो रही फेल : विकास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने कहा है कि पिछले कई दिनों से जो प्रदेश में हालत हो रहे हैं, वे प्रदेश सरकार के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। कभी प्रदेश में कुछ लोग खालीस्तानियों के झंडे लगाकर बाइक पर घूमकर उड़ान बाजी कर रहे हैं। तो कभी हमारी बसों को तलवार दिखाकर रोका जा रहा है और उन पर अवैध स्टीकर चिपकाए जा रहे हैं। हमारे चालकों व परिचालकों को डराया जा रहा है।



विकास ने कहा कि पिछले कल तो कुछ गुंडों ने सारी हदें ही पार कर दीं। हमारी हिमाचल परिवहन के बस जो चंडीगढ़ से हमीरपुर आ रही थी, उसको खरड़ के पास रोक कर जिस तरह से उस बस पर पत्थर और डंडे बरसाए गए, बस के शीशे तोड़े गए। इससे चालक, परिचालक और सवारियों को जान तक का खतरा हो गया। हिमाचल सरकार सरकार से आग्रह करते हैं कि वह जल्द से जल्द पंजाब सरकार से बात कर उन गुंडों को पकड़े और उन पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि जिस तरह से यह प्रदेश में हो रहा है, उससे एक डर का माहौल प्रदेश में बन चुका है।

हिमाचल एक बहुत ही शांतिप्रीय प्रदेश है। गुंडागर्दी हिमाचल में हो रही है। यह कानून व्यवस्था पर जरूर सवाल खड़ा करती है। कभी सरेआम गोलीबारी हो रही है तो कहीं किसी अधिकारी की लाश नहर में मिल रही। प्रदेश की सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर फेल हो रही है।

## सीएम ऑफिस की शह पर हुई एफआईआर : राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व विधायक और भाजपा के नेता राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया है कि हिमाचल में अब राजनीति की जंग व्यक्तिगत खुन्नस तक पहुंच गई है। राणा ने मुख्यमंत्री कार्यालय और पुलिस प्रशासन पर सीधे तौर पर हमला बोलते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उनके बेटे और पत्नी के खिलाफ सिरमौर जिले के पचछाद में दर्ज की गई एफआईआर बदले की गंदी राजनीति का हिस्सा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राणा ने दावा किया कि सीएम ऑफिस के सीधे दखल के बाद महज दो घंटे में यह एफआईआर दर्ज की गई, ताकि उन्हें और उनके परिवार को झूठे मामलों में फंसाकर दबाया जा सके, लेकिन वे इन झूठे मामलों से विचलित होने वाले नहीं हैं। लड़ाई अदालत में लड़ी जाएगी।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते राजेंद्र राणा।

**साझेदारी की आड़ में करोड़ों की ठगी, फिर एफआईआर का खेल**

सबूतों के साथ राजेंद्र ने खुलासा किया कि 2020 में शिमला के मशोबरा निवासी अनिल चौहान ने उनसे संपर्क कर सिरमौर के पच्छाद में एक क्रशर प्लांट में साझेदारी की पेशकश की थी। इस समझौते में उनके बेटे और पत्नी का 25-25 प्रतिशत हिस्सा तय हुआ था। राणा के मुताबिक, ढाई से तीन करोड़ का पूरा भुगतान करने के बावजूद अनिल चौहान क्रशर प्लांट शुरू करने के बजाए बहाने बनाकर टाल-मटोल करता रहा और पैसे अपनी जेब में डालता रहा। जब उससे या तो प्लांट लगाने या पैसे लौटाने को कहा गया, तो उसका रवैया ही बदल गया। यह कोई दो नंबर का पैसा नहीं था। उसने इसे अपने परिवार के लिए इस्तेमाल कर लिया।

**जेसीबी का खेल, पहले चोरी फिर एफआईआर :** राणा ने बताया कि साझेदारी के तहत उनके बेटे ने एक जेसीबी मशीन खरीदी थी, ताकि काम में आसानी हो, लेकिन अनिल चौहान ने बिना इजाजत यह मशीन रोहड़ू के पास किसी को 6 महीने किराए पर दिए रखी और उससे मिलने वाला पैसा भी खुद डकार गया। जब इस धोखाधड़ी का खुलासा हुआ, तो राणा के बेटे ने पच्छाद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

पुलिस के दखल के बाद यह जेसीबी उनके बेटे को वापस दिलाई गई। उनका आरोप है कि पुलिस ने सीएम ऑफिस की दखल अंदाजी से उन्हीं के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर दिया।

## स्पाइस पार्क एवं डे बोर्डिंग स्कूल की सौगात मिलने पर चलाए पटाखे

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा अपने गृह विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा में स्पाइस पार्क एवं डे बोर्डिंग स्कूल खोलने की प्रदेश के बजट सत्र में घोषणा करने पर एवं इन घोषणाओं को सकारात्मक रूप देने के लिए इनके लिए बजट का प्रावधान करने पर क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी की लहर व्याप्त है।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ओबीसी के विकास वित्त निगम के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहन लाल कौंडल की अध्यक्षता में कस्बा में लोगों को बधाई देते हुए लड्डू बांटे। इस दौरान पटाखे भी चलाए गए। इस दौरान उनके साथ एडवोकेट संसार चंद रंनौत, कुलदीप पटियाल, लाल चंद परमार, कुलतार परमार, रिंका, कपिल शर्मा, यशपाल परमार, सुंदर्शन कुमार जरियाल, करतार चंद, जीत कौंडल प्रवीण चौधरी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता विशेष रूप से शामिल थे।

इस दौरान हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग के वित्त विकास निगम के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहन लाल कौंडल ने मुख्यमंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू सरकारी स्कूलों को सुदृढ़ करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए जिस तरह से फैसले ले रहे हैं, वे काफी सराहनीय हैं। (अनंत ज्ञान)

**सम्मान** संस्थान को तकनीकी नवाचारों के माध्यम से समाज के विकास में योगदान देने के लिए सराहा

## 'एक्सपो-2025' में एनआईटी हमीरपुर को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर को सरकारी विकास योजना एक्सपो-2025 में प्रतिष्ठित प्रदर्शक के रूप में सम्मानित किया गया। यह एक्सपो 17 से 19 मार्च तक गुवाहाटी, असम में आयोजित किया गया। संस्थान को तकनीकी नवाचारों के माध्यम से समाज के विकास में योगदान देने के लिए सराहा गया। समापन समारोह में गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और सरकारी योजनाओं के समर्थन में शैक्षणिक व अनुसंधान संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।



इस एक्सपो में कई प्रमुख संस्थानों ने भाग लिया, जिनमें एनसीईआरटी, एनआईटी मेघालय, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, बोनस्ट गुवाहाटी, परमाणु ऊर्जा विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, असम सरकार का अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग, यूआईडीएआई, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (शिलांग), वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, जल शक्ति मंत्रालय और असम सरकार का मृदा संरक्षण विभाग शामिल थे। एनआईटी हमीरपुर की ओर से डॉ. अशोक कुमार (सह-प्राध्यापक) और डॉ. राकेश शर्मा (सहायक प्राध्यापक, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग) तथा शोधार्थी जी. देवेंद्र और आदित्य कुमार वर्मा ने नवीनतम शोध और सतत विकास लक्ष्यों से जुड़े तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए।

उनके व्यावहारिक समस्याओं के समाधान हेतु तकनीकी योगदान को सभी हितधारकों और आगंतुकों द्वारा सराहा गया। संस्थान की ओर से आभार व्यक्त करते हुए एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने कहा कि यह सम्मान हमारे संकाय और शोधकर्ताओं की नवाचार आधारित समाज सेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। संस्थान की रजिस्ट्रार, डॉ. अर्चना संतोष ननोटी ने इस प्रकार के मंचों को अंतर-विषयक सहयोग और ज्ञान विनिमय के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस एक्सपो में हमारी भागीदारी ने समाज की आवश्यकताओं के अनुसार अनुसंधान-आधारित समाधान विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। यह सम्मान हमें राष्ट्रीय प्रगति के लिए तकनीकी उन्नति को आगे बढ़ाने के लिए और प्रेरित करता है।

## सीएम के जन्मदिवस पर होगा सद्भावना खेल टूर्नामेंट का आयोजन : डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

'नशे पर वार' का लक्ष्य है सुख सरकार का, इसी संकल्प के साथ हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई मुख्यमंत्री सुक्खू के जन्म दिवस 26 मार्च पर 'सद्भावना खेल टूर्नामेंट' आयोजित करने जा रही है। कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने बताया कि खेल टूर्नामेंट में कबड्डी प्रतियोगिता, मिनी मैराथन- 11 किलोमीटर वाली और इसके अलावा दूसरी खेलों का भी आयोजन किया जाएगा।

डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कबड्डी मैच चैंपियन रहने वाली टीम को 11000, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 7100 रुपए और मिनी मैराथन 11 किलोमीटर वाली के विजेता को 5100 रुपए, दूसरे स्थान पर रहने वाले को 4100 रुपए तीसरे स्थान पर रहने वाले को 3100 रुपए और इसके अलावा चौथे, पांचवें व छठे स्थान पर आने वाले युवा प्रतिभागियों को 1100-1100 रुपए दिए जाएंगे। इस अवसर पर प्रतिभागियों को एक-एक टी-शर्ट भी दी जाएगी।

खेल आयोजन की जिम्मेवारी यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के युवाओं के ऊपर रहेगी और खेलों में हिस्सा लेने वाली टीमें और मैराथन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी अपना पंजीकरण 25 मार्च शाम 6 बजे से पहले करवा सकते हैं क्योंकि 26 मार्च टूर्नामेंट वाले दिन किसी का भी पंजीकरण मान्य नहीं होगा।

### बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय



विधानसभा जाते सतपाल सत्ती व विनोद।



कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा।



विधानसभा जाते प्रकाश राणा, हंसराज, सुधीर शर्मा, रणधीर शर्मा व बलबीर वर्मा।



कुटलेहड़ के विधायक विवेक कुमार।



उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान।



विपिन सिंह परमार व रीना कश्यप के साथ विधानसभा जाते माननीय।

# हिमाचल के मेडिकल कॉलेजों में दिल्ली एम्स की तर्ज पर मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं

## विश्व स्तरीय तकनीक की जाएगी स्थापित, सरकार अगले ढाई साल में करेगी इनका कायाकल्प

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की लचर स्वास्थ्य सेवाओं पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में खूब छींटाकसी हुई। दोनों तरफ से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर खूब आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर चला।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस संदर्भ में अपनी बात सदन में रखते हुए जानकारी दी कि उनकी सरकार अगले ढाई साल में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएंगी और इसमें विश्व स्तरीय आधुनिक तकनीक से लैस मशीनें स्थापित की जाएगी और राज्य के



चार मेडिकल कॉलेजों के कायाकल्प के लिए आवश्यक बजट जुटाने की प्रक्रिया चल रही है, जिससे उनका बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। सीएम सुक्खू ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा ऐलान किया और घोषणा की है कि हिमाचल के सभी मेडिकल कॉलेज में दिल्ली एम्स की तर्ज पर सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों और नर्सों के पद भरे जाएंगे। प्रदेश में आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों के लिए भी डॉक्टरों के 200 पदों को स्वीकृति दी गई। यह जानकारी मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधायक डॉ. जनकराज और रणधीर शर्मा के पूछे गए सवालों के जवाब में दी। (अनंत ज्ञान)

### बजट सत्र के बाद होगी नए डॉक्टरों की नियुक्तियां

**उन्होंने** बताया कि बजट सत्र के बाद नए डॉक्टरों की नियुक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी और पैरा मेडिकल स्टाफ भरने की आवश्यक प्रक्रिया भी जल्द शुरू कर दी जाएगी। सीएम ने कहा कि इसके लिए बजट का प्रावधान कर दिया जाएगा, ताकि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

### सदन में बजट अनुमान पर चर्चा रहेगी जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल विधानसभा में 17 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित बजट पेश किया था। जिस पर बीते दिन भी सदन में चर्चा की गई। आज भी प्रश्नकाल के बाद सदन में बजट अनुमान पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में चर्चा की जाएगी। हिमाचल विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च को शुरू हुआ था, जो कि 28 मार्च तक चलेगा। 26 मार्च को विधानसभा में बजट को पारित किया जाएगा। बुधवार को सदन की कार्यवाही में विधायकों के कुल 82 सवाल लगेंगे।

## शराब घोटाले से घटी हिमाचल की राजस्व प्राप्तियां : रणधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के विधायक रणधीर शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री को 17 तारीख से बहुत प्यार है क्योंकि हर साल 17 तारीख को ही बजट आता है और साथ ही मुख्यमंत्री को ऑल्टो से भी बहुत प्यार है, पर जनता को उनके किए गए ड्रामे से प्यार नहीं है, जनता धरातल पर रिजल्ट चाहती है और अगर रिजल्ट ठीक ना हो तो घर बैठा देती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल भी वैगन आर जैसी गाड़ी में आते थे और बजट पढ़ा करते थे, पर आज उनकी पार्टी और उनको जनता ने घर बैठा दिया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सबसे बड़ी सफलता यह है कि वह बजट में केवल 70 करोड़ की वृद्धि कर पाए। मुख्यमंत्री केवल जीएसटी कंपनसेशन एवं आरडीजी करना रोते हैं पर हम उनका स्पष्ट करना चाहते हैं कि जीएसटी कंपनसेशन 2022 में ही



बंद हो गई थी और आरडीजी लगातार घटती ही जा रही है वह मुख्यमंत्री को स्वयं ही पता है। पिछले वर्ष बजट में 5000 करोड़ की वृद्धि की गई थी और साथ ही राजस्व प्राप्ति में 4000 करोड़ की बढ़ोतरी हुई थी पर इस वर्ष राजस्व प्राप्ति में केवल 190 करोड़ की बढ़ौतरी हुई है।

रणधीरने कहा कि हम मुख्यमंत्री से पूछना चाहते हैं कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है और साथ ही उन्होंने उत्तर देते हुए कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार एवं भाजपा की सरकार जिम्मेदार नहीं है, अगर कोई जिम्मेदार है तो वह केवल कांग्रेस सरकार का वित्तीय कुप्रबंधन एवं भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में एक्साइज एवं टैक्स कलेक्शन कम हो चुकी है और इसका बहुत बड़ा कारण हिमाचल प्रदेश में हुआ शराब घोटाला है। शराब घोटाले से हिमाचल प्रदेश की आमदनी बहुत ज्यादा घटी है।

हिमाचल में कोई भी विकास कार्य नहीं हो रहा है, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकारों में किसी भी प्रकार के उद्योग नहीं आ रहे हैं और हम स्पष्ट करना चाहते है कि अगर उद्योग आते हैं तभी प्रदेश की राजस्व प्राप्तियां बढ़ती है। हिमाचल में आज वित्तीय संकट चरम पर है। शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद तेजी से घट रहा है, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश ऋण नहीं ले पा रहा है, क्योंकि सकल घरेलू उत्पाद का केवल 3 प्रतिशत ही प्रदेश ऋण ले सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश में स्पेशल असिस्टेंस ग्रांट में 1100 करोड़ की वृद्धि हुई है।

### बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय



सदन की ओर जाते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व आशीष शर्मा।



विधानसभा की ओर जाते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी।



कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी।



दून के विधायक राम कुमार चौधरी।



तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी सदन की ओर जाते हुए।

# चीफ इंजीनियर की डेडबॉडी के साथ परिजनों का प्रदर्शन

## बीसीएस शिमला में पावर कॉरपोरेशन कर्मियों व लोगों ने देर रात तक किया चक्का जाम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन (एचपीपीसीएल) के चीफ इंजीनियर विमल नेगी का शव अंतिम दर्शन के लिए बीसीएस स्थित कार्यालय लाया गया। यहां पर मृतक के परिजन, बिजली बोर्ड और पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारी शव के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान आक्रोषित लोगों ने देर रात तक बीसीएस को न्यू शिमला से जोड़ने वाली सड़क पर चक्का जाम रखा। बीसीएस में एचपीपीसीएल कार्यालय के बाहर विमल नेगी के परिजन पावर कॉरपोरेशन के एमडी और डायरेक्टर को सस्पेंड करने की मांग कर रहे हैं। इनका कहना है कि जब तक इन दोनों अधिकारियों को सस्पेंड नहीं किया जाता, तब तक शव को नहीं ले जाएंगे। गुस्साए लोगों ने राजस्व मंत्री जगत सिंह की मौजूदगी में सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। मंत्री के वहां से जाने पर उनके खिलाफ भी नारेबाजी की गई।



**परिजन बोले-एमडी और डायरेक्टर पर हो एफआईआर दर्ज**

### परिजन बोले-रात 12-12 बजे तक काम करवाकर किया प्रताड़ित

विमल नेगी के परिजनों का कहना है कि एमडी हरिकेष मीणा और डायरेक्टर देसराज रात 12-12 बजे तक काम करवाते थे। चेकअप के लिए छुट्टी तक नहीं दी जाती थी। विमल नेगी के मामा ने बताया कि कुछ दिन वह उनके घर में आए थे। तब वह बात भी ढंग से नहीं कर पा रहे थे।

उधर, मृतक की पत्नी ने बताया कि गलत फाइल पर साइन करने के लिए उन पर दबाव डाला जाता था। उनके पति रात दो-दो बजे तक बैठकर काम करते थे। उन्होंने बताया कि छुट्टी मांगने पर डायरेक्टर उनकी एक्सप्लेनेशन कॉल कर देता था। मृतक के परिजन दोनों अधिकारियों को सस्पेंड करने, एफआईआर और सीबीआई जांच पर अड़े हैं।

### ऑक्लैंड हाऊस के बच्चों का विधानसभा विजिट



शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के 7वें दिन की कार्यवाही देखने आए ऑक्लैंड हाउस स्कूल के 121 बच्चों ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने स्टूडेंट्स से पूछा कि आप कुछ सीखने आए हैं तो मुझ से सवाल भी कर सकते हैं। बच्चों ने विधानसभा अध्यक्ष के सामने सवालों की झड़ी लगा दी।

## होशियारपुर रूट पर जाने वाली सभी **एचआरटीसी बसों** पर लगी अस्थायी रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

परिवहन निगम ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए होशियारपुर जाने वाली कुछ बस सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया है। निगम के अधिकारी पंजाब के खरड़, कीरतपुर, डेराबसी और होशियारपुर में प्रशासन और पुलिस के लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा है कि स्थिति सामान्य होने पर ये सेवाएं फिर से बहाल की जाएंगी।

यहां पर एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि कल जो हिमाचल प्रदेश की बस पर पथराव हुआ, पोस्टर चिपकाने का काम हुआ और पिछले कुछ दिनों से लगातार जो प्रयास हो रहे हैं, कि एक दहशत और भय का माहौल बनाया जाए, रिश्ते खराब किए जाएं। ये कौन लोग हैं, जो इसके पीछ हैं। हिमाचल सरकार को इस बात की जांच भी करना चाहिए और उचित कार्रवाई भी करना चाहिए, क्योंकि बसों में यात्रा कर रहे नागरिकों पर किसी तरह का कोई खतरा ना हो, यह सुनिश्चित करना चाहिए और ऐसे लोग जो वातावरण को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

**अनुराग ठाकुर ने की सरकार से जांच की मांग, दोषियों के खिलाफ की जाए कड़ी कार्रवाई**



उन्होंने कहा कि हिमाचल एक शांतिप्रिय राज्य है और लगातार इस तरह की घटनाएं, कभी नशे से जुड़ी, कभी किसी की हत्या से जुड़ी, कभी चोरी-डकैती से जुड़ी और अब खालिस्तान से जुड़ी हुई जब सामने आती हैं, तो अपने आप में कहीं न कहीं हिमाचल सरकार और यहां की कानून-व्यवस्था पर प्रश्न खड़े होते हैं। सवाल यह खड़ा होता है कि क्या हिमाचल सरकार उचित कदम नहीं उठा रही और ऐसी कौन सी मजबूरी है कि वो कदम नहीं उठा रही, इसलिए मुख्यमंत्री जी से मेरा आग्रह है, कि ये जो अवैध खनन, चिट्टे की समस्या, ड्रग्स माफिया और अब बसों पर पथराव से लेकर भिंडरावाले के पोस्टर चिपकाने की एक के बाद दूसरी घटनाएं ये बताती हैं कि हिमाचल पुलिस को जागना है और उचित कार्रवाई करनी है

### सिकंदर कुमार के सवाल पर अठावले ने दिया जवाब

## अनुसूचित जाति अभ्युदया योजना के तहत 450 गांव किए चिन्हित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने बुधवार को सदन में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री से पूछा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले दो वर्षों के दौरान केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत कितने लाभाथी लाभान्वित हुए हैं? क्या सरकार ने परियोजना की प्रगति और कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए पोर्टल शुरू किया है और क्या सरकार ने देश भर में अनुसूचित




जाति बहुल गांवो के एकीकृत विकास को सुनिश्चित करने हेतु नए घटकों को बढ़ाने के लिए कोई कार्य नीति तैयार की है?

डॉ. सिकंदर की ओर से पूछे के प्रश्नों का उत्तर देते हुए सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने बताया कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे वर्ष 2021-22 से कार्यान्वित किया जा रहा है।

उन्होंनें बताया कि पीएम-अजय योजना के तीन घटकों में से एक आदर्श ग्राम घटक के अंतर्गत अब तक 450 गांवों को चिन्हित किया गया है जिनमें से 330 गांवो को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है। अनुदान सहायता घटक के अंतर्गत पिछले दो वर्षों के दौरान 4800 लाभार्थियों के लिए 7 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं।

# विमल नेगी की मृत्यु पर उठ रहे हैं गंभीर सवाल : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि विमल नेगी की मृत्यु की खबर अत्यंत दुख पहुंचाने वाली है। जिस प्रकार से विमल नेगी की मृत्यु हुई उस पर काफी सवाल उठ रहे हैं और प्रदेश की जनता की मांग है कि इस पूरे प्रकरण का खुलकर खुलासा होना चाहिए। भाजपा ने लगातार इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाया है और अब सड़कों पर भी उठाएगी।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि विमल नेगी की मृत्यु सरकार के कुछ बड़े अधिकारियों के दबाव में हुई है यह सरकार के ऊपर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है। भाजपा इस पूरे प्रकरण की सीबीआई की जांच की मांग करती है।

### कुछ बड़े अधिकारियों के दबाव में हुई विमल नेगी की मौत : करण नंदा

इससे एक चीज तो साबित होती है कि हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए ईमानदार अफसर पर दबाव बनाया जा रहा है, इसी के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में स्वर्ण ऊर्जा से जुड़े कई प्रोजेक्ट जांच के घेरे में आते हैं इस बारे में विचार करना बहुत महत्वपूर्ण है। विमल को छुट्टी क्यों नहीं दी गई? विमल नेगी के दफ्तर में उनसे छोटे अधिकारी से उनके सामने सरकारी दस्तावेजों को साइन करवाया जाता है। हिमाचल में ईमानदार अधिकारियों के लिए काम करने का वातावरण नहीं है और हम पहले ही कह चुके हैं कि हिमाचल प्रदेश जनता, अधिकारी और पुलिसवालों के लिए सेफ नहीं रहा।

**आक्रोश** झंडा-पोस्टर लगाने और बसों के शीशे तोड़ने के विवाद का तनाव का असर

# निगम के अधिकारी पहुंचे पंजाब रोडवेज अधिकारियों के पास

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

झंडा पोस्ट लगाने और उसके बाद बसों के शीशे तोड़ने के विवाद के दरमियान पैदा हुए तनाव को लेकर एचआरटीसी के अधिकारी पंजाब रोडवेज के अधिकारियों से मिले हैं, उनकी ताजा हालात को लेकर बैठकें भी हुई हैं।

हमीरपुर डिवीजन के तहत पड़ने वाले कई अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जो बुधवार सुबह ही हिमाचल की सीमा के साथ सटे पंजाब के इलाकों में पंजाब रोडवेज के अधिकारियों और अन्य पुलिस के अधिकारियों के साथ मिले, जो हालात पैदा हुए हैं, उस पर चर्चा हुई है। अब बसों में सिक्योरिटी भी मिलेगी। इस पर इन अधिकारियों के साथ हुई बैठक में भरोसा दिलाया गया है। बस रूटों को सस्पेंड नहीं किया जाएगा।



**होशियारपुर जालंधर और किरतपुर में हुई बैठकें**

सुबह-सुबह कुछ बसों को लेकर असमंजस थी, लेकिन बाद में यह रूट्स सामान्य रूप से पंजाब प्रांत में एंटर हुए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिलासपुर के निगम के अधिकारी को किरतपुर और इसके साथ लगने वाले इलाकों का जमा दिया गया था। उन्होंने वहां अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। इसी तरह ऊना डीपो से ताल्लुक रखने वाले वरिष्ठ अधिकारी को होशियारपुर और जालंधर भेजा गया है। इनकी वहां अधिकारियों से बैठकें हुई हैं। देहरा, नादौन और ज्वालामुखी से काफी तादाद में होशियारपुर जालंधर एचआरटीसी के बस रूट चलते हैं।

काबिले गौर यह है कि बीते रोज होशियारपुर में निगम की बसों पर जबरन पोस्टर लगाए गए थे, उन्हें इन पोस्टर्स को न उखाड़ने की भी समुदाय विशेष के लोगों ने सलाह दी थी, उन्हें धमकियां भी मिली थीं कि यदि इन पोस्टर्स को हटाया गया तो पंजाब में बसें नहीं आने देंगे। इस घटना के बाद शाम होते-होते चंडीगढ़ से हमीरपुर आने वाली हमीरपुर डिपो की एक बस के शीशे खरड़ के पास तोड़े गए। यह विवाद काफी बड़ा हुआ और बाद में पंजाब पुलिस ने इस बाबत मामला दर्ज किया। (अनंत ज्ञान)

### क्या बोले हमीरपुर मंडलीय प्रबंधक

**हमीरपुर** स्थित मंडलीय प्रबंधक राजकुमार पाठक का कहना है कि जिस बस के शीशे तोड़े गए थे, उसे रात को हमीरपुर बुला लिया गया था जो भी औपचारिकता है इस घटना को लेकर होनी थी वह पूरी करवाई गई और आज सुबह निगम के कई अधिकारियों को पंजाब प्रांत के साथ लगने वाले उन इलाकों में भेजा गया। जहां वे अधिकारियों से मिले और उन्होंने भरोसा दिलाया है कि बसों में सुरक्षा मुहैया करवाई जाएगी और इस तरह की घटना को फिर से अंजाम होने नहीं दिया जाएगा। पाठक का कहना था कि बुधवार को किसी भी बस रूट को सस्पेंड नहीं किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सहौड़ा में शपथ पत्र बनाने के लिए उमड़ी भीड़

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से प्रभावित हुए लोगों के लिए सहौड़ा पंचायत कार्यालय में नायब तहसीलदार पविंदर पठानिया की देखरेख में शपथ पत्र तैयार करने के लिए शिविर लगाया गया, जिसमें सहौड़ा व बाग टीका के लोगों ने अपने अंतिम शपथ पत्र तैयार किरवाए। तैयार किए इन शपथ पत्रों को एसडीएम कार्यालय कांगड़ा में जमा करवा दिया जाएगा। क्रैडल से प्रॉजेक्ट को-ऑर्डिनेटर रंजीत ठाकुर ने बताया कि भूमि समाहर्ता अधिकारी गगल एयरपोर्ट शपथ पत्रों को प्रमाणित कर बैंक में भेजेंगे। इसके आधार पर लोगों को मुआवजा मिलना शुरू हो जाएगा। शिविर में पंचायत प्रधान, क्रैडल के कर्मचारी, भूमि अधिग्रहण विभाग कांगडा व वित्तीय नियंत्रक तिलक चौधरी सभी ने शिविर को चलाने में सहयोग दिया और लोगों को प्रभावित जमीन व पेड़ों की जानकारी दी।

### शिवनगर कॉलेज को टीबी जागरूकता पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के रेड रिबन क्लब को टीबी नियंत्रण और जागरूकता में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों के लिए टीबी को समाप्त करने के लिए नवाचार में अद्वितीय नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार शिवनगर महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब को लीफ पेंटिंग के माध्यम से टीबी के प्रति जागरूक करने के लिए प्राप्त हुआ। यह सम्मान कांगड़ा जिले के जोनल अस्पताल, धर्मशाला में आयोजित एक बैठक में दिया गया, जिसका विषय राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम था। बैठक में महाविद्यालय की प्रतिनिधि, क्लब की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा उपस्थित रहीं, जिनकी सराहना मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने रेड रिबन क्लब की संयोजक व सदस्यों को बधाई देते हुए उनके नवीन विचारों की प्रशंसा की और भविष्य में भी इसी तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### मानदेय में 300 रुपए की बढ़ोतरी भद्दा मजाक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** आशा कार्यकर्ता संघ हिमाचल प्रदेश की उपाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष सकीना दंवी ने प्रदेश बजट में आशा कार्यकर्ता के मानदेय में तीन सौ रुपए की बढ़ोतरी को भद्दा मजाक करार दिया है। उन्होंने इस बजट की कड़े शब्दों में घोर निंदा करते हुए कहा कि आशा के साथ सरकार ने सौतेला व्यवहार किया है हमें सरकार से यह उम्मीद कभी भी नहीं थी। पिछले वर्ष की याद दिलाई जाए तो भी आशा को निराशा ही मिली थी। आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा कोराना काल में किए गए कार्यों को आज शायद हिमाचल सरकार भूल गई कि लेकिन हम सरकार को याद करवा देना चाहते हैं कि कोरोना काल में सरकार के साथ आशा वर्कर कंधे से कंधा मिलाकर अपने समुदाय में खड़ी रहीं। यदि इस बजट पर पुनः विचार नहीं हुआ तो मजबूरन हिमाचल प्रदेश की समस्त आशा बहनें सड़को पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगी।

### विवेका फाउंडेशंज स्कूल में आर्ट स्पर्धा 23 को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विवेका फाउंडेशंज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालमपुर में 23 मार्च को राज्य स्तरीय अनुभूति ओपन आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उभरते कलाकारों को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच मिलेगा । यह प्रतियोगिता विभिन्न आयु समूहों के प्रतिभागियों को रंगों और कल्पना के माध्यम से अपनी कलात्मक दृष्टि व्यक्त करने के लिए आमंत्रित करती है। यह उभरते कलाकारों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अच्छी तरह से योग्य पहचान प्राप्त करने का एक शानदार अवसर है। अभिभावकों के लिए भी ओपन आर्ट प्रतियोगिता और कैप्शन कॉन्टेस्ट का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें अभिभावक भी भाग ले सकते हैं। बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट से एक विशेष कलाकृति बनाने की एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें विद्यार्थी को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### धीरा स्कूल में 40 टीचर्स ले रहे प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धीरा में जिला खंड धीरा के 40 अध्यापक व अध्यापिकाओं का टेक्नोलॉजी एन्हांसमेंट विषय पर 18 से 22 मार्च तक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी अध्यापकों को एमएसवर्ड, गूगल ड्राइव, साइबर सुरक्षा व अन्य विषयों पर मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इस ट्रेनिंग का शुभारंभ धीरा स्कूल के प्रधानाचार्य व बीपीओ सुनील धीमान द्वारा किया गया।

# जुलाई से 5 विषयों में ऑनलाइन पढ़ाई करवाएगी सेंट्रल यूनिवर्सिटी

## केंद्रीय विवि ने हिमाचल में की दूरवर्ती और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र की स्थापना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश जुलाई माह से पांच पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन पढ़ाई करवाएगा। इस हेतु केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश में दूरवर्ती और ऑनलाइन शिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है। प्रथम चरण में विश्वविद्यालय का यह केंद्र स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम एमबीए, एमसीए, एमए. इतिहास, एमए अर्थशास्त्र, एमए राजनीतिक विज्ञान इत्यादि विषयों को शुरू करने जा रहा है। इस बाबत केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने दूरवर्ती और ऑनलाइन शिक्षण केंद्र के प्रतीक चिन्ह का अनावरण भी किया और जानकारी दी कि केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश देश भर के विद्यार्थियों के साथ साथ विदेशों के विद्यार्थियों को इस केंद्र के माध्यम से उनके घर-द्वार पर गुणात्मक शिक्षा देगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश ने ऐसे सभी प्रकार के विद्यार्थी जो कि परंपरागत शिक्षा अर्जित नहीं कर सकते, उनके लिए ऑनलाइन शिक्षा का मॉडल तैयार कर चुका है जिसका काम बहुत तेजी से चल रहा है और इसी सत्र से हम ऑनलाइन शिक्षा हेतु विद्यार्थियों को प्रवेश देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति-विद्यार्थी का मौलिक अधिकार है और अगर वह किसी कारण परंपरागत शिक्षा से वंचित है तो एक शैक्षणिक संस्थान होने के नाते यह हमारा दायित्व है कि ऐसे सभी वंचित विद्यार्थियों के लिए हम ऑनलाइन शिक्षण के माध्यम से उन्हें शिक्षा दें।



### मीडिया लैब भी बन रही

**केंद्र** के निदेशक प्रो. विशाल सूद ने कुलपति का प्रतीक चिन्ह के आवरण हेतु आभार जताया और जानकारी दी कि ऑनलाइन शिक्षण सामग्री का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और सभी पांच पाठ्यक्रमों के कार्यक्रम समन्वयक, पाठ्यक्रम समन्वयकों, सामग्री निर्माता इस काम में आत्मीयता से जुटे हैं। उन्होंने कहा कि इस ऑनलाइन शिक्षण के लिए विश्वविद्यालय में एक मीडिया लैब भी स्थापित की जा रही है। इसमें पाठ्यक्रमों से संबंधित विषयों के व्याख्यानों की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी करेंगे । इसी के साथ इस केंद्र की अपनी एक वेबसाइट का कार्य भी चला हुआ है, जिस पर विद्यार्थी समय समय पर विभिन्न जानकारियां हासिल कर सकेंगे और प्रवेश हेतु आवेदन भी कर सकेंगे।

## लॉरेट फार्मेसी संस्थान में मनाया पारितोषिक वितरण समारोह




**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

लॉरेट फार्मेसी संस्थान एवं लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एवं इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ने पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। इस समारोह में मुख्यातिथि सब डिविजनल मजिस्ट्रेट नादौन डॉ. राकेश शर्मा एवं स्पेशल गेस्ट सेंट्रल यूनिवर्सिटी से प्रोफेसर डॉ. मृदुला मौजूद रहे। संस्थान के प्रबंधक एवं निर्देशक डॉ. रण सिंह एवं निर्देशक एवं प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने मुख्यातिथियों का स्वागत और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. एमएस आशावत ने सभा को संबोधित करते हुए वार्षिक रिपोर्ट का व्याख्यान किया। राकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को मेहनत अनुशासन और सकरात्मक सोच से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस समारोह में लॉरेट इंस्टिट्यूट आफ मैनेजमेंट इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी से प्रो. राजेश वालिआ एवं एचओडी प्रो. जसबीर जरियाल मौजूद रहे। समारोह में एमफार्म, बीफार्म, डीफार्म फार्मेसी प्रैक्टिस एवं बीसीए, बीबीए को शैक्षिणक खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यातिथि ने पुरस्कृत किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां से दर्शकों का मन मोह लिया। लॉरेट एलुमनाई एसोसिएशन ने मेधावी छात्रों को 5100 स्कॉलरशिप दी। कार्यक्रम में एचओडी विनय पंडित एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर अफसर डॉ सी पी एस वर्मा मौजूद रहे।

# सुक्खू सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे पेंशनर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा द्वारा बुधवार को अपना मांगों को लेकर धर्मशाला में प्रदेश सरकार के खिलाफ सड़कों पर धरना-प्रदर्शन किया तथा केंद्र सरकार से प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। विरोध कर रहे पेंशनर्स ने सरकार पर आरोप लगाया कि कभी उन्हें समय पर पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार की माली हालत ठीक नहीं है तो मुख्यमंत्री को लिख कर दे देना चाहिए हम पेंशन नहीं दे सकते। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो वे सभी संगठनों के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे तथा सत्ता से इस सरकार को चलता करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशनर्स के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है और पेंशनर्स को दूसरे दर्जे का नागरिक मान कर बर्ताब कर रही है। सरकार ने फरवरी महीने की पेंशन चार जिलों कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना और मंडी में तो 7 मार्च को शिमला में धरना-प्रदर्शन करने के बाद डाली है। पेंशनर्स को महीने की पहली तारीख को पेंशन न देकर पेंशनर्स से मजाक हो रहा है। वे सड़कों पर उतरकर संघर्ष कर रहे हैं और सोई हुई सरकार को जगाने के लिए बाध्य हुए हैं।

**केंद्र से की प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग**

# अपंजीकृत व्यापारियों पर होगी कार्रवाई : मोंगरा

## कहा, बिना पंजीकरण के बाहरी राज्यों से फल और सब्जियां लेकर आ रहे व्यापारी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कृषि उपज मंडी समिति जिला कांगड़ा द्वारा हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2005 को पूर्ण अधिसूचित क्षेत्र जिला कांगड़ा में प्रभावी ढंग लागू करने के उद्देश्य से मंडी समिति के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ शाहपुर, नुरपूर आदि निकटवर्ती क्षेत्रों में रातभर नाका लगाकर लगभग 40-50 अधिसूचित कृषि उपजों जैसे फल व सब्जी, अनाज, मुर्गा, बकरे वाली गाड़ियों का निरीक्षण किया गया।

कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष नीशू मोंगरा ने कांगड़ा में जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला के कुछ फल व सब्जी के थोक व्यापारियों द्वारा मंडी समिति से बिना किसी पंजीकरण के बाहरी राज्यों से फल व सब्जी को यहां लाकर कारोबार किया जा रहा है, जबकि अधिसूचित क्षेत्र में फल व सब्जी के थोक व्यापार हेतु मंडी समिति से पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। हालांकि फल व सब्जी (सेब के अलावा) किए गए कारोबार पर अधिनियम के अंतर्गत मंडी शुल्क पर पूर्णतया छूट है। उन्होंने बताया इसके अतिरिक्त मंडी समिति द्वारा स्थापित जिला की सभी विनियमित मंडियों में किए गए फल व सब्जियों के कुल कारोबार के मूल्य पर एक प्रतिशत की दर से उपयोगिता शुल्क, मंडी शुल्क देय होती है।

नीशू मोंगरा ने कहा कि निरीक्षण के दौरान कुछ मुर्गे, बकरे इत्यादि की गाड़ियां भी चेक की गईं, जिसमें कुछ गाड़ियों में संबंधित आवश्यक दस्तावेज जैसे बिल व चालान तथा कंडा पर्ची इत्यादि नहीं पाए गए। ऐसे व्यापारियों को भविष्य में व्यापारियों के माल के आवश्यक दस्तावेजों को गाड़ी के साथ रखने बारे जागरूक कर एक बार मौका देते हुए चेतावनी देकर छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कुछ व्यापारियों को समिति कार्यालय से शीघ्र पंजीकरण करवाने बारे नोटिस भी जारी किए गए हैं।

### 300 रुपए शुल्क अदा कर करवाएं पंजीकरण



**कृषि** उपज मंडी समिति के अध्यक्ष नीशू मोंगरा ने कहा कि अधिसूचित क्षेत्र जिला कांगड़ा में अधिसूचित कृषि उपजों, वस्तुओं के थोक कारोबार - व्यापार हेतु मात्र 300 रुपए का शुल्क अदा कर पंजीकरण प्राप्त किया जा सकता है, जो एक वित्त वर्ष के लिए वैध होता है। उन्होंने कहा कि पंजीकरण हेतु 25,000 की धरोहर राशि अनिवार्य होती है जो कि पंजीकरण रद्द करवाने पर वापस हो जाती है। इसी तरह मात्र 100 रुपए का शुल्क अदा कर पंजीकरण का नवीनीकरण आगामी वर्ष के लिए किया जाता है। उन्होंने जिला के समस्त व्यापारियों से आग्रह किया है कि वे व्यापार हेतु अपना अनिवार्य पंजीकरण 31 मार्च से पूर्व अवश्य करवा लें अन्यथा इस अधिनियम के तहत की गई किसी भी प्रकार की कार्रवाई के लिए व्यापारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## अनंत एजुकेशन / करियर

Job अनंत ज्ञान Opportunity

### दिल्ली मेट्रो में नौकरी पाने का मौका



सुपरवाइजर
- कुल 2 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 55 से 62 वर्ष
- वेतनमान : 66 हजार रुपए
- आवेदन करें: ऑफलाइन
- पता: दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में अवसर

अप्रेंटिस भर्ती
टेक्नीशियन ग्रेजुएट और ट्रेड
- कुल 200 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च 2025
- आयु सीमा : 18 से 24 वर्ष
- स्टाइपेंड : अप्रेंटिस नियमों के अनुसार
- आवेदन करें: iocl.com

### हि.प्र. टेक्निकल यूनिवर्सिटी में नौकरी



प्रोफेसर-1 , एसोसिएट प्रोफेसर-3, प्रोफेसर-28, टेक्निकल स्टाफ -1
- कुल 33 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च 2025
- आवेदन करें: ptujobportal.iqdigit.comnic.in

### भारतीय सेना में बनें अग्निवीर

जीडी, टेक्निकल, क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्निकल, ट्रेडसमैन, सैनिक फार्मा
- आवेदन की अंतिम तिथि 1 0 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष
- आवेदन करें: joinindianarmy.nic.in.

### इंडियन नेवी में करें ट्राई

लस्कर्स, फायरमैन, बो क्रू
- कुल 327 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 18 से 25 वर्ष
- आवेदन करें: joinindiannavy.gov.in

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

# 10वीं के बाद विषय चुनने में इन बातों का रखें ध्यान



*10वीं के बाद वैकल्पिक विषयों का चयन करते समय कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार करना आवश्यक होता है, क्योंकि यह आपके शैक्षिक और करियर पथ को प्रभावित कर सकता है। विषयों का चयन करते समय अपनी रुचियों, क्षमताओं और भविष्य के लक्ष्य को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। संतुलित और व्यावहारिक निर्णय से आप अपने भविष्य के लिए मजबूत नींव रख सकते हैं। यहां कुछ मुख्य बिंदु दिए गए हैं :*

**✱ व्यक्तिगत रुचियां और ताकत:** रुचि के विषयों को चुनना महत्वपूर्ण है, क्योंकि जब आप किसी विषय में रुचि रखते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से समझ पाते हैं और उसमें अच्छे अंक ला सकते हैं। इसके साथ ही, अपनी ताकत को भी ध्यान में रखें-यदि आप गणित या भाषाओं में मजबूत हैं, तो इन्हें चुनना बेहतर हो सकता है।

**✱ भविष्य के करियर के लक्ष्य:** आपके करियर के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विषयों का चयन करें। उदाहरण के लिए, यदि आप इंजीनियरिंग में रुचि रखते हैं, तो भौतिकी, रसायन और गणित जैसे विज्ञान विषय उपयुक्त होंगे। अगर आप कानून में जाना चाहते हैं, तो मानविकी के विषय जैसे राजनीति शास्त्र या इतिहास सही होंगे। कुछ करियर में विभिन्न विषयों का मिश्रण आवश्यक हो सकता है, इसलिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि किस क्षेत्र के लिए कौन से विषय उपयुक्त हैं।

**✱ विषयों की कठिनाई और कार्यभार:** कुछ विषय जैसे भौतिकी और गणित चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं और इनके लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। इसलिए यह सुनिश्चित करें कि आप अपने विषयों के चयन में खुद को अधिक भार से न दबाएं और एक संतुलित कार्यभार बनाए रखें।

**✱ साथी छात्रों का प्रभाव और प्रवृत्तियां:** हालांकि यह आसान है कि आप अपने दोस्तों या ट्रेंड्स का अनुसरण करें, लेकिन किसी विषय को केवल इसलिए न चुनें क्योंकि वह लोकप्रिय है या आपके दोस्त वही चुन रहे हैं। अपने रुचियों और क्षमताओं के आधार पर चयन करें।



सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर

# धैर्य और निरंतरता दिलाएगी करियर में सफलता



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
चंबा, हिमाचल प्रदेश



**जीवन एक साधना है और जीवन में अपने अस्तित्व को सिद्ध करने वाले अभ्यर्थियों और विशेषकर युवाओं को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि साधना के लिए धैर्य और निरंतरता अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान समय में प्रतियोगिता का महत्व इतना बढ़ गया है कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित पाठ्यक्रम और पाठ्यवस्तु की एक एक अवधारणा और बात का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए अधिक प्रयास और एकाग्रता के साथ अधिक समय निरंतर अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान समय में विज्ञान और तकनीकी के युग में यह देखा गया है कि युवाओं में धैर्य, संयम और सहनशीलता की निरंतर कमी दिखाई दे रही है और वे मार्ग में आने वाली कठिनाइयों से जल्दी ही घबरा जाते हैं, जो कि सफलता के मार्ग में बाधक होते हैं।**

### बिना मेहनत के सफलता मिलना मुश्किल

**जीवन** के किसी भी क्षेत्र में विशेषकर करियर निर्माण में जुटे युवाओं को यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि सफलता के मार्ग में आने वाली छोटी-मोटी मुश्किलें और कठिनाइयां अवश्य आएंगी, क्योंकि बिना कष्टों को सहे सफलता का उपहार मिलना नामुमकिन है। जितना बड़ा लक्ष्य होगा, उसकी प्राप्ति के लिए उतना ही बड़ा प्रयास करना आवश्यक है और बड़े प्रयासों में सकारात्मक मानसिकता रचनात्मक दृष्टिकोण रखना पड़ता है। अतः किसी भी प्रकार के करियर निर्माण में व परीक्षा में सफलता प्राप्त करने हेतु असफलताएं और कठिनाइयां आती ही रहती हैं और वे हमारी क्षमता को और अधिक बढ़ाने का कार्य करतीं हैं। अतः ऐसे में घबराना और आत्मविश्वास खो देने से हमारी सारी क्षमता और ऊर्जा बेकार हो जाती है। अतः ऐसे समय में धैर्य बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है और निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प करके और भी अधिक क्षमता और ऊर्जा के साथ प्रयास करना चाहिए।

**अकादमी ने 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम किया शुरू**

**हर विस क्षेत्र में 100 छात्रों को कोचिंग प्रदेश में 90 स्थानों पर खोल रही सेंटर**

**हिमाचल सरकार ने अकादमी के साथ साइन किया है एमओयू**

# क्रैक अकादमी हिमाचल में 6800 छात्रों को देगी कोचिंग

**क्रैक** अकादमी ने 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। इस पहल के तहत प्रदेशभर के 6800 छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। हिमाचल सरकार ने इस पहल के तहत क्रैक अकादमी के साथ एमओयू साइन किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस योजना के तहत कैक अकादमी हर विधानसभा क्षेत्र से 100 मेधावी छात्रों को मुफ्त कोचिंग देगी। इस पूरी योजना में लगभग 34 करोड़ रुपए खर्च होंगे। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा 6 और उससे ऊपर के छात्र भाग ले सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से टॉप 100 छात्रों को मुफ्त कोचिंग मिलेगी, जबकि अगले 200 छात्रों को 75 प्रतिशत और उसके बाद के 500 छात्रों की 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। राज्य सरकार इस योजना को सफल बनाने में क्रैक अकादमी को पूरा सहयोग देगी। अकादमी टेस्ट पेपर तैयार करेगी, जबकि परीक्षा की निगरानी शिक्षा विभाग करेगा। इस अवसर पर छात्रों और अभिभावकों को जागरुक करने के लिए एक बड़े प्रचार अभियान की भी शुरुआत की गई। इस योजना का पायलट प्रोजेक्ट सबसे पहले कांगड़ा जिले की ज्वालामुखी विधानसभा में लागू किया गया था, जहां 50 स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। फिलहाल, ज्वालामुखी के 220 चयनित छात्रों को इस योजना के तहत मेरिट आधारित कोचिंग मिल रही है। स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लांच के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया था कि यह योजना मेधावी छात्रों को लाभ पहुंचाएगी और प्रदेश में रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी। अकादमी 90 से अधिक कोचिंग सेंटर स्थापित करेगी, जिससे 5,000 लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा और अन्य अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी बनेंगे।




### शिक्षा ही सफलता की कुंजीः नीरज कंसल

**अकादमी** के फाउंडर और सीईओ, नीरज कंसल ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ हमारी यह साझेदारी राज्यभर के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सिर्फ एक परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्र को सशक्त बनाने, बाधाओं को दूर करने और उनके भविष्य को संवारने का अवसर है। हम छात्रों से आग्रह करते हैं कि वे इस सुनहरे मौके का पूरा लाभ उठाएं और अपने करियर को मजबूती से आगे बढ़ाएं।

### रिज स्थित पुस्तकालय के रखरखाव पर खर्च होंगे 1.5 करोड़

**अकादमी** शिमला के रिज पर स्थित पुस्तकालय के नवीनीकरण और रखरखाव पर 1.5 करोड़ रुपए खर्च करेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस इमारत की ऐतिहासिक विरासत को बनाए रखते हुए इसे आधुनिक तकनीक से लैस किया जाए, ताकि छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। अकादमी राज्य की देखरेख में रह रहे 4,500 अनाथ बच्चों को भी सहयोग दे रही है। यह संस्था हर साल इन बच्चों को कई कोर्स करने का मौका देती है, जब तक वे अपने करियर के लक्ष्य तक नहीं पहुंच जाते। इस पहल का मकसद बच्चों को लगातार शिक्षा और मार्गदर्शन देना है, जिससे वे अच्छी पढ़ाई कर सकें और अपने भविष्य को मजबूत बना सके।

**प्रस्तुतिः भूषण शर्मा, नूरपुर**

### ज्ञान की बात

- हिमाचल में अब कितनी आयु की युवतियों को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना के तहत 1500 रुपए मिलेंगे- 21 वर्ष
- विवादित शानन विद्युत परियोजना हिमाचल प्रदेश के किस जिले में स्थित है ? -जोगिंद्रनगर, मंडी
- महिला प्रीमियर लीग सीजन-3 की विजेता टीम -मुंबई इंडियन
- आईपीएल-2025 का पहला मैच कब और किन टीमों के मध्य खेला जाएगा? -22 मार्च, केकेआर और आरसीबी
- नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर कितने महीने बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौटे हैं? - 9 महीने
- यनादी जनजाति मुख्य रूप से भारत के किस राज्य में निवास करती है? -आंध्र प्रदेश
- 'युद्ध और सशस्त्र संघर्ष में पर्यावरण के शोषण को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है? - 6 नवंबर

## न्यूज ब्रीफ

### डीएलएड कोर्स का परिणाम किया घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को डीएलएड कोर्स पार्ट-1 और पार्ट-2 (नियमित, रिअपीयर और फेल फुल सब्जेक्ट) का परिणाम घोषित किया गया। बोर्ड की ओर से इन परीक्षाओं का आयोजन नवंबर और दिसंबर 2024 में किया गया था। बोर्ड सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि डीएलएड पार्ट-1 बैच 2023-25 और बैच 2022-24 (रिअपीयर एंड फेल) की परीक्षा में 1678 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 1318 पास हुए, 335 रि-अपीयर रहे, 23 फेल हुए और पास प्रतिशतता 78.92 फीसदी रही। डीएलएड पार्ट-2 बैच 2022-24 और बैच 2021-23 (रिअपीयर एंड फेल) की परीक्षा में 2032 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें 1917 पास, 94 रि-अपीयर व 11 फेल हुए तथा पास प्रतिशतता 94.57 फीसदी रही। बोर्ड सचिव ने बताया कि यदि कोई परीक्षार्थी रिचेकिंग या रिवेल्यूशन करवाना चाहते हैं तो वे जिला स्तर पर डाइट संस्थान और निजी संबद्धता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से बोर्ड वेबसाइट पर 20 मार्च से 3 अप्रैल तक प्रति सब्जेक्ट 500 रुपये व 400 रुपये की फीस सहित आवेदन कर सकते हैं। रिवेल्यूशन के लिए परीक्षार्थी के संबंधित परीक्षा में कम सेकम 20 अंक होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि रि-अपीयर एग्जाम बोर्ड की ओर से जून 2025 में करवाए जाएंगे, जिसके लिए परीक्षार्थी ऑनलाइन माध्यम से 25 मार्च से 10 अप्रैल तक 1350 रुपए फीस सहित बोर्ड वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

### सीएसआईआर पालमपुर में रोड शो आज

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर 20 मार्च को ई- ट्रैक्टर और ई-टिलर के लिए देशव्यापी रोड शो के अगले चरण की मेजबानी करेगा। यह सीएसआईआर-सेंट्रल मैकेनिकल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, दुर्गापुर की एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका उद्देश्य सतत कृषि यंत्रीकरण को प्रोत्साहित करना है।

### रघुवीर बने कैहरियां सोसायटी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जवाली।** दी कैहरियां को-ऑपरेटिव सोसायटी का चुनाव कार्यवाहक अध्यक्ष हरमिंदर सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इसमें रघुवीर सिंह को अध्यक्ष, गंधर्व सिंह को उपप्रधान बनाया गया जबकि निश्वार सिंह, मोहन सिंह, राकेश कुमार, ओंकार सिंह, रजनेश्वर सिंह, दिनेश निखिल व बालकृष्ण शर्मा को सदस्य बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष रघुवीर सिंह ने कहा कि अपना दायित्व ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से निभाऊंगा।



### बलदेव चुने स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** स्वाभिमान पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक 16-17 मार्च को रावता मोड़ जफरपुर दिल्ली में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से बलदेव राज सूद को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील राव शिंदे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी की दो दिवसीय बैठक में देश की वर्तमान राजनीतिक के गिरते हुए स्तर को उपर उठाने पर अनेक योजनाओं पर चर्चा की गई, दिल्ली विधान सभा चुनाव की समीक्षा तथा अगामी बिहार विधानसभा महाराष्ट्र एम सीडी चुनाव की योजना बनाई गई। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पी. रामंद्रन का कार्यकाल फरवरी 2025 में समाप्त हुआ है। अतः उनकी सहमति से पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने अध्यक्ष पद के लिए बलदेव राज सूद के नामका प्रस्ताव रखा तथा राष्ट्रीय संगठन प्रभारी मुन्ना महाजन ने उनके प्रस्ताव का समर्थन किया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने करतल ध्वनि से प्रस्ताव का समर्थन किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी देश में सत्ता का विकेंद्रीकरण,अर्थ का विकेंद्रीकरण,जबावदेही की स्थापना,न्याय व्यवस्था में सुधार आदि के लिए क्रियाशील रहेगी।

# रिश्वत लेने के दोषी पटवारी को चार साल का कारावास

## 30 हजार जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर 15 महीने की अतिरिक्त सजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के विशेष न्यायाधीश ने धर्मशाला के मंदल पटवार सर्कल के पटवारी से जुड़े वर्ष 2014 के रिश्वत मामले में अहम फैसला सुनाया है। इसमें दोषी पटवारी को 4 साल की सजा व 30 हजार रुपए जुर्माना ठोंका गया है। जुर्माना अदा न करने पर 15 माह के अतिरिक्त कारावास का फैसला सुनाया गया है। जिला कांगड़ा धर्मशाला स्थित विशेष न्यायाधीश–सह–अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–एक कांगड़ा राजेश चौहान की अदालत ने आरोपी पटवारी राजू निवासी गांव रसूं डाकघर सिद्धबाड़ी तहसील धर्मशाला को उक्त सजा सुनाई है।



फैसले के अनुसार जिला कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते पटवार सर्कल मंदल के तत्कालीन पटवारी को दोषी करार देते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत दंडनीय अपराध करने के लिए तीन वर्ष की कठोर कारावास तथा 15 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही दोषी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत अपराध करने के लिए चार वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। उक्त जुर्माना अदा न करने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उक्त दोनों ही सजाएं साथ–साथ में चलेंगी, जिससे आरोपी को कुल चार वर्ष का कठोर कारावास भुगतना होगा। साथ ही 30 हजार जुर्माना अदा करना होगा, जुर्माना अदा न करने की सुरत में कुल 15 माह का अतिरिक्त कारावास दिया जाएगा। उक्त मामले में गवाहों, बयानों व सबूतों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के आधार पर दोषी को विभिन्न धाराओं में उक्त सजा सुनाई गई है।

### यह है पूरा मामला

**स्टेट** विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो नॉर्थन रेंज धर्मशाला के जिला न्यायवादी देवेंद्र चौधरी ने बताया कि 17 जून 2014 को शिकायतकर्ता संतोष कुमार निवासी बडवाल ने पुलिस अधीक्षक, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो धर्मशाला को लिखित शिकायत की थी कि पटवार सर्कल मंदल का पटवारी राजू उनसे सीमांकन कार्यवाही दाखिल करने के लिए आवश्यक जमाबंदी व अक्ष साजरा की नकलें उपलब्ध करवाने की एवज में एक हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत पर निरीक्षक चमन लाल भाटिया के नेतृत्व में एक ट्रैप टीम गठित की गई तथा आरोपी राजू के विरुद्ध जाल बिछाया गया। पटवारी राजू ने शिकायतकर्ता को एक हजार रुपए की रिश्वत राशि के साथ सिविल बाजार धर्मशाला स्थित ढाबे में जमाबंदी व अक्ष की नकलें लेने के लिए बुलाया। सतर्कता ट्रैप टीम ने आरोपी राजू को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया तथा 2500 रुपए की रिश्वत राशि भी बरामद कर ली थी।

### जग्गा पहलवान ने जीता पीर बाबा दंगल

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर के मोच में स्थानीय लोगों द्वारा पीर बाबा के नाम पर विशाल दंगल का आयोजन करवाया गया। इसमें जग्गा पहलवान अजनाला ने चंनण पहलवान झझर को हराकर बड़ी माली पर कब्जा जमाया। इस दंगल बारे जानकारी देते हुए दंगल कमेटी ने बताया दंगल दौरान हिमाचली पहलवानो को प्राथमिकता दी गई। वहीं, हिमाचल के साथ –साथ बाहरी राज्यों से आए नामी पहलवानो की करीब 200 कुश्तियां करवाई गई। बड़ी माली के लिए जग्गा पहलवान अजनाला व चंनण पहलवान झझर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें जग्गा पहलवान ने चंनण पहलवान को हराकर बड़ी माली पर कब्जा जमाया। बड़ी माली विजेता को कमेटी की तरफ से 11 हजार व उपविजेता को दस हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी रघुवीर पठानिया व बीडीसी हरपाल सिंह उर्फ़ छोटू ने खासकर युवाओं से अपील की है कि नशे की तरफ आकर्षित न होकर अच्छे –अच्छे अखाड़ों में जाकर कुश्ती के गुण सीखें, ताकि दंगलों में अपनी–अपनी कुश्ती का जौहर दिखाते हुए मान–सम्मान से अपनी अजीविका कमा सकें।

### हैप्पी बर्थडे



थनेहड़ा मोहल्ला की दिशा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### खड़े ट्रक से बाइक टकराने से दंपती की दर्दनाक मौत



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना इंदौरा के अंतर्गत पठानकोट–जालंधर मार्ग पर बयास दरिया पुल के साथ गांव मिलवा में एक खड़े ट्रक के साथ सुबह करीब 8:30 बजे एक बाइक टकरा गई। हादसे में मोटरसाइकिल चालक अमरजीत (34) निवासी सालोवल थाना तारागढ़ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उसकी पत्नी रमनजोत (28) को तुरंत नेशनल हाईवे की गाड़ी में गंभीर हालत में मुकेरियां के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, यहां गंभीर हालत के चलते उसकी भी मौत हो गई। एक साल पूर्व ही इनकी शादी हुई थी। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर भेज दिया गया है तथा पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## पपरोला होली मेले में निकाली झांकियों में सत्यनारायण बाजार ओवरऑल विजेता

### खूह बाजार पपरोला रनरअप, अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मिला सम्मान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

जिला स्तरीय होली महोत्सव पपरोला में 12 मार्च से 15 मार्च तक विभिन्न बाजारों द्वारा निकाली गई झांकियों में सत्यनारायण बाजार ओवरऑल विजेता रहा, वहीं खूह बाजार पपरोला रनरअप रहा। महोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या के दौरान व्यापार मंडल प्रधान मनोज सूद व स्थानीय मेला कमेटी अध्यक्ष गौरव सूद की अगुवाई में विजेताओं को मुख्यातिथि के द्वारा सम्मानित करवाया गया।

इसके अलावा मां काली की 133वीं को स्पेशल व अन्य निकाली गई झांकियों को भी पुरस्कृत किया गया। होली मेला कमेटी के प्रधान गौरव सूद ने महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर व्यापार मंडल पपरोला के समस्त व्यापारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, महिला मंडलों व समीपवर्ती पंचायतों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि महोत्सव को लेकर आयोजित सांस्स्रतिक संध्याओं को सैकडों लोगों ने खूब आनंद उठाया।

व्यापार मंडल के प्रधान मनोज सूद व पूर्व कमेटी प्रधान विशाल सूद ने कहा कि इस बार मेले का सफल आयोजन हुआ है व अगले वर्ष भी इससे बढ़िया मेले का आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले में तोल मोल के बोल में मुख्य भूमिका निभाने वाले जोनी खान को बेस्ट एंटरटेनमेंट के खिताब से नवाजा गया है।

वहीं मेला कमेटी के अध्यक्ष गौरव सूद ने सभी झांकी निर्माताओं सहित व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज सूद, कमेटी सदस्यों राजिंद्र सूद, गगन वैद्य, विशाल सूद, शांति कौल, दीपक सूद, भूरि सिंह, सचिन शर्मा, बलवीर राणा, साहिल चौधरी, पुष्पेंद्र सूद, सुनील बंटी, राकेश शर्मा, नप अध्यक्षा आशा भाटिया, उपाध्यक्ष राजन चौधरी, पार्षद अनीता सूद, पार्षद राजेश क्लेडी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया। (अनंत ज्ञान)

## कर्मचारी महासंघ आज तक नहीं दिला पाया पेंडिंग एरियर : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ भारत के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण शर्मा ने कहा कि कर्मचारी महासंघ आज तक 2016 का पेंडिंग एरियर हिमाचल प्रदेश में नहीं दिलवा पाया। तीन फीसदी मंहगाई भत्ता देने के लिए हमारा संघ हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करता है, परंतु जिस महासंघ को कर्मचारियों ने समर्थन दिया, उनकी भावनाओं का निरादर हुआ है। कर्मचारियों का अध्यक्ष उसे बनना चाहिए जो सरकार से मांग करे कि कर्मचारियों को उनके हक दिए जाएं, परंतु पेंशन बहाल होने के बाद कोई भी बात अध्यक्ष नहीं करते, जबकि पेंशन पर भी संकट है। कोई बात नही होती। न ही दो सालों से महासंघ ने आउटसोर्स पर रखे कर्मचारियों की बात की। आज तक महासंघ ने आशा वर्कर के लिए एक बार भी नहीं बोला, जिन्होंने यह मुद्दे रखे उन्हें संघ से निकाल दिया। संघ जब किसी राजनीतिक दल से जुड़े हों तो वे कभी भी प्रदेश कर्मचारियों को हक़ नहीं दिलवा सकते। हम प्रदेश में मात्र कर्मचारियों के हकों के लिए लड़ते हैं। हमारा मानना है कि अगर प्रदेश के कर्मी सुखी होंगे तो वे प्रदेश की तरक्की अपने दिल से करेंगे। परंतु कर्मचारियों के संघ ज्यादातर चंदा इकठ्ठा करने में लगे हैं और अपने उन कर्मचारियों का शोषण करवा रहे है, जिन लोगों ने उन्हें प्रदेश का मुखिया बनाया। जल्द ही हमारा संघ पीड़ित कर्मियों के लिए प्रदेश में ज्ञापन अभियान शुरू कर रहा है, सभी कर्मचारी साथ दें।

## चंबा से दिल्ली जा रही एचआरटीसी की बस का सरहिंद में तोड़ा शीशा

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर**

> **भिंडरावाले के पोस्टरों को लेकर हिमाचल और पंजाब में बढ़ता जा रहा विवाद**

पंजाब से हिमाचल आ रहे दो पहिया वाहनों पर प्रतिबंधित झंडे लगाकर घूमने वाले लोगों पर प्रदेश पुलिस की कार्रवाई के उपरांत पंजाब में हुड़दंग के नाम पर हो रहे विरोध के चलते मंगलवार को देर रात चंबा से दिल्ली जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम पठानकोट डिपो की बस के सरहिंद में पहुंचने पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा खिड़की पर भारी चीज फेंककर विवाद को हवा देने की कोशिश की है। हिमाचल पथ परिवहन निगम पठानकोट डिपो के बस परिचालक मोहित अवस्थी ने बताया कि चालक बृज मोहन के साथ वे चंबा–दिल्ली रूट की बस को मंगलवार को सायं 7:10 पर पठानकोट से लेकर वाया जालंधर, सरहिंद होते हुए दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान जब रात के लगभग 12:30 से 1 बजे के बीच सरहिंद से निकलकर बस जा रही थी, तो कंडक्टर साइड वाली एक खिड़की पर भारी चीज के लगने से खिड़की का शीशा टूट गया और शीशे के कुछ अंश बस के अंदर बैठी महिला पर गिरे। बीते कुछ दिनों से चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच बस के अंदर बैठी सवारियों सहित सभी लोगों के अंदर डर की स्थिति पैदा हो गई। ऐसे में ड्राइवर ने गाड़ी को भगाना ही उचित समझा। परिचालक के अनुसार गाड़ी में उस समय कुल 30 सवारियां बैठी थीं। मोहित अवस्थी ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल उन्होंने अपने उच्च अधिकारियों को दी। वहीं, पठानकोट डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक राजेश सागर को सरहिंद भेज दिया गया है। इस विषय में सरहिंद पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई जा रही है। ज्ञात रहे कि इससे एक दिन पहले होशियारपुर में भी निगम की बसों पर खालिस्तान समर्थकों ने जबरन जरनैल सिंह भिंडरावाले के पोस्टर चस्पां दिए थे। (अनंत ज्ञान)

## सुक्खू सरकार का बजट खोखले वादों का पिटारा : उमेश दत्त शर्मा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश दत्त शर्मा ने आज हिमाचल की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को जन अपेक्षाओं से कोसों दूर व खोखले दावों का पिटारा बताते हुए कहा कि बजट के नाम पर मुख्यमंत्री ने सिर्फ़ बजट प्रस्तुत करने की औपचारिकता मात्र की है।

उन्होंने कहा कि इस बजट से प्रत्यक्ष रूप में यह पता चलता है कि झूठे वादे करके सत्ता में आई कांग्रेस ने जनता के साथ वादे पूरे न करके विश्वासघात किया है। उमेश दत्त ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनावों के समय जनता से किये गए अपने ही वादे से मुकर गई है 10 गारंटियों के नाम पर इस बजट में कुछ भी ऐसा नहीं दिखाई दे रहा है जिससे एक गारंटी भी पूरी होती नजर आए। जहां सुख की सरकार ने सत्ता में आने से पहले पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियों के प्रावधान की बात कही थी वहां तीसरे बजट आते–आते यह संख्या 25000 नौकरियों तक ही सीमित रह गयी है जिससे ये वादा भी आने वाले समय में पूरा होने वाला नहीं दिखाई दे रहा है। सुख की सरकार से जहां युवा वर्ग दु:खी है, वहीं कर्मचारी इस बजट से अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। डीए की किस्त न जारी होना तथा पेंशनर्स के बारे में कोई चिंता ना करना हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशन धारकों के साथ अन्याय है। मूलभूत सुविधाओं एवं इंफ्रास्ट्रक्चर पर इस बजट में दूर–दूर तक भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।

## सुरेश बने पेंशनर्स वेलफेयर संघ के अध्यक्ष

### संघ ने 6 नए ब्लॉकों और 4 नई शहरी इकाइयों का किया गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला कांगड़ा का त्रिवार्षिक चुनाव धर्मशाला में चुनाव अधिकारी हरमेश राणा, जिला प्रधान ऊना की अध्यक्षता व देखरेख में कराया गया और पर्यवेक्ष के तौर पर मदन शर्मा, भूप राम वर्मा, गंगा राम शर्मा और दीप राज शर्मा जिला शिमला से उपस्थित रहे। इन चुनावों में सुरेश ठाकुर को फिर से प्रधान चुना गया, जबकि वारिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, राजिंदर जरियाल, गुरदेव भारती और मनमोहन पठानिया, महासचिव रविंदर राणा कोषाध्यक्ष सेठ राम, मुख्य संरक्षक श्रुती पॉल शर्मा, बीएस महाल, देश राज टौंक, और हंस राज पाद्धा, अतिरिक्त महासचिव व हरनारायण सिंह ठाकुर, मुख्य सलाहकार व प्रभात चौधरी, डॉक्टर विजय शर्मा, नरिंदर थकयाल, अनिल डोगरा, सुरेश पठानिया, प्रभात शर्मा, सरवन गुलेरिआ, उपाध्यक्ष सुरेंदर धीमान, घनश्याम गुलेरिया, पवन धीमान, विजय परमार, ईश्वर चौधरी, संगठन सचिव चंडी दत्त शर्मा, साहिब सिंह, गिरधारी लाल, राय सिंह कंवर, सुरेश चौहान, सलाहकार प्रेम शर्मा, रोशन सहोत्रा, अश्वनी कौल, बाबू राम चैधरी, डॉक्टर निखिल गुप्ता, फौजा सिंह, राम स्वरूप शर्मा, प्रेस सेक्रेटरी, संजय शर्मा, लेखाकार मुबारक हिंदोस्तानी को चुना गया। जिला महिला विंग का भी गठन किया गया, जिसमें इंदिरा जग्गी को प्रधान, सुभासना भारती, राधा सूद, रमन बाला और चंपा भारद्वाज को उपप्रधान, सुमन गुरंग, रंजना थापा व सुनीता को संगठन सचिव चुना गया। चुनाव से पहले सुरेश ठाकुर जिला प्रधान कांगड़ा ने पिछले तीन वर्ष की गतिविधियों की जानकारी दी और बताया कि पिछले तीन वर्षों में जिला कांगड़ा में संघ में 6 नए ब्लॉकों और 4 नए शहरी इकाइयों का गठन किया गया और आज की तारीख में कांगड़ा जिले में 20 ब्लॉकों और शहरी इकाइयों में संघ की इकाइयां हैं और 10,000 से ज्यादा सदस्य हैं। पूरे प्रदेश में जिला कांगड़ा के मुकाबले दूसरे जिलों में इतना बड़ा संगठन नहीं है।

## नशे पर की कार्रवाई में 10 एफआईआर, 17 आरोपियों को किया गिरफ्तार : मयंक चौधरी

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी बुधवार को कहा कि अपराध, नशे के खिलाफ कार्रवाई और कानून व्यवस्था पर पुलिस की पूरी नजर है। उन्होंने बताया कि देहरा पुलिस ने 'कानून विद्यालय' नामक एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य आम जनता और पुलिस के बीच संवाद, विश्वास और समन्वय को मजबूत करना है।

एसपी मयंक चौधरी ने जानकारी दी कि इस वर्ष 1 जनवरी से अब तक पुलिस जिला देहरा में एनडीपीएस एक्ट के तहत 10 मामले दर्ज किए गए हैं। देहरा पुलिस स्टेशन में 4 केस, हरिपुर पुलिस स्टेशन में 3 केस, ज्वालामुखी पुलिस स्टेशन में 2 केस और रक्कड़ पुलिस स्टेशन में 1 केस दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में 1.309 किलोग्राम चरस, 25.95 ग्राम चिट्टा और 180 अफीम के पौधे बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सभी 10 एफआईआर में कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। देहरा पुलिस जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के फायदे बताए

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

फसल कटाई प्रयोग एक ऐसी विधि है, जिससे किसी भी क्षेत्र में फसलों की औसत पैदावार का अनुमान लगाया जाता है। यह प्रयोग कृषि विभाग द्वारा कृषि अधिकारियों तथा राजस्व अधिकारियों के माध्यम से किया जाता है। इससे फसल बीमा का मुआवजा तय करने में मदद मिलती है। यह जानकारी देते हुए डॉ. कुलदीप धीमान उप कृषि निदेशक जिला कांगड़ा ने बताया कि 18 मार्च को धर्मशाला में राजस्व अधिकारियों के लिए तथा 19 मार्च को पालमपुर में कृषि अधिकारियों के लिए फसल कटाई प्रयोग का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डॉ. धीमान ने बताया कि फसल कटाई प्रयोग करने से यह अनुमान लगाया जाएगा कि अलग–अलग क्षेत्रों में इस रबी मौसम में कितनी पैदावार हुई और जिन क्षेत्रों में गेहूं व जौ की पैदावार औसत से कम आंकी जाएगी, उस क्षेत्र के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत औसत पैदावार से कमी के अनुपात में मुआवजा राशि दी जाएगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की सबसे अच्छी बात यह है कि किसानों को मुआवजा लेने के लिए कोई प्रार्थना पत्र नहीं देना पड़ता है। गेहूं और जौ की फसल की पैदावार के आंकलन के उपरांत पात्र किसानों के बैंक खाते में मुआवजा राशि कंपनी द्वारा स्वत: ही डाल दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस रबी मौसम में जिला कांगड़ा के किसानों के खेतों में गेहूं और जौ की फसल में 960 फसल कटाई प्रयोग किए जाएंगे। इसमें से 822 फसल कटाई प्रयोग राजस्व अधिकारियों द्वारा तथा 138 फसल कटाई प्रयोग कृषि अधिकारियों किये जाएंगे जिन किसानों के खेतों में यह प्रयोग किए जाने है उन्हें संबंधित अधिकारी द्वारा कुछ ही दिनों में सूचित कर दिया जायेगा और चयनित किसानों से यह अपेक्षा होगी कि चयनित खेत की फसल की कटाई से एक सप्ताह पहले संबंधित अधिकारी को अवश्य सूचित करें।

### लंबित बिजली बिलों का भुगतान 25 मार्च तक करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विद्युत उपमंडल बैजनाथ अंतर्गत जिन उपभोक्ताओं ने अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया है, वह 25 मार्च तक बिलों का भुगतान कर दें, नहीं तो बिना किसी सूचना के बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। यह जानकारी ई. दान सिंह वर्मा सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल बैजनाथ ने दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपने बिल का भुगतान कंज्यूमर आईडी (उपभोक्ता संख्या) के माध्यम से हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की वेबसाइट में डेबिट कार्ड बैंक खाता नेटवर्किंग पेटीएम, गूगल पे या अन्य माध्यम में जो विभाग द्वारा मान्य है, इससे अपना बिजली का बिल जमा करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता अपने लंबित बिजली बिलों के भुगतान विद्युत उपमंडल बैजनाथ के कार्यालय में भी करवा सकते हैं।

## राज्य स्तरीय लिदबड़ मेला 24 से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पांच दिवसीय लिदबड़ मेले के प्रबंधों को लेकर नगरोटा बगवां के ओबीसी भवन में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी सम्मिलित हुए। मेले के चेयरमैन एस डी एम मुनीश शर्मा ने कहा कि इस पांच दिवसीय मेले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 24 मार्च को राज्य स्तरीय मेले का शुभारंभ जिला उपायुक्त हेम राज बैरवा सुबह करीब 11.30 पर करेंगे। इसके पश्चात माता नारदा शारदा मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद कुश्ती ग्राउंड में झंडा रस्म अदा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 मार्च को महिलाओं का दिन रहेगा, जिसमें पांच महिला अधिकारी मुख्यातिथि रहेंगी। इसमें आईपीएस, एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री, आईएफएस वन संरक्षक अधिकारी बासु कौशल, एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा, एसडीएम पालमपुर नेत्री मैत्री, इसके अतिरिक्त अंजली गर्ग मुख्यातिथि रहेंगी। 25 मार्च को नाटी किंग कुलदीप अपने गानों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। 26 मार्च को हर्मनी पुलिस बैंड लोगों का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को तीन शक्तिपीठों माता चामुंडा, बज्रेश्वरी माता ओर मां ज्वालाजी से पवित्र ज्योति लाई जाएंगी। इस बार 40 पुलिस जवान मेले की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखेंगे। 27 मार्च को नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली मुख्यातिथि रहेंगे। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को ब्रज वासी एक घंटे तक फूलों की होली का आयोजन करेंगे। 27 मार्च को नए बस स्टैंड में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें मास्टर सलीम लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। इसके साथ ही कई नामी गायक भी लोगों का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी गाने का अवसर दिया जाएगा। वहीं, 28 मार्च को बड़ी कुश्तियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहलवान अपना पंजीकरण इस दिन सुबह 11 बजे तक करवा सकते हैं।

**भविष्यवाणी** तिब्बतियों के धर्मगुरु ने अपनी पुस्तक 'वॉयस फॉर द वॉयसलेस' में दिए चौंकाने वाले विवरण

## चीन और तिब्बत के बाहर होगा मेरा पुनर्जन्म: दलाईलामा

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाईलामा द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'वॉयस फॉर द वॉयसलेस' ने भू–राजनीतिक और आध्यात्मिक परिदृश्य में हलचल मचा दी है। इस बेहद निजी और चिंतनशील कार्य में तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने न केवल अपने लोगों की स्वायत्तता और सम्मान के लिए दशकों से चले आ रहे अपने संघर्ष को याद किया है, बल्कि एक अभूतपूर्व घोषणा भी की है। उनका अगला जन्म चीन और तिब्बत के बाहर होगा। यह पुस्तक तिब्बती लोगों के लिए विशेष रूप से नाजुक समय पर आई है, जब चीन दुनिया भर में अपनी सैन्य और आर्थिक ताकत दिखा रहा है, और तिब्बत के वृद्ध नेता यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि अन्य वैश्विक संकटों के बीच तिब्बतियों की स्वायत्तता के संघर्ष को भुलाया न जाए। यह कथन केवल एक आध्यात्मिक निर्णय नहीं है, बल्कि गहन राजनीतिक निहितार्थों वाला एक सुनियोजित कदम है।



दलाई लामा की हाल ही में आई किताब में चौंकाने वाले विवरण सामने आए हैं, जिससे कई लोगों में चर्चा और यहां तक कि अविश्वास भी पैदा हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दलाई लामा ने अपनी नई किताब 'वॉयस फॉर द वॉयसलेस' में खुलासा किया है कि उनका उत्तराधिकारी चीन से नहीं होगा। उनका जन्म चीन के बाहर हुआ होगा। दलाईलामा ने चीन के नेताओं के साथ अपनी तनावपूर्ण बातचीत का पहला विस्तृत विवरण दिया है, जिसमें माओ जेडोंग से मुलाकात शामिल है, जब वह सिर्फ 19 साल के थ और राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य चीनी अधिकारियों के साथ संवाद करने के उनके हालिया प्रयासों तक। इसमें तिब्बत की अनूठी संस्कृति, धर्म और भाषा को संरक्षित करने और चीनी शासन के तहत रहने वाले तिब्बतियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दलाईलामा के प्रयासों पर भी चर्चा की गई है। इसे चुनौती दी गई है और तिब्बत के आध्यात्मिक नेतृत्व पर बीजिंग के अधिकार पर सवाल उठाए गए हैं। यह पुस्तक 11 मार्च (मंगलवार) को जारी की गई। यह पुस्तक दलाईलामा के चीनी नेताओं के साथ व्यवहार का ऐतिहासिक विवरण प्रदान करती है और उनकी मृत्यु के बाद तिब्बत के भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करती है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने एडीजी के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुक्खू ने अतिरिक्त महाधिवक्ता (एडीजी) दिलीप शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। दिलीप शर्मा का 49 वर्ष की आयु में मंगलवार सायं पीजीआई चंडीगढ़ में बीमारी के कारण निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिलीप शर्मा का इतनी कम उम्र में आकस्मिक निधन अत्यंत दुखद है।

### चायल कोटी में 30 युवाओं ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** लायन क्लब शिमला और राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को कॉलेज परिसर में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्रित होने के अतिरिक्त 100 से अधिक विद्यार्थियों व स्टाफ के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल की डॉ. गंगा शर्मा ने अपनी टीम सहित अपनी सेवाएं प्रदान की गई।

### दिशाहीन व निराधार बजट: शशि बाला

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** रोहडू विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में रही भाजपा प्रत्याशी एवं भाजपा नेत्री शशि बाला ने बुधवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रदेश के सीएम सुक्खू द्वारा पेश



किया बजट खोखला, दिशाहीन व निराधार है। उन्होंने बताया कि बजट में किसान, बागवान, मध्यम वर्गीय परिवार एवं आम जनमानस के लिए बजट में किसी तरह की सहूलियत नहीं दी गई है। बजट में 5 हजार करोड़ रुपए की सेब बागवानी की कोई बात नहीं की गई है। सुक्खू सरकार ने बजट में किसान व बागवानों के लिए खाद व कीटनाशक पर किसी तरह के उपदान का प्रावधान नहीं किया है। बजट में मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए किसी भी तरह की रियायत नहीं दी गई है।

### बागवानों व युवाओं को ठगने वाला बजट : सुशील

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** प्रदेश उपाध्यक्ष व शिमला संसदीय क्षेत्र प्रभारी युवा मोर्चा सुशील कदशोली ने कहा हिमाचल सरकार के बजट 2025-26 में लोगों को कुछ खास नहीं मिला। बागवानों, किसानों और युवाओं को ठगने वाला बजट है। पिछले बजट से अब तक बजट में घाटा लगातार बढ़ रहा है। इस बजट को लेकर प्रदेश के लोगों ने जो आशाएं लगाई थी वह पूरी तरह से विफल रही। युवाओं के रोजगार के लिए कोई चिंता नहीं और मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना में रोजगार के लिए कोई नया प्रस्ताव नहीं दिए गए। प्रदेश का बजट निराशाजनक व दिशाहीन है, 58515 करोड़ का बजट 2025-26 और 2024-25 में 58444 करोड़ का बजट सिर्फ 70 करोड़ की बढ़ोतरी की। बजट में बागवानों को निराशा हाथ लगी है।

### 'देख तेरे नखरे वाह भाई वाह' ने मचाई धूम



**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** 'देखे तेरे नखरे वाह भाई वाह' नामक पहाड़ी एल्बम ने इन दिनों यू-ट्यूब और सोशल मिडिया पर धूम मचा रखी है। लोगों द्वारा इस पहाड़ी एल्बम को काफी पसंद किया जा रहा है। बता दें कि गीत में स्वर मशोबरा ब्लॉक के पीरन गांव के उभरते युवा कलाकार कुलदीप कालटा ने दिया है तथा इनके साथ युवा महिला कलाकार रंजना कौशल ने अभिनय किया है। इस पहाड़ी एलबम को प्रभात माशटा के निर्देशन में तैयार किया गया है। इस गीत की स्वर लिपि बबलू बॉबी द्वारा लिखी गई है। इस गीत की रिकॉर्डिंग आईकन स्टूडियो करसोग व इसका फिल्मांकन ठियोग के समीप मतियाना की सुन्दर वादियों में किया गया है।

### 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम लांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से क्रैक अकादमी ने जिले में 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। इस पहल के तहत प्रदेशभर के 6, 800 छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। बुधवार को बिलासपुर पहुंची क्रैक अकादमी की टीम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान जिले में स्कॉलरशिप प्रोग्राम लांच करने की घोषणा की। इस पहल के तहत प्रदेशभर के 6,800 छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी।

### तीन छात्र इंस्पायर मानक अवॉर्ड के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के मैहरी काथला क्षेत्र में स्थित नवालोक आदर्श विद्यालय खनसरा (मैहरी) के तीन मेधावी विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा संचालित इंस्पायर मानक अवॉर्ड में अपनी जगह बनाई है। चयनित विद्यार्थियों में विद्यालय की दसवीं कक्षा की गौरी शर्मा, आदित्य कुमार मन्हास एवं दिव्यांश शामिल हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक बीएल धर्माणी ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि इस अवार्ड के लिए विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ। हैं। यह विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं विज्ञान शिक्षकों नितिन राणा व सुमन चंदेल को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित एक अभिनव कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी विद्यालयों से विद्यार्थियों के वैज्ञानिक आइडिया के नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। इन नामांकनों में विद्यार्थियों को अपने विचारों का शीर्षक, उद्देश्य, लाभ एवं उनके समाज के लिए उपयोगिता का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करना होता है।

### सरकार ने पेंशनर्स के साथ किया अन्याय : हुकम

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने 17 मार्च, 2025 को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किए गए बजट पर घोर निराशा जताई है। एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान आत्माराम शर्मा, महासचिव ठाकुर हुकम सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान हरीश शर्मा, हरिदत्त शर्मा व सुरेश ठाकुर, मुख्य सलाहकार जे के नड्डा, लेख राज राणा व केडी शर्मा, उपप्रधान सुन्दर सिंह ठाकुर, श्रुतिपाल शर्मा व सेस राम ठाकुर तथा समस्त 12 जिलों के प्रधानों व महासचिवों ने बजट पर प्रति क्रिया देते हुए कहा है कि सरकार ने जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पैन्शनर्ज के साथ घोर अन्याय किया है जिनका लाखों रूपए की देनदारियां सरकार के पास लंबित है।

### सूखा एवं गीला कचरा प्रबंधन के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर परिषद बिलासपुर में 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' परियोजना के अंतर्गत एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में केंद्र सरकार से आई विशेषज्ञ टीम ने सूखा एवं गीला कचरा निस्तारण के प्रभावी तरीकों पर जानकारी दी और स्वच्छता योजना के क्रियान्वयन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने कचरा प्रबंधन के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके उसका सही निस्तारण किया जा सकता है। इसके अलावा, कचरे के पुनः उपयोग और रिसाइक्लिंग तकनीकों पर भी चर्चा की गई। टीम ने नगर परिषद क्षेत्र में व्याप्त सफाई व्यवस्था का भी मूल्यांकन किया और सुधार के सुझाव दिए। कार्यशाला में नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम, पार्षद मनोज पिल्लई, नवीन कुमार, संतोष जोशी, नरेश सहित अन्य पार्षदों और जिला की चारों नगर परिषदों के कर्मचारी व सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूर्व मंत्री हार के सदमे से बाहर नहीं निकल पाए

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग अभी भी अपनी हार के सदमे से बाहर नहीं निकल पाए हैं तथा अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन तलाशने के लिए निरंतर झूठ का सहारा ले रहे हैं तथा कर्मचारियों को डरा धमकाकर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह बात प्रेस को जारी बयान में ग्राम पंचायत हंबोट के प्रधान नंदलाल, घंडालवीं से सरला चौहान, बरोटा से सुशील कुमारी, दधोल से कंचन उप प्रधान पुरुषोत्तम, कसारू से अंजना शर्मा व अमरजीत, संडयार से सुमन चंदेल,कपाहड़ा से कांता देवी,सेऊ से पवन कुमार, पट्टा से रवि ठाकुर, अमरपुर से दीना नाथ, पनौल से धर्मपाल ठाकुर, दकड़ी से मस्त राम राणा व पवन जम्वाल, घुमारवीं से अनिता, कोठी से नंदलाल, त्यून खास से तिलक राज, लंजता से अजय ठाकुर आदि ने कहा कि हकीकत यह है कि जब से पूर्व मंत्री चुनाव हारे हैं तभी से ये लोग पंचायतों के कार्यों में रोड़ा अटकाने की नाकाम कोशिशें कर रहे हैं, ताकि पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों को रोका जा सके।

# 36 रेहड़ी-फड़ी वालों के काटे चालान

## नप रोहडू ने मिश्रित गीला और सूखा कूड़ा रखने पर 5 दुकानदारों पर भी की कार्रवाई

**दशमी रावत, रोहडू**

**नगर** परिषद रोहडू ने बुधवार को शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण के लिए एक सख्त अभियान चलाते हुए सड़क पर अवैध रूप से लगाई गई रेहड़ी-फड़ी और अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है। इस दौरान सफाई निरीक्षक मनोज चौहान की अगुवाई में नगर परिषद की टीम ने अवैध अतिक्रमण, कूड़ा-कचरा प्रबंधन में लापरवाही और सड़क पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं।

नगर परिषद ने कुल 42 चालान जारी किए, जिसमें अवैध रूप से लगाई गई रेहड़ी फड़ी के लिए 36 चालान किए गए। वहीं मिश्रित (गीला और सूखा) कूड़ा-कचरा रखने के लिए 5 चालान किए गए। एक चालान सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले दुकानदार पर किया गया। नगर परिषद के अधिकारियों ने दुकानदारों और फड़ी संचालकों से अपील की है कि वे तुरंत प्रभाव से अवैध रूप से अपनी दुकानें और रेहड़ी फड़ी लगाना बंद करें। नगर परिषद ने यह भी पाया कि शाम के समय कुछ दुकानदार अब भी कचरा सड़कों पर फेंक रहे हैं। जिससे न केवल गंदगी फैल रही है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। इस पर सफाई निरीक्षक ने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि किसी किसी दुकानदार ने सडक पर कचरा फेंका तो उसके खिलाफ कडी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **अनंत ज्ञान**



*नगर परिषद रोहडू के अधिकारी अवैध रेहड़ी-फड़ी वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए।*

### आने वाले दिनों में और तेज होगा अभियान : मनोज

**सफाई** निरीक्षक मनोज चौहान ने स्पष्ट किया कि यह अभियान सिर्फ एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा। बल्कि आने वाले दिनों में और तेज गति से चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है। जिसके लिए सड़कों पर बेतरतीब ढंग से लगाई गई अवैध दुकानों को हटाया जाएगा और कचरा प्रबंधन को दुरुस्त किया जाएगा।

## आज किसान सभा करेगी विधानसभा को कूच : तंवर

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** गरीब किसानों की भूमि के ज्वलंत मुद्दों को लेकर हिमाचल किसान सभा 20 मार्च को विधानसभा की ओर मार्च करेगी। जिसमें प्रदेशभर से हजारों की संख्या में किसान भाग लेंगे। किसान सभा के



राज्य अध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने जारी बुधवार को जारी बयान में कहा कि किसानों की यह विशाल रैली पंचायत भवन से शुरू होकर विधानसभा को कूच करेगी, जहां पर किसानों की भूमि से संबधित ज्वलंत मुद्दों बारे सरकार को अवगत करवाया जाएगा। जिसमें जमीन से जुड़े मुद्दे विशेष रूप से शामलात, खुदरा-ओ-दरखतान, मलकियत सरकार, चकोतेदार, नौतोड़ के नियमितीकरण, जनजातीय क्षेत्रों में वन अधिकार कानून का सही ढंग से लागू न होना, विस्थापिता गद्दी, गुजरों इत्यादि सहित मुद्दे भी उठाए जाएंगे।

## कहीं विमल पर कोई अनैतिक काम करवाने का दबाव तो नहीं था : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपा** नेता एवं पूर्व चेयरमैन सूरत नेगी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। प्रदेश पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता विमल नेगी का शव आठ



दिन बाद बिलासपुर जिले के पुलिस थाना तलाई के तहत पपलाह पंचायत के गाह गांव में गोबिंदसागर झील के किनारे मिला। देर शाम नेगी के स्वजन एसपी शिमला के कार्यालय पहुंचे और जांच की मांग की। नेगी ने सरकार पर प्रश्न उठते हुए कहा कि कहीं विमल नेगी पर कोई अनैतिक काम करवाने के लिए दबाव तो नहीं था? अगर इसमें कोई उच्च अधिकारी संलिप्त है तो उसके खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी।

उन्होंने कहा कि स्वजनों ने एसपी शिमला से मुलाकात के दौरान अंदेशा जताया है कि विमल नेगी को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया गया है। हम यकीन है कि इस पूरी वारदात में पावर कारपोरेशन के कुछ अधिकारियों के नाम भी शिकायत के तौर पर शामिल है। शिमला में सदर थाना में 10 मार्च की रात करीब नौ बजे मामला दर्ज हुआ और उनकी तलाश शुरू की गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पता चला कि लिफ्ट के पास से वह टैक्सी में बैठकर कहीं निकल गए। उन्हें आखिरी बार घुमारवीं में देखा था।

### सीबीआई जांच हो

**नेगी** ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और अच्छा होगा अगर इस पूरे मामले को सीबीआई जांच हो। नेगी ने कहा कि क्या इस पूरे मामले कोई ऊना जिला से संबंधित सोलर प्रोजेक्ट तो घेरे में नहीं आ रहा? अगर आ रहा है तो उस प्रोजेक्ट से संबंधित सभी दस्तावेजों की स्वतंत्र एजेंसी द्वारा जांच होनी चाहिए।

## एकतरफा कार्रवाई करने पर विद्यार्थी परिषद ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हाल ही में एचपीयू में छात्र संगठनों के बीच लगातार तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इस संदर्भ में शिमला पुलिस द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं पर की जा रही एकतरफा कार्रवाई के विरोध में बुधवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश सह मंत्री दिशांत जरयाल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि शिमला पुलिस लगातार एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही है, जबकि एसएफआई के असामाजिक तत्व विश्वविद्यालय में खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं। दिशांत जरयाल ने बताया कि बीते एक महीने से एसएफआई के गुंडों द्वारा एबीवीपी की छात्रा कार्यकर्ताओं पर अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं और छात्राओं के साथ लगातार छेड़छाड़ जैसी घटनाएं सामने आई हैं।

# चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत पर आक्रोश

## बिलासपुर में विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों का प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में एचपीसीएल के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने नया मोड़ ले लिया है। झंडूता उपमंडल के गाघोड़ी क्षेत्र में भाखड़ा डैम से बरामद उनके शव का बुधवार को एम्स कोठीपुरा में पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद दोपहर 12:35 बजे एंबुलेंस के माध्यम से शव को शिमला भेज दिया गया।

पोस्टमार्टम के दौरान बिलासपुर विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार से मामले की सीबीआई जांच व एसआईटी गठित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने विमल नेगी अमर रहे और हरिकेश मीणा मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए एचपीसीएल के डायरेक्टर हरिकेश मीणा पर गंभीर आरोप लगाए।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

बिलासपुर विद्युत कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि एचपीसीएल के डायरेक्टर हरिकेश मीणा की प्रताड़ना के चलते विमल नेगी ने यह कदम उठाया। संगठन के अनुसार, विमल नेगी लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान थे और उन्होंने कई बार अपनी परेशानी जाहिर की थी, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से हरिकेश मीणा को तत्काल निलंबित करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विमल नेगी के परिजनों का कहना है कि इस मामले में दोषियों को जल्द से जल्द सस्पेंड किया जाए और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

परिवार का आरोप है कि यह महज एक आत्महत्या नहीं बल्कि मानसिक प्रताड़ना का नतीजा है, जिसकी गहन जांच होनी चाहिए। इस पूरे मामले को लेकर सरकार और प्रशासन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की मांग है कि सीबीआई जांच से ही सच सामने आ सकता है। वहीं, पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है और कई पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तथ्यों को खंगाला जा रहा है।

## परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच बिलासपुर ने इस वर्ग के देय वित्तीय लाभों की अदायगी में हो रही देरी पर गहरा रोष जताया है। संगठन का कहना है कि निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के बजट से बड़ी उम्मीदें लगा रखी थीं, लेकिन निराशा और मायूसी के सिवा उन्हें और कुछ भी नहीं मिला है। इस तरह के रवैये से सरकार निगम के पेंशनर्स को संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले संघर्ष करने के लिए मजबूर कर रही है। बुधवार को संगठन के जिला अध्यक्ष श्याम राणा की अध्यक्षता में एचआरटीसी वर्कशॉप बिलासपुर के परिसर में स्थित मंदिर के प्रांगण में आयोजित बैठक में कई मसलों पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 11 फीसदी डीए वर्ष 2023 से पेंडिंग है। 2016 के बाद रिटायर हुए कर्मचारियों को नए वेतनमान के एरियर के साथ ही कई अन्य वित्तीय लाभों का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। आलम यह है कि पिछले साल मार्च के बाद रिटायर हुए कर्मचारियों को अभी तक कोई भत्ता मिलना तो दूर, पेंशन तक मिलनी शुरू नहीं हुई है। इससे परिवार का पालन-पोषण करना उनके लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनत्थर के मिडल स्तर के 25 छात्र एवं छात्राओं ने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण साइंस सेंटर पालमपुर का किया। यह शैक्षणिक भ्रमण राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत किया गया, जिसमें बच्चों के साथ पाठशाला के तीन अध्यापक सीमा देवी, अंजना कुमारी एवं आदर्श कुमार भी साथ रहे।

## नालियों पर जल्द लगाए जाएं जाले

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता बाजार में खुली नालियां दुकानदारों और ग्राहकों के लिए मुसीबत बन चुके हैं। व्यापार मंडल झंडूता के प्रधान प्रशांत शर्मा ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने पहले कुछ दुकानों के सामने नालियों पर लगी जालियों को हटा दिया था। अब जबकि दुकानों का काम पूरा हो चुका है, तो विभाग को इन्हें फिर से लगाना चाहिए। खुली नालियों के कारण कई लोग गिर चुके है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। प्रशांत शर्मा ने बताया कि खुली नालियों में कूड़ा-कचरा फंसने से गंदगी फैल रही है। इससे मच्छर और मक्खियां पनप रही हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। गर्मी के मौसम में बदबू और बीमारियों की संभावना को देखते हुए व्यापारियों ने प्रशासन से नालियों पर जल्द जाले लगाने की मांग की है।

## स्पेशल ओलंपिक्स विंटर गेम्स

# विजेता खिलाड़ियों-प्रशिक्षकों का ढोल-नगाड़ों से स्वागत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

चेतना संस्था बिलासपुर में इटली के तुरिन में हुई स्पेशल ओलंपिक्स विंटर गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के लिए भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

गुरुद्वारा चौक से डे केयर सेंटर बिलासपुर तक स्वागत रैली का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के सभी विशेष बच्चों, विशेष शिक्षकों, डिप्लोमा प्रशिक्षुओं व अभिभावकों सहित समस्त पदाधिकारियों व आम जनमानस ने सम्मिलित होकर खिलाड़ियों का फूलमालाओं व गुलाल लगाकर ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया। अजय शर्मा कार्यक्रम प्रबंधक स्पेशल ओलंपिक हिमाचल प्रदेश ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपक ठाकुर ने एल्पाइन स्कींग में स्वर्ण पदक एवं शालिनी चौहान ने स्नो शूइंग में एक रजत पदक और एक कांस्य पदक हासिल किया। इसके इलावा शुभम शर्मा ने क्रॉस कंट्री स्कींग और शिवांजलि ने एल्पाइन स्कींग में प्रतिभाग लिया।

### चेतना संस्था बिलासपुर में हुआ स्वागत समारोह

इस अवसर पर चेतना संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, सुधीर गौतम, व चेतना संस्था प्रबंधन समिति के सदस्य ओम प्रकाश गर्ग, सुरेश नड्डा, प्रमोद शर्मा, ममता हांडा, संतोष जोशी सहित चेतना संस्था के प्रशासनिक प्रबंधक कश्मीर सिंह ठाकुर, पवन चंदेल कानूनी सलाहकार, निदेशक अरुण कुमार गौतम व समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## नेरवा में डीजल, बैटरी चोरी की शिकायत दर्ज

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** नेरवा थाना में एक चोरी का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार ए क्लास सरकारी ठेकेदार मंजुल चौहान ने नेरवा थाना में एक व्यक्ति पर उनकी एनएनटी से डीजल व रोड रोलर से बैटरी चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया है कि वह एक सरकारी ठेकेदार है व इन दिनों वह चाड़वाधार से गोंचा सड़क के निर्माण का कार्य कर रहे है। सड़क निर्माण के कार्य में उन्होंने अपनी मशीनरी लगाई हुई है। बीती रात करीब दस बजे उनके ड्राइवर धीरज वाहन की आवाज सुन कर साइट पर आया तो विनयामिन पुत्र मसर दीन के वाहन संख्या यूके 16 सीए/0133 को वहां पर पाया। इसके बाद मशीनरी की जांच करने पर एलएनटी का ताला टूटा हुआ था तथा इससे से करीब 70 लीटर डीजल व रोड रोलर की बैटरी गायब पाई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी गई है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## चौपाल में मारपीट मामले में एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, चौपाल,नेरवा।** चौपाल थाना में मारपीट का एक मामला दर्ज किया गया है। गौतम पुत्र रोशन लाल, निवासी थलोग,डाकघर चंबी ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि अपने परिवार की मौजदगी में अपनी दूकान पर जलेबी बना रहा था। इस दौरान कुलदीप ठाकुर का पालतू कुत्ता उनकी दुकान पर आया। उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने कुत्ते का प्रयास किया। इसी समय कुत्ते के मालिक ने दुकान पर आकर उनके भाई गौरवेश, आदित्य एवं उनके साथ मारपीट की व उनकी माता को गालियां दी और साथ ही जान से मरने की धमकी भी दी। गौतम की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## चौपाल में पकड़ी अवैध शराब की 588 बोतलें

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल में पुलिस ने एक व्यक्ति से 558 बोतल अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार एसएचओ चौपाल अंबी लाल पुलिस टीम के साथ चौपाल बाजार में गश्त पर थे। इस दौरान अली जनरल स्टोर के समीप अनिल कुमार के कब्जे से 46 पेटी संतरा नंबर वन देसी शराब एवं तीन पेटी ऑफिसर चॉइस अंग्रेजी शराब की बरामद की। पुलिस टीम ने अवैध शराब को अपने कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम की धारा 39(1) ऐ के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे सरकार: चंदेल

**अनंत ज्ञान,चौपाल/नेरवा।** राज्य के 43 हजार कर्मचारी ऐसे हैं जिन्हें जनवरी 2016 से 2022 तक का छठे वेतन आयोग के अनुसार संशोधित वेतनमान की बकाया राशि को देने का इस बजट में कोई भी प्रावधान नहीं रखा गया है। सयुंक्त सचिव हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन रविंद्र चंदेल ने कहा कि यह एक गंभीर विषय है जिस पर प्रदेश सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए अन्यथा सरकार को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

## शतरंज में द्वितीय वर्ष से अनीशा ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहडू में छात्राओं के लिए अंतर-खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर की छात्राओं ने भाग लिया। इसमें क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन और इंडोर खेल जैसे शतरंज व कैरम का आयोजन किया गया। क्रिकेट में प्रथम वर्ष, वॉलीबाल में तृतीय वर्ष, कबड्डी में तृतीय वर्ष, बैडमिंटन एकल में प्रथम वर्ष से संस्कृति मछान, बैडमिंटन युगल में भी प्रथम वर्ष से संस्कृति मछान व मन्नत, हैंडबॉल में तृतीय वर्ष, शतरंज में द्वितीय वर्ष से अनीशा, टेबल टेनिस में भी प्रथम वर्ष से संस्कृति मछान, कैरम में तृतीय वर्ष से श्रेया ने जीत हासिल की। संस्थान के प्राचार्य प्रोफ. विवेक कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## सरैन स्कूल में बाल मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान,चौपाल/नेरवा।** सरैन स्कूल में बाल मेला, सड़क सुरक्षा और मादक पदार्थों के सेवन व लत कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पुलिस थाना चौपाल से एएसआई सुखदेव सिंह व अन्य पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यातायात के नियमों के उल्लंघन के कारण अनेक युवाओं को अपने बहुमूल्य जीवन की कुर्बानी देनी पड़ी है। उन्होंने अलग-अलग गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।

**सुरक्षा** | गोलीकांड के बाद बिलासपुर नलवाड़ी मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, दो पुलिस रिजर्व टीमें तैनात

# ड्रोन और सीसीटीवी से रखी जाएगी पैनी नजर : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व विधायक पर हुए गोलीकांड के बाद प्रशासन ने नलवाड़ी मेले की सुरक्षा को और मजबूत कर दिया है। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने पुष्टि करते हुए बताया कि मेले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

बिलासपुर के ऐतिहासिक नलवाड़ी मेले में इस बार सुरक्षा व्यवस्था पहले से अधिक चाक-चौबंद की गई है। मेले में दर्जनों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा, ड्रोन कैमरों की भी तैनाती की गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाया जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए दो पुलिस रिजर्व टीमों को मेले में तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष गश्त और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।



प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सुरक्षा के दृष्टिगत, बैग और संदिग्ध सामान की चेकिंग भी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 15 मार्च को हुए गोलीकांड के बाद नलवाड़ी मेले की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने ये सख्त कदम उठाए हैं, ताकि मेला शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।

बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में प्रेसवार्ता करते हुए उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने जानकारी देते हुए बताया कि वीरवार को पहली सांस्कृतिक संध्या होगी। इसमें प्रसिद्ध पंजाबी गायक अखिल व इंडियन आइडल नितिन अपनी प्रस्तुति देंगे। जबकि 21 मार्च को अजय चौहान व गौरव कौंडल अपनी प्रस्तुति देंगे। इस सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। 22 मार्च को इंडियन आइडल फेम अंकुश भारद्वाज व शिल्पा सरोच, ममता भारद्वाज अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरेंगे।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। 23 मार्च को पंजाबी गायक कुलविंद्र बिल्ला मुख्य कलाकार होंगे, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री 23 मार्च को कोल डैम में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का शुभारंभ करेंगे। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि इसके साथ साथ आमजन की बेहतर सुविधा के लिए जिला प्रशासन व पुलिस विभाग ने बेहतर यातायात प्लान भी तैयार किया है। वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग स्थल चिन्हित कर लिए गए है। इसके अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में प्रदेश के पहले ग्रीन डीसी कार्यालय सोलर प्लांट अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग श्रेणी दो चौंपियनशिप का उद्घाटन शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### बजट में चंबा की अनदेखी पर 'आप' ने साधा निशाना



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने ज़िला चंबा की उपेक्षा पर गहरी नाराजगी जताते हुए इसे प्रदेश सरकार की 'सौतेली नीति' करार दिया। मनीष सरीन ने कहा कि 'मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश को समान दृष्टि से देखने का दावा करते हैं, लेकिन ज़िला चंबा की निरंतर अनदेखी उनके दावे को झुठलाती है।' उन्होंने सवाल उठाया कि जब बजट सत्र में हिमाचल के अन्य जिलों को बड़ी सौगातें दी जा रही हैं, तो चंबा का नाम तक क्यों नहीं लिया गया?

### विशेषज्ञों ने छात्रों से साझा किए अनुभव



**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के रिसर्च सेंटर द्वारा एक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को शोध के क्षेत्र में मार्गदर्शन देना और रिसर्च प्रपोजल तैयार करने की प्रक्रिया से अवगत कराना था। इस कार्यशाला का विषय 'रिसर्च प्रपोजल कैसे बनाएं' रखा गया, जिसमें विभिन्न शिक्षाविदों और शोध विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. विपिन राठौर (सेवानिवृत्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली), मुख्य वक्ता डॉ. मोहिंदर सलारिया (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, सलूणी) तथा संरक्षक प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, चंबा) मौजूद रहे। इस कार्यशाला में स्नातकोत्तर के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने संदेहों को दूर करने के लिए विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने रिसर्च को लेकर अपनी जिज्ञासाओं को स्पष्ट किया और इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त की।

### छात्रों ने आईटीआई जोगिंद्रनगर का किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय उच्च विद्यालय मथियाना तहसील पधर के विद्यार्थियों ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों को विभिन्न व्यवसायों की कार्यप्रणाली, आधुनिक तकनीकों और व्यावसायिक शिक्षा के महत्त्व की विस्तृत जानकारी दी गई। संस्थान के प्रशिक्षकों ने छात्रों को कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मैकेनिक वाहन, ड्रेस मेकिंग, सिलाई तकनीक, सतही अलंकरण तकनीक कुाई) और सौंदर्य विज्ञान (कॉस्मेटोलॉजी) जैसे विभिन्न व्यवसायों से अवगत कराया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उनके करियर निर्माण में सहायता प्रदान करना था।

### दो व्यक्तियों को 6-6 माह की कैद और जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश सचिन रघु की अदालत ने हेरोइन रखने के आरोप में दो व्यक्तियों को अलग-अलग धाराओं के तहत 6-6 माह की कैद और 20-20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने भोरंज के रोहाई गांव के उपेंद्र वर्मा पुत्र स्वर्गीय रामैल सिंह और अग्घार के चोक्कर गांव के राजीव कुमार पुत्र भरत राज को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत अपराध करने के लिए दोषी ठहराया है। अदालत ने एनडीपीएस की धारा 21 के तहत 6 माह की सजा और 20 हजार रुपए जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा सुनाई है। जबकि एनडीपीएस की धारा 29 के तहत 6 माह की सजा और 20 हजार रुपए जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा सुनाई है। दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी।

# निर्धारित मानदंडों के अनुरूप बनाएं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता : उपायुक्त

## फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिला में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट को प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने लोगों के स्वास्थ्य के लिहाज से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त बुधवार को ज़िला सलाहकार समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

मुकेश रेपसवाल ने विभाग के पास उपलब्ध मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब को कार्यशील बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने को भी कहा। साथ में उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि सभी हित धारकों में जानकारी और जागरूकता को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के विभिन्न प्रावधानों के तहत विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा दीपक आनंद ने बताया कि ज़िला में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 158 विक्रेताओं को फूड लाइसेंस जारी किए गए । इसके साथ अब तक 50 सामान्य तथा 130 सर्विलांस सैंपल जांच को भेजे गए हैं।

जारी वित्त वर्ष के दौरान ज़िला में 61 फूड बिजनेस ऑपरेटर इकाइयों का निरीक्षण भी किया गया। होटल, रेस्टोरेंट और अन्य फूड बेंडिंग स्थापनाओं से संबंधित जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024- 25 के दौरान 15 इकाइयों का हाइजीनिक रेटिंग से संबंधित ऑडिट पूर्ण किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ने फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी के साथ स्वागत संबोधन भी रखा।

बैठक में उप अधीक्षक पुलिस जितेंद्र चौधरी, उपनिदेशक उच्च शिक्षा भाग सिंह, उपनिदेशक कृषि भूपेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी राकेश कुमार, ओएसडी प्रारंभिक शिक्षा उमाकांत आनंद, अधीक्षक खाद्य आपूर्ति ज्योति सूर्या, व्यापार मंडल चंबा से नरेंद्र महाजन, वीरेंद्र महाजन प्रवीण कुमार सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# पुराना शीतला पुल पर 30 तक सभी वाहनों की आवाजाही बंद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पुराना** शीतला पुल पर 30 मार्च तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यह जानकारी उपमंडल अधिकारी (नागरिक) प्रियांशु खाती (आईएएस) ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। एसडीएम चंबा ने बताया कि 17 से 30 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक पुल को सभी वाहनों के लिए बंद रखा जाएगा। इस अवधि के दौरान सभी वाहन चालक एवं यात्री नए शीतला पुल का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता की ओर से पुल की आवश्यक मरम्मत को लेकर अनुरोध किया गया था। इसके तहत 17 से 30 मार्च तक मरम्मत कार्य किया जाएगा, जिससे पुल की संरचनात्मक मजबूती और दीर्घकालिक उपयोग सुनिश्चित हो सके।

**एसडीएम बोले- पुल की मरम्मत कार्य के कारण प्रतिबंध आवश्यक**

### एसडीएम की अपील नए पुल से करें यात्रा

**एसडीएम** चंबा ने कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान लोगों की सुरक्षा प्राथमिकता है। इसीलिए वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया गया है ताकि कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने स्थानीय निवासियों और यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित अवधि के दौरान नए शीतला पुल से यात्रा करें।




# रोटरी क्लब ने शुरू की वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान की मुहिम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**वरिष्ठ** नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उन्हें घर-द्वार सम्मान दिलाने के लिए रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने एक नई पहल शुरू की है। इस मुहिम का उद्देश्य बुजुर्गों को सम्मानित कर उन्हें जीवन के इस पड़ाव में विशेष खुशी का अहसास कराना है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल और असिस्टेंट गवर्नर एवं पूर्व अध्यक्ष अजय ठाकुर ने जानकारी दी कि शिक्षा, स्वास्थ्य, भारतीय सेना, किसान परिवार और सामाजिक सरोकारों में अहम योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को उनके घर पर जाकर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके जीवन के अनुभवों को साझा करने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक 80 वर्ष की आयु के लगभग 25 वरिष्ठ नागरिकों को रोटरी के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मानित किया गया है। इन बुजुर्गों को समाज के कर्णधार बताते हुए मौजूदा युवा पीढ़ी को उनके पालन-पोषण और सम्मान का महत्व समझाने का प्रयास किया गया है। रोटरी क्लब का मानना है कि इस मुहिम के सार्थक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। रोटरी क्लब ने उन बुजुर्गों के लिए भी एक विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है जो ओल्ड एज होम में अकेलापन महसूस कर रहे हैं। इस अभियान के तहत रोटरी क्लब उनके साथ समय बिताएगा और आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा।

### इनको भी किया गया है सम्मानित

रोटरी क्लब द्वारा पहले भी कई वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया है, जिनमें भारतीय सेना से कर्नल जी.सी. शाही, कैप्टन एम.एम. शर्मा, कैप्टन प्रधान सिंह, सुबेदार मेजर अर्जुन सिंह, नारद सिंह, शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिव राम, दौलत राम राठौर, बिजली विभाग से वंशी राम, ज्ञान विष्ठ, साधु राम, निकेश्वर सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डॉ प्रेम मरवाह, तथा सामाजिक सरोकारों में योगदान देने वाले ओम मरवाह, रमेश बंटा, कांशी राम शामिल हैं। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल ने कहा कि यह पहल समाज में बुजुर्गों के सम्मान को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे भी अपने घर और समाज में वरिष्ठ नागरिकों को पूरा सम्मान दें और उनकी देखभाल करें।

# ग्लोबल वार्मिंग एक संकट, रोकने के लिए अपनाएं गो ग्रीन की नीति : नवनीत चौफला

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राष्ट्रपति** वीरता पुरस्कार से सम्मानित और समाजसेवी नवनीत चौफला ने अनंत ज्ञान चैनल के विशेष साक्षात्कार में पर्यावरण से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाया। उन्होंने प्रशासन पर चिनार पौधरोपण के लिए वित्तीय सहायता देने से इनकार करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला।

चौफला ने चेतावनी दी कि ग्लोबल वार्मिंग एक विकराल संकट बन चुका है और इसे रोकने के लिए हमें 'गो ग्रीन' की नीति अपनानी होगी। उन्होंने कहा कि अगर आज हम जागरूक नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि समारोहों में शॉल, पहाड़ी टोपी और चम्याली थाल देने की परंपरा को बदलकर चिनार वृक्षारोपण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी मुख्य अतिथि के हाथों एक चिनार पौधा लगाया जाए, तो यह पर्यावरण संरक्षण का सबसे सस्ता और प्रभावी तरीका होगा।

### रावी नदी की दुर्दशा पर गहरी चिंता



**चौफला** ने चंबा की जीवनदायिनी रावी नदी की बदहाली पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने याद दिलाया कि यही वह नदी है, जिसके तट पर 31 दिसंबर, 1929 को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने पूर्ण स्वराज का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि रावी न केवल हमारे इतिहास का गवाह है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी है। दुर्भाग्यवश, आज यह नदी गंदगी का शिकार हो चुकी है। हमें इसे पुनर्जीवित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

### सिर्फ बातों से नहीं, अब काम करने का समय

**समाजसेवी** नवनीत चौफला ने लोगों और प्रशासन से अपील की कि रावी को स्वच्छ करने और चिनार पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि अगर हम अभी नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी।

# स्पाइस पार्क के खुलने से मिलेगा रोजगार

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

**नादौन** विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा में स्पाईस पार्क के खोलने की घोषणा से युवा वर्ग में एक बार फिर रोजगार प्राप्ति के लिए एक आशा किरण देखने को मिल रही है। स्पाईस पार्क के खुलने से जहां क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं के लिए रोजगार की प्राप्ति होगी बही क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी एवं उनमें कैश क्रॉप्स जैसे हल्दी, अदरक, धनिया, मेथी, मिर्च एवं अन्य ओर कई प्रकार की फसलों की पैदावार करने में भी रुझान बढ़ेगा। कस्बा बड़ा के चमराल (धरोड़) में खुलने बाले इस स्पाइस पार्क का शिलान्यास लगभग 11 वर्ष पहले यूपीए सरकार के पूर्व वाणिज्य मंत्री आनंद शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया था। एवम इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र की लगभग 120 कनाल भूमि भी इस पार्क. के नाम कर दी गई थी ओर इसके निर्माण के लिए 17 करोड़ बजट राशि की पहली. किश्त भी पूर्व वाणिज्य मंत्री द्वारा जारी कर दी गई थी एवडु उस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा इसे अपने ड्रीम प्रोजेक्ट का नाम दिया था लेकिन केंद्र में सत्ता परिवर्तन के बाद कस्बा बड़ा में खुलने वाले स्पाइस पार्क राजनीति की ऐसी भेंट चढ़, जिससे बह आज दिन तक उभर नहीं पाया। सीएम सुक्खू ने अपने इस ड्रीम प्रोजेक्ट कों सकारात्मक रूप देने के लिए एक बार फिर नए सिरे से पहल करते हुए अपने कदम आगे बढ़ाये हैं। इस स्पाइस पार्क को सकारात्मक रूप देने के लिए उन्होंने यें घोषणा की हैं कि इसका निर्माण राज्य सरकार स्वयं करेगी।

### 11 साल से राजनीति की भेंट चढ़ा था पार्क

लोगों का कहना हैं कि लोकसभा चुनावों के दौरान सीएम ने कस्बा बड़ा के मंगली गूगा में कहा था कि वे अतिशीघ्र कस्बा बड़ा में पिछले लगभग 11 साल से राजनीति की भेंट चढ़े स्पाइस पार्क के बारे में फैसला लेंगे ताकि स्पाइस पार्क के खुलने से रोजगार की प्राप्ति का सपना संजोये बैठे लोगों को रोजगार की प्राप्ति हो सके। फिलहाल वर्तमान समय में इस स्पाइस पार्क के खोलने की फाइल को सीएम द्वारा 11 वर्ष के बाद खोलने से क्षेत्र में चर्चाओं एवं बधाइयों का सिलसिला वर्तमान समय में जारी है।

# किसान विरोधी साबित हुई सुक्खू सरकारः सीता राम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सुक्खू सरकार किसान विरोधी साबित हुई है। केवल घोषणाओं की सरकार बनकर रह गई है। सरकार ने किसानों से किए कोई भी वायदे पूरे नहीं किए। सरकार के गलत निर्णयों से प्रदेश की जनता बुरी तरह से त्रस्त हो चुकी है। यह बात स्वतंत्र किसान मोर्चा के प्रधान सीता राम ठाकुर ने कही उन्होंने कहा जब से सुक्खू सरकार सत्तासीन हुई है, तब से हर वर्ग को मिलने वाले लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। कहा कि प्रदेश सरकार के पास किसानो के लिए कोई प नहीं है। न ही किसानों के ऋण माफ किए जा रहे हैं। किसान कर्ज तले दबता जा रहा है और सरकार मात्र खोखले वायदों पर जनता को छल रही है।

# सरकाघाट के एसडीएम ऑफिस की कटेगी बिजली

## विभाग ने सरकारी विभागों के साथ डिफाल्टर उपभोक्ताओं को 31 तक दी डेडलाइन

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**विद्युत** विभाग के लाखों रुपए के बिजली बिलों पर कुंडली जमाए बैठे सरकारी विभागों के साथ-साथ डिफाल्टर उपभोक्ताओं की बिजली काटने की विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है, बल्कि इन उपभोक्ताओं को 31 मार्च लास्ट डेडलाइन भी जारी करती है। लाखों रुपए बकाया बिजली बिलों के चलते विभाग के पेंशनरों को ना तो पेंशन मिल रही है और ना ही कर्मचारी को पगार इसके लिए विभाग ने अब कड़े कदम उठाने का निर्णय लिया है।

प्राइवेट के साथ-साथ सरकार के सबसे ज्यादा राजस्व कमाने वाले विभागों का भी यह हाल है कि उन्होंने कई वर्षों से विद्युत विभाग के लाखों रुपए के बकाए का भुगतान नहीं किया है इन विभागों में उपमंडल अधिकारी से लेकर राजस्व और जल शक्ति विभाग सबसे बड़े डिफाल्टर साबित हुए हैं। अनंत ज्ञान

### किस विभाग पर है कितना बकाया

**जल** शक्ति विभाग 58,28,207.95 रुपए, प्रिंसिपल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरकाघाट 25,281 रुपए, रेंजर ऑफिस 13,642 रुपए, असिस्टेंट अटॉर्नी 11,442 रुपए, उपमंडल अधिकारी 10,829 रुपए, तहसीलदार सरकाघाट 12,264 रुपए, अन्य घरेलू उपभोक्ता 12,57,281.50 रुपए और व्यावसायिक उपभोक्ता 9,07,682.22 रुपए की बकाया राशि शामिल है।



### क्या कहते हैं एसडीओ

**सहायक** अभियंता विद्युत ई. राज सिंह पराशर ने स्पष्ट किया कि 31 मार्च की समय सीमा के बाद बिना किसी पूर्व सूचना के बकाएदारों की बिजली काट दी जाएगी। चाहे वह प्रशासन हो, रेवेन्यू और जल शक्ति विभाग या कोई भी बड़ा अधिकारी या कोई बड़ा नेता ही क्यों ना हो। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे समय पर भुगतान करें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### सूडोकु नवताल- 7375

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7374 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

20 मार्च, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : चैत्र, **तिथि** षष्ठी (02:48): **नक्षत्र** अनुराधा (11:32), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : वर्ज (06:18) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:04-12:53), **राहुकाल** (01:59-03:30)।

**विशेष दिन**

- 20 मार्च 2025: महाविषुव दिन आज।
- 20 मार्च 2025: एकनाथ षष्ठी आज।।

**मेषः** आज के दिन प्रसन्नता बढ़ाने वाली घटनाएं होंगी। निजी जीवन में कठोर निर्णय लेने होंगे। आज पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा।

**वृषभः** घर गृहस्थी की भाग दौड़ में व्यस्त रहेंगे। आप अपना संपर्क बढाने के प्रयास करेंगे। आज का आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा।

**मिथुनः** दूसरों की जीवनशैली देखकर अपना रहन-सहन बदलने का प्रयास करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

**कर्क** : अपने काम करने के तरीकों को बदलें। घर की साज सज्जा पर भारी खर्च होने की संभावना है। आज कर्ज लेने से बचना चाहिए।

**सिंह** : दिन उपयुक्त है। दुसरों के हित के लिए आप सदैव तत्पर रहते है, पर आप को लोगों से निराशाजनक व्यवहार मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा।

**कन्या** : आप की सूझबूझ व दूरदर्शिता से व्यापार में लाभ होगा। दोस्तों का सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। राजनीति में नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**तुलाः** आज क्रोध से बचें। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। व्यापार-व्यवसाय पर समय से ध्यान दें। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिकः** अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे। नए काम में शीघ्रता नहीं करें। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह बखूबी कर पाएंगे।

**धनुः** व्यस्त रहें मस्त रहें। आप दूसरों की मदद करने में सदैव तैयार रहते है। आज खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ेंगे। अपने दुःख को छुपा रहे हैं।

**मकर** : दूसरों की बातों पर जल्द विश्वास कर लेते हैं। आज आर्थिक योग प्रबल है। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि हो सकेगी।

**कुंभ** : अपनी बातों से लोगों को आकर्षित करेंगे। प्रियजन के साथ समय का सदुपयोग होगा। वाद-विवाद और झगड़े से मानसिक कष्ट बढ़ेगा।

**मीन** : पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी संयम आवश्यक है। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

# पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी के पिता हरि राम ठाकुर पंचतत्व में विलीन

## मटकेहडू श्मशानघाट में हुआ अंतिम संस्कार, हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



**पूर्व** कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर के पिता हरि राम ठाकुर का बुधवार को उनके पैतृक गांव मटकेहडू के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

उनकी अंतिम यात्रा में हजारों लोगों ने शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जीवन ठाकुर ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। हरि राम ठाकुर के अंतिम संस्कार में जोगिंद्रनगर प्रशासन के अधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता, व्यापार मंडल के सदस्य, सनातन धर्म मंदिर समिति के प्रतिनिधि, प्रधान जगदीश सोनी तथा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल भी मौजूद रहे।

सभी ने परिवार को सांत्वना देते हुए उनके निधन को क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। हरि राम ठाकुर सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे और क्षेत्र में एक सम्मानित व्यक्ति के रूप में उनकी पहचान थी। उनके निधन से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

# नाकामी की मिसाल है इस बार का बजटः सन्नी शुक्ला

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश सरकार के बजट अनुमान 2025-26 पर प्रदेश युवा मोर्चा के महामंत्री डॉ. सन्नी शुक्ला ने कहा कि यह बजट पूर्णतया निराशा से भरा और विजन से कोसों दूर है। इस बजट में बुनियादी ढांचा के विकास के लिए कोई न कोई धनराशि है और नहीं प्रदेश सरकार कि किसी बड़ी योजना का कोई जिक्र है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब बजट के आकार में पूर्ण बजट के मुकाबले कोई वृद्धि नहीं हुई है। जब भी बजट प्रस्तुत किया जाता है तो उसमें सरकार की ओर से सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की चुनौतियों पर बात की जाती है, लेकिन वर्तमान बजट तथ्यों को छुपाने केंद्र सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने के लिए जानी जाएगी। डॉ सन्नी शुक्ला ने कहा कि जब किसी वर्ष के बजट में पुराने वर्ष के बजट के मुकाबले मात्र 71 करोड़ यानी 0.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही आधारभूत ढांचे के विकास के लिए सरकार की ओर से मात्र 24 प्रतिशत की ही धनराशि खर्च की जाएगी। वर्ष 2018- 19 से 2022- 23 तक बजट में प्रति 100 रुपए पर विकास कार्यों पर खर्च क्रमशः 39 रुपए, 39 रुपए, 41.22 रुपए, 43.94 रुपए और 38 रुपए रहे हैं।




### सार्वजनिक सूचना

डॉ. राधा कृष्णन सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, गांव थेन (जोल सप्पड़), तहसील नादौन, जिला हमीरपुर, हि.प्र. को पर्यावरण स्वीकृति में विस्तार की अनुमति दी गई है। यह अनुमति SEIAA, HP द्वारा EC पहचान संख्या No. EC24C3804HP5588067N और फाइल नंबर HP-SEIAA/2020/779 दिनांक 07.03.205 को हमारे पर्यावरण सलाहकार मैसर्ज इको पार्यावरण प्रयोगशाला और परामर्शदाता प्राइवेट लिमिटेड, मोहाली के माध्यम से दी गई है। पर्यावरण स्वीकृति की प्रति और इसके साथ जुड़ी शर्ते परियोजना प्रवर्तक के पास उपलब्ध हैं और पार्यावरण पोर्टल (https://parivesh.nic.in/) पर भी देखी जा सकती हैं। इच्छुक व्यक्ति दो में से किसी एक से संपर्क कर सकते हैः-

**मैसर्ज डॉ. राधा कृष्णन सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल गांव थेन (जोल सप्पड़), तहसील नादौन, जिला हमीरपुर, हि.प्र.**

**मैसर्ज इको पार्यावरण प्रयोगशाला और परामर्शदाता प्राइवेट लिमिटेड ई-207, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज VIII-B, सेक्टर-74, मोहाली, पंजाब संपर्क-** +91-9915946784 www.ecoparyavaran.org

अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं नम्बर. 2497453M** हवलदार अजय कुमार पुत्र भूप सिंह गांव व डाकघर बारी मन्दिर तहसील वमसन स्थित टौणीदेवी देवी जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम हर्षित ठाकुर है परंतु गलती से मेरे आर्मी रिकॉर्ड में हर्षित दर्ज हो गया है। सही नाम हर्षित ठाकुर है अतः उसे मेरे आर्मी रिकॉर्ड में हर्षित ठाकुर दुरुस्त किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

### NOTICE

**I, Naveen Kumar Sharma,** S/o Sh. Kamal Nain, VPO & Tehsil Balichowki, District Mandi, Himachal Pradesh, Pin Code 175106 hereby inform you that we have received environmental clearance from SEIAA Shimla, H.P., reference EC File No. HPSEIAA/2015/379/Sh. Naveen Kumar Sharma/1314, dated 31/05/2016. The mine lease is located at Khasra No. 1369/1086 (Private Land, Hill Slope), measuring an area of 0.3350 hectares, falling in Mauza Devdhar, Mohal Rahi, Sub Tehsil-Bali Chowki, District Mandi, Himachal Pradesh, for the extraction/ collection of stone for open sale.

**Sh. Naveen Kumar Sharma, S/o Sh. Kamal Nain, VPO & Tehsil Balichowki, District Mandi, Himachal Pradesh**

देश के विकास से पहले हमें अपनी बुद्धि के विकास की आवश्यकता है। -डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया

चुनाव आयोग चुनाव सुधारों को लेकर हमेशा ही संजीदा रहा है। वोटर आई कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने का कदम चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी, सटीक और धोखाधड़ी से मुक्त बनाना है। वोटर आई कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने का निर्णय कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है। निश्चित रूप से यह कदम भारतीय चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए उठाया गया है, लेकिन इसके साथ कुछ चिंताएं भी जुड़ी हुई हैं, खासकर नागरिकों की निजता और चुनाव प्रक्रिया की सुरक्षा को लेकर। वोटर आई कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने से चुनाव प्रक्रिया में जहां पारदर्शिता बढ़ सकती है तो वहीं, इससे वोटर लिस्ट में होने वाली गड़बड़ियों, जैसे कि मृत लोगों के नाम, डुप्लिकेट वोटर आदि को कम किया जा सकता है। आधार से लिंक होने पर यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि हर व्यक्ति एक ही बार वोट डाले और मतदान में कोई धोखाधड़ी न हो। भारत में चुनावी धोखाधड़ी एक बड़ी समस्या रही है। डुप्लिकेट वोटिंग, झूठी पहचान और फर्जी मतदाता सूची से संबंधित समस्याएं अक्सर सामने आती हैं।

आधार कार्ड को वोटर आई कार्ड से लिंक करने से इन समस्याओं को कम किया जा सकता है, क्योंकि आधार का बायोमेट्रिक डाटा इनकार नहीं किया जा सकता। इस तरह से चुनावों में धोखाधड़ी की संभावना घट सकती है। आधार कार्ड भारत सरकार की ओर से दी गई एक विशिष्ट पहचान प्रणाली है। यह न केवल मतदान प्रक्रिया के लिए, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी एक महत्वपूर्ण पहचान पत्र बन सकता है। जब वोटर आई कार्ड और आधार कार्ड लिंक होंगे, तो चुनाव आयोग को चुनावों में बेहतर निगरानी रखने में मदद मिलेगी, जिससे मतदाताओं की पहचान की प्रक्रिया और अधिक सटीक होगी। वोटर आई कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने से चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है कि सभी पात्र नागरिक मतदान करने के लिए पंजीकरण करवाएं। यह एक तरह का जागरूकता अभियान हो सकता है, जिससे लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकते हैं और वोट देने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं।

दूसरी ओर, आधार कार्ड को वोटर आई कार्ड से लिंक करने से नागरिकों की निजता पर गंभीर सवाल उठ सकते हैं। आधार कार्ड में बायोमेट्रिक डाटा होता है और यदि यह डाटा चुनाव आयोग के पास जाता है, तो यह नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग का कारण बन सकता है। यदि सुरक्षा के उपाय पूरी तरह से प्रभावी नहीं हैं, तो यह डाटा चोरी और अन्य साइबर अपराधों का शिकार हो सकता है। इससे लोगों के व्यक्तिगत अधिकारों और निजता का उल्लंघन हो सकता है। हालांकि, चुनाव आयोग दावा कर रहा है कि इससे किसी भी तरह का डाटा साझा नहीं होगा। यह केवल मतदाताओं को प्रमाणित करेगा और फर्जी मतदाताओं की पहचान करेगा। यह जरूर है कि इस पहल को लागू करना एक बड़ी तकनीकी और प्रशासनिक चुनौती हो सकती है। पूरे देश में सभी मतदाताओं को आधार कार्ड से लिंक करना, विशेषकर ग्रामीण इलाकों और दूरदराज के क्षेत्रों में, एक कठिन कार्य होगा।

कई लोगों के पास आधार कार्ड नहीं हो सकता, या फिर आधार कार्ड में दर्ज जानकारी गलत हो सकती है। इसके कारण लाखों लोगों को मतदान का अधिकार प्राप्त नहीं हो सकता, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। आधार कार्ड से जुड़े कई विवाद और समस्याएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, जैसे कि नाम, पता और अन्य जानकारी में गड़बड़ी होना, या फिर तकनीकी समस्याएं। यदि वोटर आई कार्ड से आधार लिंक किया जाता है और आधार कार्ड की जानकारी गलत होती है, तो यह मतदाता को मतदान से वंचित कर सकता है, या मतदान की प्रक्रिया में अव्यवस्था पैदा कर सकता है। ग्रामीण और वंचित वर्ग के लोग, जो तकनीकी दृष्टि से पिछड़े हुए हैं, उन्हें आधार कार्ड को वोटर आई कार्ड से लिंक करने में समस्या हो सकती है।

इसके अलावा, ऐसे लोग जो साक्षर नहीं हैं या जो डिजिटल साक्षरता में कमजोर हैं, उनके लिए यह प्रक्रिया मुश्किल हो सकती है। इससे इन वर्गों का मतदान में हिस्सा कम हो सकता है, जो कि लोकतंत्र की व्यापक भागीदारी के लिए नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। वोटिंग प्रतिशत पर आधार कार्ड और वोटर आई कार्ड के लिंक होने के प्रभाव को समझने के लिए कई पहलुओं को ध्यान में रखना होगा। अगर इस प्रक्रिया को सही तरीके से लागू किया जाता है और यह चुनाव आयोग के द्वारा सफलतापूर्वक मॉनिटर किया जाता है, तो यह वोटिंग प्रतिशत को बढ़ा सकता है। दूसरी ओर, यदि इस प्रक्रिया में समस्याएं आती हैं, जैसे कि गलत लिंकिंग या तकनीकी खामियां, तो यह लोगों को मतदान से वंचित कर सकता है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि सब अच्छा होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### ख्यातिप्राप्त भारतीय पार्श्वगायिका



अलका यागनिक
जन्म : 20 मार्च, 1966

**अलका** यागनिक ख्यातिप्राप्त भारतीय पार्श्वगायिका हैं। उन्होंने अपने तीन दशक पुराने कॅरियर में एक से बढ़कर एक गीत में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया हैं। लता मंगेशकर और आशा भोंसले के बाद किसी गायिका का नाम लिया जाता है तो वह अलका यागनिक ही हैं। अलका यागनिक के इसी हुनर के कारण उन्हें कई बार नेशनल अवार्ड और फिल्मफेयर से सम्मानित किया जा चुका है। अलका यागनिक का जन्म पश्चिम बंगाल के कलकत्ता शहर में हुआ था। वह एक गुजराती हिंदू परिवार से आती हैं। अलका यागनिक की माता शुभा यागनिक एक शास्त्रीय गायिका थीं। उन्होंने फरवरी 1989 में शिल्लोंग के मशहूर बिजनसमैन नीरज कपूर के साथ शादी की। उसी साल उन्हें अपनी एकलौती लड़की सयेशा हुई। साल 1988 में आई फिल्म 'तेजाब' के गीत 'एक दो तीन' के लिए इन्हें पहली बार फिल्मफेयर का अवार्ड मिला। उन्होंने अपने तीन दशक पुराने करियर में हिंदी के अलावा उर्दू, गुजराती, अवधी, भोजपुरी, तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषा में गाने गाए हैं। अलका यागनिक आज उन गायिकाओं में से एक हैं जिन्होंने बॉलीवुड इंडस्ट्री के सभी बड़े संगीतकारों के साथ काम किया है। अलका यागनिक को संगीत से जुड़े लगभग सभी अवार्ड से नवाजा जा चुका है जो इस प्रकार हैं:-नेशनल अवार्ड, फिल्मफेयर अवार्ड, लता मंगेशकर अवार्ड, आईफा अवार्ड, स्टार स्क्रीन अवार्ड और जी सिने अवार्ड। ■



कविता

## सागर की लहरें

*वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, ऊना*

*मन से निकले उद्गार, शब्दों के बुनते जाल।*
*सागर की लहरों से, यही शब्द उछल-उछल।*
*बन जाते गहरे भाव और फिर मेरे जज्बात।*
*शब्दों के क्रमबद्ध होते, काव्य सृजन का रूप ले।*
*कुछ कल्पित विचार, कुछ असलियत आधार।*
*मन में उठते ज्वारभाटे, के करते तूफान को शांत।*
*तब भारी मन, हो जाता हल्का।*
*मन में उठतीं ये हिलोरें, सागर के किनारों को छूकर।*
*निकल जाती हैं बहुत आगे, लेने इक और कृति का जन्म।*
*जिन्हें समझने वाले समझ जाते, इनके अर्थ गहरे।*
*जो तैरते हैं रहते, सागर की लहरें बनकर।*
*उछलते आसमान की और, प्राणियों को प्रसन्न रहते।*
*रहने का सदा देते संदेश , ये सागर की लहरें ....*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स: एक ऐतिहासिक वापसी



नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की।

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक ढ्रुस्स पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिसने सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। वापसी के बाद, दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि, स्वतंत्र पत्रकार

सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएं संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है।

भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो (ISRO) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान, की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है।

सुनीता विलियम्स की उपलब्धियां न केवल भारतीय वैज्ञानिकों, बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। उनका सफर यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियां न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र, बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएं केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है।

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएं संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स न केवल भारतीय मूल के लोगों के लिए गर्व का विषय हैं, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# समस्त वर्गों को राहत देने वाला बजट

वर्ष 2025-26 का बजट 58514 करोड़ का अनुमानित बजट है, जिसमें राजस्व प्राप्तियां 42383 करोड़ और राजस्व व्यय 48733 करोड़ दर्शाया गया है। शेष राशि के लिए आय बढ़ाने हेतु कर लगाओ या कर्ज उठाओ। यह क्रम हर वर्ष हर सरकार में जारी रहता आया है। इस बजट में 76प्रतिशत राशि वेतन, पेंशन, कर्ज वापसी, कर्ज पर ब्याज व ग्रांट अदायगी के लिए खर्च होती है। शेष 24 प्रतिशत राशि पूंजीगत व्यय है, जो विभिन्न योजनाओं में खर्च की जाएगी। सीमित आय के बावजूद सभी वर्गों को खुश करने का प्रयास दिखाई दे रहा है।



लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, तहसील बल्ह, मंडी

कर्मचारी जो कम वेतन पर कार्य कर रहे हैं, उनके वेतन वृद्धि से उन्हें राहत दी गई है। दूसरा किसानों को दूध, हल्दी अन्य फसलों में खरीद मूल्य में बढ़ोतरी दी है।

तीसरा डॉक्टरों के स्टाइपंड बढ़ाना, महिलाओं और शिक्षा क्षेत्र में बढ़ोतरी देना प्रशंसनीय व स्वागत योग्य हैं। आलू प्रोसेसिंग युनिट, छोटे व्यापारियों, होम स्टे, किसानों के ऋण पर ब्याज अनुदान देना उचित कदम है। स्वरोजगार को महत्व व किसानों की आय बढ़ाने में प्राथमिकता दी गई है।

सभी व्यवस्था लोकहित में है जो स्वागत योग्य है, लेकिन स्वरोजगार व रोजगार का लक्ष्य अधिक रहना चाहिए था। निर्धारित पूंजीगत व्यय 24 प्रतिशत यदि धरातल पर पूर्ण रूप से लागू हो और पूरी राशि खर्च भी हो जाए, तो लक्ष्य प्राप्ति से लोक कल्याण नजर आएगा। यदि यह कार्य अपना लक्ष्य



आधा अधूरा पूरा करें, तो विकास की गति धीमी नजर आएगी। सरकार, स्वयं मुख्यमंत्री, अन्य मंत्रियों की कोशिश होनी चाहिए कि निर्धारित लक्ष्य पूरा करने में अपनी नजरें बनाए रखें। अधिकारी कर्मचारी लक्ष्य प्राप्ति में अपना पूर्ण सहयोग दें। यह 24 प्रतिशत राशि ही प्रत्येक वर्ग को लाभ पहुंचाता है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है, परंतु प्रति व्यक्ति कर्ज में भी वृद्धि दिखाई देती है। आय बढ़ाने से खुशहाली आती है, परंतु इस खुशी में कर्ज का बोझ भी तो हैं। प्राप्त आय में से कर्ज व ब्याज चुकाने के बाद शेष राशि खुशहाली के रंग को फीका कर देती है। कर्ज चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़े तो यह स्थिति निराशा पैदा करती है।

सरकार वित्तीय प्रबंधन को भी महत्व दें। फिजूल खर्ची पर रोक लगाएं। राजकोषीय घाटे के लिए सरकार आय बढ़ाने के तरीके ढूंढे। यदि लोगों पर कर लगाना है, तो सीमित मात्रा में कर लगाएं। कर का बोझ प्रत्येक हिमाचली पर पड़ता है परंतु हिमाचलवासियों को भी चाहिए कि सरकार को अपना सहयोग दें। हर किसी को व्यक्तिगत हित छोड़कर हिमाचल हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। करो से प्राप्त आय अनआवश्यक खर्चों में खर्च नहीं होनी चाहिए। सरकार को सुनिश्चित करते रहना चाहिए कि प्राप्त कर राशि विकास कार्यों में ही खर्च हो। स्वरोजगार व रोजगार ही समाज में खुशियां ला सकता है।

इसको ध्यान में रखते हुए समस्त योजनाएं बनाई जाए। पूंजीगत व्यय वर्तमान 24 प्रतिशत से भविष्य में आने वाले वित्त वर्षों 30-40 प्रतिशत हो जाए, तो हिमाचल की तकदीर बदल सकती है। पूंजीगत व्यय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यटन पर अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता रखी जाए, तो हिमाचल का युवा खुशहाल होगा। इस बजट से शुरुआत तो दिखाई देती है, परंतु वर्ष के अंत तक ही परिणाम सामने आएगा कि हम कहां पहुंचे और अगले वर्षों में कहां तक पहुंच सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश में पर्यटन को शालीन बनाए रखने के लिए हिमाचल पुलिस की गश्त चौबीस घंटे करनी पड़ेगी। दरअसल हमने पर्यटन को फेरी बना दिया है, जहां कुछ गेड़ीबाज लोग माहौल को खराब कर रहे हैं। यह पर्यटन भीड़ है जो प्रदेश के शांत माहौल में आवारगी का आलम पैदा करता है। इसी भीड़ के बीच पर्यटन की सौम्यता का कायल युवा पढ़ा-लिखा व कारपोरेट से जुड़ा सैलानी आहत होता है। गेड़ीबाज पर्यटक किसी न किसी तरह के पुराने-अनफिट वाहन पर सवार होकर आ रहा है। परिवहन के मानकों को नजरअंदाज करके कानून-व्यवस्था पर दबाव डाल रहा है। इसे पर्यटक अधोसंरचना से कोई सरोकार नहीं। यह मुफ्त के लंगर खोज रहा है। सामाजिक ताने-बाने, धार्मिक परंपराओं और शिष्टाचार के सारे पैमानों को नजरअंदाज कर रहा है। इस के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे। **सोनू, कांगड़ा**

# गौरैया मात्र पक्षी नहीं, बल्कि यह हमारे बचपन की सबसे सुंदर स्मृतियों का हिस्सा

गौरैया मात्र पक्षी नहीं है, बल्कि हमारे बचपन की सबसे सुंदर स्मृतियों का हिस्सा रही है। हर दिन यह हमारे आंगन, छज्जों व मुंडेरों पर चहकती व फुदकती रहती थी जैसे मानो वह हमारे परिवार की सदस्य हो। पुस्तकों में, कहानियों में और हमारे आंगन में, यह छोटी-सी चिड़िया कभी हमारी दिनचर्या का हिस्सा हुआ करती थी।

गौरैया एक छोटी सी चिड़िया है, जो आमतौर पर मानव आवासों के आसपास पाई जाती है। इसकी चहचहाहट और गतिविधियां भारतीय ग्रामीण और शहरी जीवन का अभिन्न हिस्सा रही हैं। इसे शहरी क्षेत्र में हरे भरे हिस्सों और पिछवाड़े में फुदकने व चहकने के लिए जाना जाता है। गौरैया अपने सरल व्यवहार के लिए जानी जाती है और घर के आंगन, छतों तथा बगीचों में इसका निवास सामान्यत: देखा जाता है। पुराने समय में लोग यह मानते थे कि यदि घर में गौरैया अपना घोंसला बना रही है, तो वह घर शुभ संकेतों से भरपूर रहेगा। घरों, मुंडेरों, आंगन वछज्जों पर फुदकने और मचलने वाली गौरैया की चहचहाहट आखिर क्यों नहीं सुनाई पड़ रही है। क्या गौरैया लुप्त होने की कगार पर है? विश्व गौरैया दिवस हर वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। यह दिवस उन प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है जो गौरैया और अन्य सामान्य पक्षियों को बचाने के लिए किए जा रहे हैं।



लेखक : डॉ. राकेश कुमार शर्मा
सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी

इस दिवस की शुरुआत 'नेचर फॉरएवर सोसायटी' द्वारा 2010 में की गई थी। उन्होंने 'गौरैया संरक्षण अभियान' चलाया, जो अब एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है। वर्ष 2025 में विश्व गौरैया दिवस की थीम होप फॉर स्पैरोयानी गौरैया के लिए आशा है। आंकड़े बताते हैं कि विश्वभर में घर आंगन में चहकने- फुदकने वाली छोटी सी चिड़िया गौरैया की जनसंख्या में 60 से 80 प्रतिशत तक की कमी आई है। हालांकि इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए दिल्ली सरकार ने 2012 से और बिहार सरकार ने 2013 से गौरैया को राष्ट्रीय पक्षी घोषित कर रखा है। इस दिवस का उद्देश्य गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और उसके घटते अस्तित्व पर ध्यान आकर्षित करना है। पिछले



**विश्व गौरैया दिवस पर विशेष**

कुछ दशकों में गौरैया की संख्या में तेजी से गिरावट आई है। हालांकि भयंकर गर्मियों के दौरान उन्हें ठंडी छाया और पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन वर्तमान में ध्वनि प्रदूषण, आधुनिक इमारत में घोसलों के स्थलों की कमी, कीटनाशकों की उपयोग और भोजन की अनुपलब्धता के कारण विलुप्त होने के कारण पर है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे के कारण है जिन पर लगातार शोध हो रहे हैं। हालांकि देश के 6 मेट्रो पॉलिटिन शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई में गौरैया की संख्या में कमी देखी गई है, लेकिन बाकी के शहरों में इसकी संख्या स्थिर देखी जा रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि भारत में यह विलुप्त नहीं है, लेकिन स्थिति ठीक भी नहीं है। इसके पीछे अनेक कारण हैं। जैसे शहरीकरण और आधुनिक वास्तुकला के कारण आधुनिक घरों और इमारतों में छोटे छिद्र और दरारें नहीं होतीं, जो गौरैया को घोंसला बनाने के लिए उपयुक्त स्थान प्रदान करती थीं।

मोबाइल टावरों से उत्सर्जित रेडिएशन से कीट-पतंगों की संख्या में कमी आई है व रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग से फसलों में प्रयुक्त हानिकारक रसायनों के कारण कीड़े-मकोड़े नष्ट हो जाते हैं, जिससे गौरैया के आहार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गौरैया को संरक्षित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं- जैसे कई पर्यावरण संगठनों ने कृत्रिम घोंसले उपलब्ध करवाने के अभियान चलाए हैं। घरों में छोटी खुली जगह, झरोखे, और मिट्टी के बर्तनों का उपयोग गौरैया को लौटाने में सहायक हो सकता है। बालकनी, छत या आंगन में दाना-पानी रखने से गौरैया का आकर्षण बढ़ाया जा सकता है। यदि हम अपनी जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करें, तो इस प्यारी चिड़िया को बचाया जा सकता है।

विश्व गौरैया दिवस हमें याद दिलाता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल बड़ी परियोजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे पक्षियों और जीव-जंतुओं का बचाव भी उतना ही आवश्यक है। विश्व गौरैया दिवस हमें इस जिम्मेदारी का एहसास कराता है कि हम गौरैया और अन्य पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें, ताकि वे पुन: हमारे घर-आंगन की शोभा बन सकें। गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है, बल्कि हमारे प्राकृतिक पर्यावरण और पारिवारिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके संरक्षण के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। छोटे-छोटे प्रयास जैसे पानी और दाना रखना, जैविक खेती अपनाना और पेड़-पौधे लगाना, गौरैया को पुन: हमारे घर-आंगन में लौटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विश्व गौरैया दिवस हमें इस प्यारी चिड़िया को बचाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# डिग्री बनाम दक्षता : बेरोजगारी के असली गुनहगार कौन ?

भारत, जो दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला देश है, आज बेरोजगारी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (CMIE) के अनुसार, सितंबर 2024 में भारत की बेरोजगारी दर 7.5 प्रतिशत थी। विशेष रूप से, शहरी क्षेत्रों में यह दर 9 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, जो दर्शाता है कि शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित हैं।

**शिक्षा और कौशल के बीच खाई :** नेशनल सेंपल सर्वे ऑफिस (NSSO) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 15-29 वर्ष के युवाओं में बेरोजगारी दर 17.8 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा इंगित करता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद, युवाओं में आवश्यक कौशल की कमी है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स' रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत में केवल 48 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य हैं, जो वैश्विक औसत से काफी कम है।



लेखिका : राधिका सैनी
तहसीलदार, नूरपुर

**तकनीकी प्रगति और रोजगार :** ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग ने पारंपरिक नौकरियों की मांग को



कम किया है। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक भारत में 50 मिलियन नौकरियां ऑटोमेशन के कारण प्रभावित हो सकती हैं। यह संकेत देता है कि यदि श्रमिक नए कौशल नहीं सीखते हैं, तो वे रोजगार बाजार से बाहर हो सकते हैं।

**महिलाओं की स्थिति :** विश्व बैंक की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महिला श्रम बल भागीदारी दर केवल 20.3 प्रतिशत है, जो वैश्विक औसत 47 प्रतिशत से काफी कम है। यह इंगित करता है कि महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर और कार्यस्थल की परिस्थितियां अभी भी चुनौतीपूर्ण हैं।

**समाधान की दिशा में कदम**

**शिक्षा प्रणाली में सुधार :** शिक्षा को व्यवहारिक और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार बनाना होगा। तकनीकी और डिजिटल कौशल पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

**उद्यमिता को बढ़ावा :** युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप्स के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, जिससे वे नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें।

**महिला सशक्तिकरण :** महिलाओं के लिए सुरक्षित और अनुकूल कार्यस्थलों का निर्माण, साथ ही उनके कौशल विकास पर जोर देना होगा।

**अनौपचारिक क्षेत्र का औपचारिकीकरण :** अनौपचारिक रोजगार को औपचारिक बनाकर, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और अन्य लाभ प्रदान किए जा सकते हैं। यदि हम इन चुनौतियों का सामना करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो हमारी युवा आबादी, जो हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है, हमारे लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। यह समय है कि हम जागरूक हों और संयुक्त प्रयासों से इस संकट का समाधान खोजें।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### प्रभावित परिवारों की याचिका पर सुनवाई आज

**अनंत ज्ञान, पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि पधर से मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन निर्माण कार्य से प्रभावित परिवारों की भूमिहीन होने की याचिकाओं पर सुनवाई 20 मार्च को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय पधर में होगी। उन्होंने बताया कि इसमें प्राधिकृत अधिकारी भूमि अधिग्रहण उपमंडल पधर कार्यालय को 46 दावा याचिकाएं, जो भूमि व मकान आदि ग्रहण के बारे में विभिन्न भू-स्वामियों द्वारा दी गई है।

### एनएचएम कर्मियों के लिए निराशाजनक बजट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राज्य स्वास्थ्य समिति (एनएचएम) अनुबंध कर्मचारी संघ हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष नवनीत गुलेरिया ने बजट को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों के लिए निराशाजनक करार दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री से इस बजट में एनएचएम कर्मचारियों के लिए बजट को लेकर बड़ी उम्मीदें थीं। प्रदेशभर में एनएचएम के तहत लगभग 2700 कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन हर बार कर्मचारी अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं। उन्होंने सीएम सुक्खू से आग्रह किया है कि एनएचएम कर्मचारियों के लिए जल्द ही पॉलिसी की घोषणा की जाए अन्यथा आने वाले समय में प्रदेशभर के सभी एनएचएम कर्मियों को सड़कों पर उतर कर आंदोलन करना पड़ेगा।

### छात्रों को समर्पित क्रिकेट प्रैक्टिस पिच

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में क्रिकेट प्रैक्टिस पिच का निर्माण किया, जिसे विद्यालय के छात्रों को समर्पित किया गया। इसका उद्घाटन श्याम सिंह ठाकुर (सेवानिवृत्त प्राचार्य) द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार राणा ने बताया कि पिच के निर्माण पर कुल 1.70 लाख रुपए की लागत आई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इंडोर गेम्स, बैडमिंटन कोर्ट व वॉलीबाल कोर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्याम सिंह ने कहा कि बच्चों को मोबाइल और नशे से दूर रखने के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। इस उद्घाटन समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर प्रेम चंद ठाकुर, समाजसेवी प्रकाश चंद जमवाल, पीटीए प्रधान शालिनी विद्यालय के छात्र एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### सार्वजनिक हो फुटबाल संघ का आर्थिकी विवरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश फुटबाल वेल्फेयर संघ के महासचिव केएम तिवारी ने जारी बयान में प्रदेश फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार बिट्टू से अखिल भारतीय फुटबाल संघ द्वारा भेजी गई आर्थिक मदद के हिसाब को सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न आयु वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल के खिलाड़ियों को अधिमान दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि हिमाचल में फुटबाल के उत्थान के लिए एक रोडमैप तैयार किया जाना चाहिए। केएम तिवारी ने कहा कि गोवा में हिमाचल की बेटियों के साथ छेड़छाड़ मामले में भी संघ के अध्यक्ष को हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुनील से मांग करते हुए कहा कि फुटबाल संघ की कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाना चाहिए।

### केंद्रीय विद्यालय महादेव में स्प्रिंग कैंप शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय महादेव में थ्री डी ग्रुप सुंदरनगर द्वारा दस दिवसीय स्प्रिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ केंद्रीय मुख्य शिक्षक राजेंद्र सिंह द्वारा किया गया। स्प्रिंग कैंप में थिएटर, योग, नृत्य, चित्रकला और कलाकृतियों के निर्माण के कौशल का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जा रहा है। इस कैंप में चित्रकला का प्रशिक्षण प्रेरणा ठाकुर, कलाकृति का विजेता सेन, लेखन का प्रशिक्षण नर्वदा, नृत्य का प्रशिक्षण अनुपमा शर्मा, योग का प्रशिक्षण राजेन्द्र कुमार, कहानी व कविता लेखन का प्रशिक्षण कृष्ण चंद महादेविया और थिएटर का प्रशिक्षण चेतराम द्वारा दिया जाएगा। इस कैंप में आराध्या, मन्नत, रितिका, अंजली, करसम, दुर्गा, खुशबू, रिया, आराध्या शर्मा, मैथिली, सचिन, योगेश, पियुष, दिनेश, फैजल, लावन्या, महबूब, विहान, लक्की,पायल, शिवा, उत्कर्ष, रितिक, श्रेया, कशिश, आयशा, फातिमा, शिफान, श्री कृष्ण,परिधि, आदि बच्चों द्वारा यह प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है।

### सिटीजन सेवा पोर्टल की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्वच्छ शहर, स्मृद्ध शहर अभियान के तहत वार्ड नंबर 11 समखेतर में पार्षद निर्मल वर्मा व वार्ड नंबर 13 थनेहड़ा में पार्षद दीपाली जसवाल की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आमजनमानस को सिटीजन सेवा पोर्टल बारे जागरूक किया गया। लोग अपनी समस्याओं को https://citizenseva.hp.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से दर्ज करवा सकते हैं। इससे आम जनमानस को बार बार कार्यालय में नहीं आना पड़ेगा और उनकी शिकायतों का निवारण घर बैठे ही हो जाएगा।

### बीमा सखी योजना के तहत अभिकर्ता भर्ती 23 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना के लिए विशेष भर्ती अभियान का आयोजन एलआईसी की सरकाघाट शाखा में 23 मार्च को सुबह 10 से 1 बजे तक विकास अधिकारी पुष्पेंद्र ठाकुर और खूब राम द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर पंचायत में चार बीमा सखियों की भर्ती अभियान के तहत की जाएगी। इन चार बीमा सखियों को प्रायोजित करने वाले पंचायत को सम्मानित किया जाएगा। इन महिलाओं को पहले साल 7000 दूसरे साल 6000 रुपए तीसरे साल 5000 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। बीमा सखी योजना में महिला मंडल और सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। 18 से 70 वर्ष तक की महिला एलआईसी बीमा सखी अभिकर्ता बनने के लिए आवेदन कर सकती है, जो अपने क्षेत्र में अच्छा प्रभाव रखती हो।

### वॉइस ऑफ सरकाघाट के लिए ऑडिशन 25 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नलवाड़ व देवता मेला बरच्छवाड़ में आयोजित होने वाली वॉइस ऑफ सरकाघाट प्रतियोगिता के लिए कलाकारों के ऑडिशन 25 मार्च को होंगे। ये ऑडिशन रविंद्रनाथ टैगौर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी 24 मार्च तक प्रधानाचार्य रविंद्रनाथ टैगौर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

### कलाकारों के वर्गीकरण के लिए चयन प्रक्रिया 26 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी की ओर से प्रदेश में होने वाले अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तरीय मेलों एवं उत्सवों में भाग लेने वाले कलाकारों के उचित वर्गीकरण और उन्हें श्रेणीबद्ध करने के लिए 26 मार्च को संस्कृति सदन मंडी में चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया सुबह 10 बजे से आरंभ होगी। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैणी ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया गायन, वादन, नृत्य, नाटक, लोक गाथा आदि विधाओं में भाग लेने वाले कलाकारों के लिए होगी। चयनित कलाकारों को उनके प्रदर्शन के आधार पर श्रेणीबद्ध किया जाएगा और उन्हें विभिन्न मेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व उत्सवों में प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

# 25 हाउस पावर के दो पंपों की मोटर खराब

## विभाग ने नहीं करवा रहा रिपेयर, रत्ती उठाऊ पेयजल योजना का सही ढंग से नहीं हो रहा रखरखाव

**अनिल शर्मा, मंडी**

**रत्ती** पंचायत के छातर क्षेत्र में स्थित रत्ती उठाऊ पेयजल योजना का सही ढंग से रखरखाव न होने से इस स्कीम का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। विभाग की लापरवाही से कम क्षमता की मोटर से पानी उठाया जा रहा है, जिससे किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इस कारण किसानों में विभाग के प्रति खासा रोष पनप रहा है। जलशक्ति विभाग द्वारा यह पेयजल योजना करीब 45 साल पहले पूर्व में बनाई गई थी, मगर विभाग द्वारा सही ढंग से इसकी देखरेख न होने से इस योजना में लगे 25 हाउस पावर के दो पंपों की मोटर पिछले कई दिनों से खराब पड़ी है, जिनकी विभाग द्वारा कोई रिपेयर नहीं करवाई जा रही है, इसके चलते लोगों को भी इस योजना का सही तरह से लाभ नहीं मिल पा रहा है।

लोगों का कहना है कि इस स्कीम के पंपों के खराब होने के चलते विभाग द्वारा इस स्कीम को चालू रखने के लिए दो पंपों की जगह मात्र 10 हाउस पावर की मोटर लगा दी गई है, जो स्थानीय लोगों के अनुसार इस योजना के संचालन का कार्य ठीक ढंग से नहीं कर पा रही है। स्थानीय लोगों बालक राम कौंडल, नेत्र सिंह, उत्तम चंद, ग्राम पंचायत रत्ती के प्रधान दीक्षित नारंग ने बताया कि यह पूरा क्षेत्र सब्जी उत्पादकों का है। यहां के अधिकांश किसान नकदी फसलों को उगा रहे हैं। मगर कम क्षमता की मोटर लगा देने के चलते किसानों को इस क्षेत्र में सब्जी की सिंचाई करने में दिक्कतें आ रही है, जिससे उन्हें बेहद नुकसान उठाना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि विभाग जब तक खराब मोटर की मरम्मत करता है, तब तक उनकी सब्जी खराब होने की कगार पर पहुंच जाती है। उन्होंने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि इस उठाऊ पेयजल योजना में एक मोटर की जगह दो मोटरें लगाई जाएं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में अधिकतर किसान नगदी फसलों को उगाकर अपनी रोजी रोटी का जुगाड़ करते हैं। उनकी आजीविका का एकमात्र साधन सब्जी तथा अन्य खाद्यान्न ही है। **( अनंत ज्ञान )**

### सरकार से लगाई गुहार



**स्थानीय** पंचायत के प्रधान दिक्षित नारंग व ग्रामीणों ने सरकार तथा विभाग से गुहार लगाई है कि इस रत्ती उठाऊ पेयजल योजना में लगी 25 हाउस पावर की दोनों मोटरें ठीक करवाई जाएं या फिर इसमें 10 पावर हाउस की अतिरिक्त मोटर लगाई जाए। उधर, स्थानीय निवासी बालक राम कौंडल ने बताया कि जब भी रत्ती खड्ड में पानी का जल स्तर बढ़ता है, तो यह पानी खड्ड के साथ सटे पंप हाउस में घुस जाता है। सिंचाई योजना बाधित हो जाती है, जिसकी मरम्मत खुद करनी पड़ती है।

> इस लिफ्ट योजना से पर्याप्त पानी दिया जा रहा है। एक ही मोटर की परमिशन मिली है, उसी हिसाब से पानी दिया जा रहा है। दूसरी मोटर अतिरिक्त लगाने की विभाग से परमिशन नहीं है। इस बारे में कोई शिकायत नहीं मिली है। इस योजना का कुछ एरिया राइट बैंक सिंचाई योजना में शामिल किया गया है, जिससे ज्यादा पावर की पंप लगाने का कोई औचित्य नहीं है, फिर भी यदि कोई शिकायत आएगी तो अवश्य ही कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-ई. संदीप चौधरी, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग बग्गी।**

## 24 से पहले करें बिजली बिल का भुगतान : चंदेल

**कविता, पधर।** सहायक अभियंता नितिन चंदेल ने बताया कि विद्युत उपमंडल पधर के अधीन आने वाले सभी 10221 उपभोक्ता 24 मार्च से पहले अपना बिजली का बिल जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता समय पर बिजली का बिल जमा नहीं करवाते हैं, उन्हें लेट फीस का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ेगा। निर्धारित तिथि तक बिल जमा न करवाने पर विभाग द्वारा प्रक्रिया के अनुसार डिफॉल्टर नोटिस निकाला दिया जाएगा व अस्थाई रूप से बिजली कनेक्शन काटने का प्रावधान है, जिसे रि-कनेक्शन करवाने के रूप में 250 रुपए या 500 रुपए अतिरिक्त राशि का भुगतान उपभोक्ता को करना पड़ेगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वह जल्द बिल का भुगतान करें।

# जियो पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 13 लाख की ठगी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**पुलिस** थाना हटली के तहत एक व्यक्ति के साथ जियो पेट्रोल पंप खोलने के नाम पर 13.09 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता आशीष शर्मा पुत्र मनोज शर्मा निवासी खुडला तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि वह अपनी माता अंजना शर्मा के नाम पर जियो पेट्रोल पंप खोलना चाहता था। शिकायत के अनुसार, आशीष को जियो पेट्रोल पंप की साइट के सिलसिले में कुछ लोग संपर्क कर रहे थे। राहुल नाम के एक व्यक्ति ने उसे फोन कर दस्तावेज मेल करने को कहा। साथ ही वरुण गुप्ता और राहुल नामक व्यक्तियों ने बार-बार फोन करके विभिन्न मदों में शुल्क जमा करने की मांग की। इस पर आशीष ने उनके खाते में कुल 13,09,700 रुपए जमा कर दिए।

बाद में जब उसे किसी ने बताया कि जियो कंपनी इस तरह बार-बार शुल्क नहीं मांगती, तो उसे धोखाधड़ी का शक हुआ। ठगी का अहसास होते ही उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने वरुण गुप्ता व राहुल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### क्या कहते हैं डीएसपी

**डीएसपी** सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं इस ठगी के पीछे कोई संगठित गिरोह तो नहीं है।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय के छात्रों ने बुरांश के फूलों से तैयार किया स्क्वैश

## हिमालयी बुरांश एंटीऑक्सीडेंट व रोग प्रतिरोधक क्षमता का भंडार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** के अभिलाषी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के बीएससी चौथे वर्ष के छात्रों ने डॉ. मनीष चौहान (सहायक प्रोफेसर, सब्जी विज्ञान) के मार्गदर्शन में वैज्ञानिक विधि से बुरांश (रहोडोडेंड्रॉन) के फूलों से चटनी और स्क्वैश तैयार किया है।

इस अभिनव प्रयोग का उद्देश्य हिमालयी क्षेत्रों में पाए जाने वाले इस औषधीय पौधे के लाभों को लोगों तक पहुंचाना और स्थानीय किसानों को नए व्यापारिक अवसर प्रदान करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके चौधरी ने छात्रों से बातचीत की और उन्होंने इस अभिनव पहल की सराहना की और बुरांश के औषधीय और पोषण संबंधी फायदों के बारे में जानकारी दी।

कुलपति ने बताया कि बुरांश के फूलों में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन-सी और एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व पाए जाते हैं, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने, हृदय स्वास्थ्य सुधारने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होते हैं। इसके अलावा यह पाचन तंत्र को मजबूत करने और शरीर को डिटॉक्स करने में भी मदद करता है। कुलपति ने इसे नाक से रक्तस्राव (नकसीर) के उपचार में लाभदायक बताया। बुरांश के फूलों से तैयार किया गया स्क्वैश शरीर को ठंडक प्रदान करता है और रक्तस्राव को नियंत्रित करने में मदद करता है।

स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. पीसी शर्मा इस परियोजना में शामिल छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि यह नवाचार स्थानीय किसानों के लिए आर्थिक अवसर पैदा कर सकता है।



### इन्होंने छात्रों को दी बधाई

**इस** उपलक्ष्य पर अभिलाषी विवि के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला, सचिव नरेंद्र ने विभाग के डीन, प्रोफेसरों व छात्रों को बधाई दी।

# पंजाब में खालिस्तानी समर्थकों का बढ़ता दुस्साहस, हिमाचल की शांति को खतरा

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**पंजाब** में खालिस्तानी समर्थकों की बढ़ती गतिविधियां अब हिमाचल प्रदेश की शांति के लिए भी खतरा बनती जा रही हैं। हाल ही में मनाली डिपो की एक बस को पंजाब में रोककर तलवारें लहराई गईं और बस ड्राइवर को जबरन गाड़ी रोकने के लिए मजबूर किया गया। इस घटना के बाद हिमाचल में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देवभूमि हिमाचल में माहौल खराब करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां बस पर हिमाचल के मुख्यमंत्री का फोटो था, वहां खालिस्तानी का पोस्टर लगा दिया गया। बिलासपुर में एक पूर्व विधायक पर अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली चलाई गई, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। **अनंत ज्ञान**

### जनप्रतिनिधि तक सुरक्षित नहीं : पंकज

**पंकज** ने कहा कि जब प्रदेश में जनप्रतिनिधि तक सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा।



उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर प्रदेश में कानून-व्यवस्था का यह हाल कब सुधरेगा। भाजपा प्रवक्ता ने सीएम मांग की कि वे न केवल पंजाब सरकार के सामने भिंडरावाला समर्थकों की हिमाचल में बढ़ती घुसपैठ का मुद्दा उठाएं, बल्कि बिलासपुर में हुई फायरिंग की घटना पर भी सख्त कार्रवाई करें।

# विधायक दिलीप बोले- आपदा से हुए नुकसान के बाद सरकार ने क्या किया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** के विधायक दिलीप ठाकुर ने विधानसभा में संबंधित मंत्री से पूछा कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बाद सरकार द्वारा क्या सुरक्षा व्यवस्था की गई। भारी बारिश के कारण भूमि, घरों तथा सड़कों को गंभीर क्षति पहुंची है। सरकार द्वारा सुरक्षा दीवार तथा क्या अन्य सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



संबंधित मंत्री ने उत्तर दिया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 931 स्थानों पर सुरक्षा दीवारें लगाई गई, जिसके लिए प्रभावितों को 5,18,39,642 रुपए जारी किए। 74 सड़कों की मरम्मत के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि व राज्य आपदा मोचन निधि से 2,22,90,000 रुपए की राशि जारी की गई है। सरकाघाट के विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार बार-बार केंद्र पर हिमाचल की अनदेखी का आरोप लगाती है, लेकिन 931 सुरक्षा दीवारों के लिए जो 5 करोड़ से अधिक राशि आपदा से प्रभावित परिवारों को उपलब्ध करवाई गई। वह केंद्र की मनरेगा योजना के तहत करवाई गई। साथ ही 74 सड़कों पर मरम्मत के लिए अधिकतर राशि एनडीआरएफ के तहत केंद्र सरकार ने उपलब्ध करवाई।

**मंत्री का जवाबः 931 स्थानों पर लगाई सुरक्षा दीवारें व प्रभावितों को दी मदद**

### बल्ह के कुम्मी से पकड़ा उद्घोषित आरोपी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी चच्योट स्थित गोहर के न्यायालय में विचाराधीन एक चोरी के मामले में उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मंडी जिला के बल्ह क्षेत्र के गांव कुम्मी से गिरफ्तार कर आगामी प्रक्रिया के लिए पुलिस थाना बल्ह के हवाले कर दिया है। आरोपी की पहचान लेखराज उर्फ सोनू पुत्र राकेश कुमार निवासी गांव और डाकघर कुम्मी तहसील बल्ह जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के तौर पर हुई है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2021 में पुलिस थाना बल्ह में चोरी सहित अन्य अपराधों को लेकर एफआईआर दर्ज किया था। वहीं आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया था। जहां न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी चच्योट स्थित गोहर के समक्ष केस विचाराधीन था। ट्रायल के दौरान आरोपी कोर्ट से गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे इसी वर्ष 31 जनवरी को उद्घोषित आरोपी घोषित कर दिया गया था।

### चीफ इंजीनियर केस की हो न्यायिक जांच

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की धर्मपुर-सरकाघाट लोकल कमेटी प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड में कार्यरत चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मृत्यु पर शोक व्यक्त करती हैं व शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करती हैं। पार्टी सचिव व पूर्व ज़िला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि चीफ़ इंजीनियर विमल नेगी की मृत्यु जिस परिस्थिति में हुई है उसको लेकर उनकी पत्नी व अन्य लोगों ने कुछ गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं । मामले की गंभीरता को देखते हुए पार्टी मांग करती है कि इसकी न्यायिक जांच की जाए ताकि निष्पक्ष रूप से सही तथ्य सामने आ सके।

### सुंदरनगर की बेटी ने पास की एम्स कॉमन रिक्रूटमेंट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एम्स के पेरामेडिकल स्टाफ की आल इंडिया स्तर पर हुई एम्स कॉमन रिक्रूटमेंट एग्जाम में सुंदरनगर के जरल गांव की प्रतिभा ने पूरे भारत मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसके पिता सुरेंद्र दिहाड़ी पर काम करते हैं। जबकि माता गृहिणी है। प्रतिभा ने अपनी काबलियत पर पहले पीजीआई चंडीगढ़ से लैब तकनिकीशयन की ट्रेनिंग की। उसके बाद एम्स पैरामेडिकल का कॉमन रिक्रूटमेंट एग्जाम पहले ही झटके से पास कर ली। उसकी माता भावना ने भावुक होते हुए बताया कि उनकी बेटी ने अपनी पढ़ाई के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।



# इंस्पायर मानक अवार्ड में लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल की 3 छात्राएं सलेक्ट

**रितेश, सरकाघाट**

**भारत** सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से संचालित इंस्पायर मानस अवार्ड योजना में लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल की तीन छात्राओं का चयन जिला स्तर के लिए हुआ है। इसमें सातवीं कक्षा से प्रत्यक्षा बरारी व समृद्धि व नवमी कक्षा से आराध्या ठाकुर का चयन हुआ है। इसके लिए इन छात्राओं को भारत सरकार की ओर से 10 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने छात्राओं को बधाई देते हुए इस राशि का प्रयोग करके शानदार व नवीन विचार आधारित मॉडल तैयार करने का आह्वान किया। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह ने अध्यापकों, बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी। **( अनंत ज्ञान )**



# लघु शिवरात्रि मेले में होंगी विभिन्न खेल स्पर्धाएं

## मैराथन, वॉलीबाल व बैडमिंटन का होगा आयोजन, 31 मार्च तक करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**आगामी** 1 से 5 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला के दौरान विभिन्न खेल स्पर्धाओं का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें भाग लेने वाली टीमें 31 मार्च तक खेल प्रतियोगिता के समन्वयक प्रधानाचार्य छात्रा व छात्र स्कूल जोगिंद्रनगर के पास अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागी प्रतियोगिता आयोजन से एक घंटा पूर्व तक अपना पंजीकरण करवा सकेंगे। मेला के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम मनीश चौधरी ने बताया कि मेला अवधि के दौरान मैराथन, वॉलीबाल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो व कुश्ती प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन एक अप्रैल को जबकि वॉलीबाल, बैडमिंटन, कबड्डी व खो-खो का आयोजन 2, 3 व 4 अप्रैल को होगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली इच्छुक टीमें 31 मार्च दोपहर 2 बजे तक अपना पंजीकरण कार्यकारी प्रधानाचार्य राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर खजान ठाकुर व प्रधानाचार्य राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर आशीष कोडा के पास करवा सकते हैं।



# न्यू क्रिसेंट स्कूल के छात्रों ने कराटे स्पर्धा में जीती ऑरेंज व येलो बेल्ट



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**न्यू** क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विभिन्न ग्रेड्स में ऑरेंज और येलो बेल्ट हासिल की। प्रतियोगिता में पृथ्वीराज ठाकुर, शाश्वत शर्मा और मोक्ष ठाकुर ने नाना क्यू ग्रेड में ऑरेंज बेल्ट जीता, जबकि पार्थ ठाकुर ने हाची ग्रेड में येलो-टू बेल्ट प्राप्त किया। वहीं, दिवांश, रियांश, शुभम, चिराग, प्रावी जम्वाल, मनस्विनी सिंह, शैलन सूद, किसान, शाश्वती सिंह और अभिराज ठाकुर ने कू-क्यू ग्रेड में येलो बेल्ट हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल प्रधानाचार्य शशि किरण ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां जैसे खेल, डांस, संगीत, चित्रकला, भाषण, नाटक, वाद-विवाद और कराटे आत्मरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। स्कूल निदेशक विजय शर्मा और प्रधानाचार्य ने ग्रेड प्राप्त सभी छात्रों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

**परिचर्चा**

## छोटा भंगाल घाटी में पिछले बजट में की थी घोषणा, लोगों में रोष

# अग्निशमन केंद्र खोलने की घोषणा नहीं हुई पूरी

**रूपी ठाकुर, बरोट**

**सीएम** सुक्खू की ओर से पेश किए गए बजट को छोटाभंगाल व चौहार घाटी के कई लोगों ने खूब सराहा। वहीं, कई लोगों ने नकारा भी है। गत वर्ष पेश किए गए बजट में मुख्यमंत्री ने छोटा भंगाल घाटी में अग्निशमन केंद्र खोलने की जो घोषणा की थी, वह आज दिन तक पूरी नहीं हुई, जिस कारण छोटा भंगाल घाटी के लोगों में प्रदेश सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। वहीं छोटाभंगाल व चौहार घाटी को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा न तो पिछले बजट में घोषणा की गई थी और न ही इस बजट में की गई है। **अनंत ज्ञान**

### हर वर्ग का रखा है ध्यान : सुरिंद्र

**छोटा** भंगाल घाटी की लोआई पंचायत के प्रधान सुरिंद्र कुमार ने कहा कि सीएम सुक्खू ने सराहनीय बजट पेश किया है। इस बजट में प्रदेश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इस बार के बजट में हिमाचली की आय में 9.6 प्रतिशत की आय वृद्धि दर्शाई गई है।



### बेरोजगारों को रोजगार : जोगिंद्र



**छोटा** भंगाल घाटी की मुल्थान पंचायत के निवासी जोगिंद्र सिंह ने इस बजट की प्रशंसा की है। उनका कहना है कि इस बजट में बेरोजगारों के लिए रोजगार देने की बात कही गई है। साथ ही पशु पालकों के लिए भी विशेष प्रावधान किया गया है।

### कर्मचारियों को निराशा : वजिंद्र



**चौहार** घाटी की बरोट पंचायत के थुजी गांव के वजिंद्र सिंह का कहना है कि बजट में कर्मियों को निराशा ही हाथ लगी है। कुल देय 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते में से मात्र 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ते को बकाया किस्त करने की घोषणा करना बेहद निराशाजनक है।

### नहीं रखा किसी का ध्यान : प्रकाश चंद

**चौहार** घाटी के लक्कड़ बाजार बरोट के निवासी प्रकाश चंद का कहना है कि सीएम द्वारा पेश किया बजट हर वर्ग का ध्यान न रखते हुए बिल्कुल शून्य ही नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बजट में कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान की गई दस गारंटियों को पूरा करने की दिशा में कोई भी सार्थक कदम नहीं दिख रहा है, वहीं यह बजट युवा, महिला व किसान विरोधी है।



### औट में फोरलेन टनल में फायर एक्सटिंग्विशर का दुरुपयोग करने पर बाइक सवारों पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला के औट क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवारों द्वारा टनल नंबर-12 में आपातकालीन स्थिति के लिए लगे हुए आग बुझाने के यंत्र यानी फायर एक्सटिंग्विशर को बिना किसी कारण उपयोग में लाकर अपनी और अन्य लोगों की जान जोखिम में डालने का मामला सामने आया है। शुरुआती दौर में पुलिस थाना औट ने अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी। वहीं इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। पुलिस द्वारा घटना में मौजूद बाइक के नंबर के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त की गई है। मामले में हुड़दंग की घटना बीते 14 मार्च सुबह के समय की बताई जा रही है। जानकारी देते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना औट ने मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि बाइक के आधार पर दो आरोपियों की शिनाख्त की गई है और आगामी जांच जारी है।

**घटना में मौजूद बाइक के नंबर के आधार पर दो आरोपियों की हुई शिनाख्त**

## न्यूज ब्रीफ

### साइबर सुरक्षा कानून की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर में साइबर सुरक्षा कानून अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। इसमें पूर्व प्रवक्ता अशोक कुमार ने बच्चों को साइबर सुरक्षा कानून के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा कानून इंटरनेट और डिजिटल स्पेस से जुड़े अपराधों से सुरक्षा के लिए बनाया गया कानून है। इन कानूनों का मकसद साइबर हमलों से जानकारी और प्रणालियों की सुरक्षा करना है। साइबर सुरक्षा कानून साइबर अपराध कानून या साइबर कानून भी कहलाते हैं। उन्होंने बैंकिंग या एटीएम या ओटीपी किसी से साझा न करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा, उपप्रधानाचार्य सतनाम कौर, तारुण कुमार, राजकुमार, विमल कुमार, बंदना शर्मा, शशि कांत, अविनाश तथा कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### अरविंद मार्केट में दुकानदारों ने लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना की अरविंद मार्केट में हर वर्ष की भांति दुकानदारों ने भंडारा लगाया। इसमें कई लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### मुख्य सलाहकार बनने पर गौतम का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** चिंतपूर्णी विधानसभा के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के मुख्य सलाहकार नियुक्त होने पर राजकुमार गौतम का भव्य स्वागत राजिंदर कुमार कहोल नंबरदार एवं महासचिव ऊना नंबरदार संगठन, बीडीसी सदस्य प्रवीण चौधरी, शर्मा फर्नीचर कटौहड़ कलां के स्वामी उमेश कुमार शर्मा, पवन कुमार कहोल ने गांववासियों के समक्ष उनका शर्मा फर्नीचर परिसर में भव्य स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।

### बिजली बोर्ड के कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू



**अनंत ज्ञान, ऊना।** नंगल में राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान एनपीटीआई द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार से शुरू हुआ। आरडीएसएस के तहत एचपीएसईबीएल के कर्मचारियों के लिए डिस्कॉम के तकनीकी वाणिज्यक सुधार की शिविर में जानकारी दी जा रही है। कंपनी के प्रतिनिधि सुखदेव ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य बिजली कर्मियों के कार्य में कुशलता बढ़ानी है।

### डीएवी स्कूल अंबोटा के छात्रों ने दिलाए पुरस्कार




**अनंत ज्ञान, गगरेट।** इन्नोवेटिव आइडिया के साथ सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने वाले जिला ऊना के 49 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना पास की है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा को पास कर विकास खंड गगरेट के डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल अंबोटा के दो विद्यार्थी भी चर्चा में आए हैं। डीएवी स्कूल अंबोटा के ये दो होनहार अभय सूद व अरिहंत शर्मा हैं। इन्हें इंस्पायर मानक अवार्ड योजना के तहत दस-दस हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। अभय सूद ने अपने माडल में सूखा कचरा व गीला कचरा को अलग-अलग कर सूखे कचरे से बायो कंपोस्ट खाद व गीले कचरे से बायो गैस का मॉडल तैयार किया था। वहीं अरिहंत शर्मा के मॉडल को भी खूब सराहना मिली। स्कूल के प्रधानाचार्य नमित शर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि इससे एक बार फिर से यह सिद्ध हुआ है कि डीएवी स्कूल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लक्ष्य को पूरा कर रहा है।

# हिमाचल-पंजाब सीमा छावनी में तब्दील

## पंजाब में एचआरटीसी की बसों से तोड़फोड़ करने के बाद पुलिस ने शुरू किया सर्च अभियान

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/गगरेट**

कुल्लू जिले में जरनैल सिंह भिंडरावाले के झंडे उतारने से उपजे विवाद की आग पंजाब में एचआरटीसी की बसों से तोड़फोड़ तक पहुंचने के बाद सिख संगठनों द्वारा हिमाचल-पंजाब की सीमा पर धरना देने की दी गई धमकी के चलते बुधवार को हिमाचल-पंजाब की सीमा आशादेवी पुलिस छावनी में तब्दील हो गई।

हिमाचल पुलिस की टुकड़ियां बुधवार सुबह ही आशादेवी बार्डर पर तैनात हो गईं और पंजाब से हर आने पर तेज नजर रखने के साथ पुलिस ने पंजाब से आने वाले वाहनों की पड़ताल भी की। बताया जा रहा है कि किसी भी तरह से टकराव को टालने के लिए पंजाब पुलिस ने भी होशियारपुर में व्यापक प्रबंध किए थे और किसी भी सिख संगठन को बार्डर की ओर जाने की कोई अनुमति नहीं दी गई। कुल्लू जिले में जरनैल सिंह भिंडरावाले के झंडे वाहनों से उतारने से पंजाब के कई सिख संगठन इतने उग्र हुए कि पंजाब में कई स्थानों पर इसके विरोध में एचआरटीसी की बसों को निशाना बनाया गया।



ऊना के पंजाब के साथ बॉर्डर एरिया में वाहनों की जांच करता पुलिस बल।

हालांकि शायद सिख संगठन इस बात से अनभिज्ञ हैं कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वाहनों पर किसी भी प्रकार की फ्लैग रॉड लगाने की अनुमति नहीं है। इसी के चलते पुलिस जब चालान करने के लिए आगे आती है तो हर साल सिख संगठन उग्र हो जाते हैं। इस बार भी यही हुआ। पंजाब में जहां-जहां एचआरटीसी की बसों को निशाना बनाया गया, वहां खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी भी की गई, लेकिन पंजाब में कहीं भी पंजाब पुलिस ने कोई मामला तक दर्ज नहीं किया।

इसके साथ ही कई सिख संगठनों ने चेतावनी दी थी कि बुधवार को हिमाचल-पंजाब की सीमा पर धरना दिया जाएगा। ऐसी इनपुट हिमाचल पुलिस को मिलते ही हिमाचल पुलिस के अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिमाचल-पंजाब की सीमा आशादेवी में भारी पुलिस बल तैनात कर दिए। यहां डीएसपी डॉ. वसुधा सूद व एसएचओ सन्नी गुलेरिया भी दलबल के साथ मौजूद रहे।

हालांकि एक गाड़ी जरनैल सिंह भिंडरावाले का झंडा लगाकर आई, लेकिन जब उन्हें पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में बताया और अनाधिकृत तरीके से फ्लैग राड लगाने पर पांच हजार रुपये तक चालान होने की बात बताई तो गाड़ी सवार लोगों ने खुद ही झंडा हटाकर गाड़ी में रख लिया।

उधर, पंजाब पुलिस ने भी किसी भी प्रकार के टकराव को रोकने के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। इसके चलते बुधवार को कोई भी सिख संगठन अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए बार्डर तक नहीं पहुंच पाया। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। पुलिस को कु छ इनपुट मिले थे, उसी के आधार पर बार्डर पर पुलिस बल तैनात किए गए थे।

## ज्वार के जंगल से लटकी हुई मिली व्यक्ति की लाश

**अनंत ज्ञान, अंब**

बुधवार को अंब पुलिस ने ज्वार के जंगल में पेड़ से लटकी हुई एक लाश बरामद की है। मृतक की पहचान 47 वर्षीय मनजीत सिंह पुत्र करनैल सिंह वासी आनंदपुर मोहल्ला फाजिल्का पंजाब के रूम में हुई है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मृतक के पास से पेट की जेब से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है फोन स्विच ऑफ था।

फोन के आधार पर उसके परिजनों से बात करने के बाद पता चला है कि उपरोक्त व्यक्ति मनजीत सिंह 10 मार्च को बाबा बड़भाग सिंह होला मोहल्ला मैड़ी में आया था, उसकी 12 मार्च तक अपने परिजनों के साथ बात हुई थी और उसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ चल रहा था। बुधवार दोपहर कुछ लोग जंगल में कबाड़ को इकट्ठा कर रहे थे, जिस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग तीन के किनारे जंगल में उन्होंने पेड़ से लटकी हुई इस लाश को देखा, जिसकी सूचना उन्होंने पंचायत प्रधान को थी और प्रधान ने इसकी सूचना पुलिस थाना अंब को दी। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को पेड़ से उतारा और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है

डीएसपी अंब वसुधा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक का गले में बंधने वाले मफलर के साथ शब पेड़ के साथ लटका हुआ था। आत्महत्या है या फिर हत्या, इसका खुलासा जांच के बाद हो पाएगा। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है और उसके परिजनों को सूचित कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### धार्मिक समागम आज से

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** अजोली मोड़ पंचायत में धार्मिक समागम करवाया जा रहा है। पंज पीरी मंदिर कमेटी के सेवादार लवली कुमार ने बताया कि 20 से 22 मार्च तक पिरो को सालाना मेला करवाया जा रहा है। इसमें वीरवार को सुबह प्रभातफेरी, 21 मार्च को पीरो की शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा भंडारा भी लगाया जाएगा। इस अपसर पर प्रधान परमजीत सिंह, उपप्रधान राम लाल सहोता, सचिव हरमेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## डाइट देहलां में शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** समग्र शिक्षा और जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान देहलां के तत्वावधान में पीएम श्री स्कूलों के अध्यापकों के लिए चल रही पांच दिवसीय शिक्षक क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ डाइट प्रधानाचार्य राकेश अरोड़ा के द्वारा किया गया।

कार्यशाला के पहले दिन उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण में कंप्यूटर से संबंधित बारीकियों को समझने का पूरा प्रयास करें। इस कार्यशाला में जिले के पंद्रह पीएमश्री विद्यालयों के 59 अध्यापक भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों को कंप्यूटर के पूर्ण ज्ञान से अवगत कराना है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन की शुरुआत में प्रतिभागियों द्वारा पहले दिन के पुनरावृत्ति से की गई। सुबह के प्रथम सत्र में अंकुर सूद एवं दूसरे सत्र में संजीव कुमार ने शिक्षकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## चिंतपूर्णी में ब्लड डोनेशन कैंप में 50 यूनिट रक्त किया एकत्रित



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

हिमाचल और पंजाब में आजकल तनावपूर्ण माहौल है, लेकिन चिंतपूर्णी में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप ने आपसी सौहार्द का संदेश दिया है। चिंतपूर्णी के बाबा श्री माईदास सदन में सतनाम हॉस्पिटल ब्लड सेंटर होशियारपुर की तरफ से ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया।

इसमें चिंतपूर्णी व आसपास के क्षेत्र के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और करीब 50 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर जसवां-प्रागपुर से आजाद प्रत्याशी रहे कैप्टन संजय पराशर और चिंतपूर्णी मंदिर के सुरक्षा अधिकारी रिटायर्ड कर्नल मनीष धीमान ने भी रक्तदान किया। कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि वह हर 3 महीने बाद रक्तदान करते हैं और आज उन्हें पता चला कि चिंतपूर्णी में कैंप का आयोजन किया गया है, तो वह यहां पर पहुंचे और रक्तदान किया।

सतनाम हॉस्पिटल के डॉक्टर गुरप्रीत सिंह ने बताया कि चिंतपूर्णी में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया, जिसमें स्थानीय युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिर न्यास, बृजमोहन कालिया और महेश कालिया ने कैंप के लिए काफी सहयोग दिया।

## करियर प्वाइंट अकादमी बंगाणा के 81 बने अग्निवीर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

करियर प्वाइंट डिफेंस अकादमी बंगाणा के छात्रों ने अपना लक्ष्य हासिल किया। जानकारी देते हुए अकादमी प्रधानाचार्य कैप्टन पीसी शर्मा ने बताया कि एआरओ हमीरपुर रैली भर्ती की शारिरिक परीक्षा में अकादमी का परिणाम 100 फीसद रहा, जसमें 91 छात्रों ने सफलता प्राप्त की।

वहीं, ऊना जिले के भलेत बंगाणा का राहुल राणा, बाउट बंगाणा से आदित्य ठाकुर, प्रशांत राणा, डूमखार से विपुल राणा, मलांगड़ से कुशल शर्मा, अभिषेक ठाकुर, रोहित शर्मा, थानाकलां से अभय, रिशू कुमार, हर्ष कुमार, अभिषेक कुमार, हरिनगर से विनय राणा, सासन से शुभम शर्मा, तनोह से जगतार सिंह, बुधान से विशाल कुमार, अंकित, विवेक, मिलान सिंह, रोहित चौधरी, हमीरपुर बिझड़ी से अनिकेत, धनेटा कांगू से अनिकेश पठानिया, वीरेंद्र कुमार, आशीष शर्मा, विपुल चौधरी, लोकेश कुमार, धनंजय शर्मा,



करियर प्वाइंट अकादमी के चयनित छात्र को मिठाई खिलाते गणमान्य।

- **अब तक 17 वर्ष में हुए 2108 युवा सेना में भर्ती**
- **हमीरपुर व मंडी आरओ भर्ती में 81 युवा हुए चयनित**

निखिल राणा, सोनू धीमान, आंचल शर्मा जिला बिलासपुर से मोहित राणा, रोहित राणा, विकास शर्मा, दिनेश चंद, राहुल शर्मा, राहुल ठाकुर, आदित्य कुमार, कुल्लू से सौरव आदि शामिल हैं।

युवाओं को संदेश देते हुए अकादमी प्रबंधक मनोज अग्निहोत्री ने चयनित युवाओं व उनके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि ऐसे मे अब तक अकादमी के 2108 युवा भारतीय सेना मे चयनित हो चुके हैं।

युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि आज युवाओं के लिए भारती सेना में चयनित होना वरदान से कम नहीं क्योंकि आज मोबाइल व चिट्टे से युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इस अवसर पर अकादमी के अध्यापक साहिल शर्मा, अनिता कुमारी, मीना ठाकुर, आदि उपस्थित रहे।

## युवा खेलों में बढ़ाएं रुचि, ताकि कुटलैहड़ हो नशा मुक्त : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो युवाओं को नशे से बचाने और खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए एक अनूठी पहल चला रहे हैं। वह कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर बूथ पर जाकर युवाओं को चिट्टे जैसे खतरनाक नशे से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं और उन्हें खेलों की ओर आकर्षित करने के लिए नकद धनराशि और खेल किटें भी प्रदान कर रहे हैं।

उनका उद्देश्य कुटलैहड़ को एक नशा-मुक्त क्षेत्र बनाना है, जहां युवा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपनी रुचि बढ़ाएं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। भुट्टो ने कहा कि नशे की लत युवाओं के स्वास्थ्य और करियर को बर्बाद कर रही है और इसे रोकने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे भी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें और यदि कोई बच्चा नशे की चपेट में आ रहा है, तो उसे सही मार्गदर्शन दें।



युवाओं को खेल किट प्रदान करते भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो।

भुट्टो ने घोषणा की कि जो भी युवा खेलों में रुचि रखते हैं, उन्हें खेल कीटें उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि वे अपनी पसंद के खेल को बिना किसी बाधा के खेल सकें। इसके अलावा, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद इनाम भी दिया जाएगा, जिससे उनकी हौसला-अफजाई हो सके। भुट्टो ने कहा कि उनका लक्ष्य कुटलैहड़ को पूरी तरह नशा-मुक्त बनाना है।

इसके लिए वह युवाओं को खेलों में व्यस्त रखने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दे रहे हैं, ताकि वे नशे की बजाए अपने करियर पर ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और समाजसेवी संस्थाओं से भी अपील की कि वह भी इस अभियान में योगदान दें और युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन करें।

## कर्मचारी हित में सुक्खू सरकार का बजट : रजनीश

**अनंत ज्ञान, हरोली।** सीएम सुक्खू सरकार ने बजट मे हर वर्ग का ख्याल रखा है। सरकार ने कर्मचारी हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह बात जिला ऊना अराजपत्रित कर्मचारी संघ के प्रधान रजनीश शर्मा ने हरोली में कही।

इस मौके पर कर्मचारी नेता प्रेम सिंह, विनय कुमार व गौरव कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने सरकार से कर्मचारी वर्ग को 3 फीसदी डीए देने के लिए आभार जताया। सरकार से समय अवधि के भीतर कर्मचारी वर्ग को एरियर देने का आग्रह भी किया है। उन्होंने बजट को हर वर्ग के हित में करार दिया है।



## भागवत कथा सुनने से मिलती है पाप से मुक्ति : कथावाचक

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

उपतहसील जोल की कठोह पंचायत के गांव धरूं में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रकाश चंद वशिष्ठ परिवार की ओर से किया गया। इस अवसर पर चिंतपूर्णी क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक बलवीर सिंह, महालक्ष्मी इंडस्ट्री के उद्योगपति, समाजसेवी एवं चिंतपूर्णी मंडल के उपाध्यक्ष योगराज जोगी और पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने कथा का श्रवण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने समाज को एकता और प्रेम का मार्ग दिखाया था। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक विनय शर्मा ने श्रीमद् भागवत महिमा के बारे में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करना संसार का सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है। यह भगवान का बांग्मय स्वरूप है, जो जन्म-जन्मांतर के पुण्य उदय होने पर प्राप्त होता है। न भागवत



धरूं में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए पूर्व विधायक बलबीर सिंह।

की नियति ब्रह्मा होना है, यह देव दुर्लभ है, किंतु मनुष्यों को सुलभ होकर ज्ञान गंगा के रूप में प्रवाहित हो रही है। हर मनुष्य को समाज में अच्छा काम करना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि धर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है। जो मनुष्य अच्छा कर्म करता है, उसे अच्छा फल मिलता है। बुरे कर्म करने वालों को बुरा फल मिलता है, इसलिए सभी को अच्छा कर्म करना चाहिए।

भागवत को सुनने से पाप नष्ट होता है। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए, तब भी तृप्ति नहीं होती। उन्होंने कहा कि भक्ति के दो पुत्र हैं। एक ज्ञान, दूसरा वैराग्य। भक्ति बड़ी दुखी थी। उसके दोनों पुत्र वृद्धावस्था में आकर भी सोए पड़े हैं।

भक्ति बड़ी दुखी थी कि यदि वे नहीं जागे तो यह संसार गर्त में चला जाएगा। भागवत कथा पौराणिक होती है। नारद जी ने भक्ति सूत्र की व्याख्या करते हुए भी व्यक्ति को प्रेमारूप बताया है। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने के लिए श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही है।

### मां जगदंबा की आराधना से मिली राक्षसों से मुक्ति

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** बड़ूही क्षेत्र में आयोजित शिव पुराण कथा में कथावाचक सुरेंद्र शास्त्री ने एक अद्भुत और रोचक कथा सुनाई, जिसमें देवताओं पर राक्षसों के अत्याचार का वर्णन था। कथा के अनुसार, जब राक्षसों का अत्याचार देवताओं पर अत्यधिक बढ़ गया और वे निरंतर कष्टों में डूबे हुए थे, तो देवताओं ने मां जगदंबा की आराधना की। देवताओं ने मां से राक्षसों के अत्याचार से मुक्ति की गुहार लगाई।

मां जगदंबा ने देवताओं की पुकार सुनी और उन्हें दर्शन दिए। मां के आशीर्वाद से देवताओं को राक्षसों पर विजय प्राप्त हुई, जिससे देवलोक में शांति और समृद्धि का संचार हुआ। कथा के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय नेताओं और धार्मिक प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया तथा कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में धार्मिक एकता और भाईचारे का संदेश मिलता है।

## बंगाणा कॉलेज में छात्रों ने पर्यावरण आंदोलन पर विचार किए व्यक्त

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

- **पर्यावरण आंदोलन विषय पर व्याख्यान प्रतियोगिता का किया आयोजन**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में बुधवार को भारत में किए गए पर्यावरण आंदोलन, तृतीय विश्व में समानता की धारणा और भारत के राष्ट्रपति के आपातकालीन शक्तियां विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न वर्ष के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रथम वर्ष की छात्रा आकांक्षी ठाकुर और रितिक ठाकुर ने भारत में किए गए पर्यावरण आंदोलन पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद, प्रथम वर्ष की छात्रा आशिमा और साक्षी ने तृतीय विश्व में समानता की धारणा पर अपनी प्रस्तुति दी। अंत में, प्रथम वर्ष के छात्र वरुण और कंचन ने भारत के राष्ट्रपति के आपातकालीन शक्तियों पर सेमिनार प्रस्तुत किया। सेमिनार के समापन पर, राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने इन सभी विषयों की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को इन मुद्दों पर और गहरे विचार करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनीता राणा, उपाध्यक्ष वासु शर्मा, महासचिव अंकिता मनकोटिया, सह सचिव तनू ठाकुर, दिव्यांशु शर्मा और अन्य विभागीय सदस्य भी उपस्थित रहे। यह सेमिनार विद्यार्थियों के विचारों और दृष्टिकोणों को एक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर बना और महाविद्यालय में अकादमिक विचार-विमर्श को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हुआ।

**आयोजन** ट्रिपल आईटी ऊना में प्रेरणादायक इंटरैक्टिव सेशन आयोजित, अर्नोल्ड ने साझा किए अपने अनुभव

## छात्रों को मिली पेशेवर दुनिया में करियर बनाने की प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ट्रिपल आईटी ऊना में अर्नोल्ड सु वाइस, प्रेजिडेंट कंज्यूमर, गेमिंग पीसीए एस इंडिया द्वारा एक प्रेरणादायक इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया गया। अर्नोल्ड सु ने एस के कंज्यूमर और गेमिंग पीसी बाजार में विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रो. मनीष गौड़ ने बताया कि अर्नोल्ड सु के पास व्यापार रणनीति और तकनीक का व्यापक अनुभव है, जिससे उन्होंने एस को एक अग्रणी ब्रांड बनाने में मदद की है। उनके अनुभव और विचार छात्रों को तकनीकी और बिजनेस में करियर के लिए मार्गदर्शन देने के लिए बहुत उपयोगी साबित हुए।



ट्रिपल आईटी ऊना में इंटरैक्टिव सेशन में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

इस सेशन में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिससे छात्रों को पेशेवर दुनिया को समझने और अपने करियर की तैयारी करने में मदद करेगी। अर्नोल्ड सु ने तकनीक में करियर के अवसरों और व्यापार में उत्कृष्टता के महत्व पर बात की। उन्होंने एस इंडिया की सफलता की यात्रा साझा की और बताया कि कंपनी ने अपने पीसी और आरओजी मार्केट शेयर को 4 प्रतिशत से 15.3 प्रतिशत तक कैसे बढ़ाया। उन्होंने आरओजी गेमिंग क्रांति के बारे में भी चर्चा की और समझाया कि कैसे प्रदर्शन और गेमर, केंद्रित डिजाइनों पर ध्यान देकर गेमिंग लैपटॉप के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई।

सेशन के दौरान अर्नोल्ड सु ने अपनी व्यक्तिगत यात्रा और करियर में सीखे गए सबक साझा किए। उन्होंने टीम वर्क, अनुकूलनशीलता और ग्रोथ माइंडसेट के महत्व को समझाया, जो किसी भी करियर में सफलता पाने के लिए जरूरी हैं।

उन्होंने अपनी नेतृत्व शैली नो मैजिक, ओनली बेसिक्स के बारे में बताया और समझाया कि मजबूत बुनियादी सिद्धांतों से दीर्घकालिक सफलता मिलती है। उन्होंने छात्रों को नए बदलावों को अपनाने, जिज्ञासु बने रहने और अपने कौशल को लगातार विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रो. मनीष गौड़ ने अर्नोल्ड सु का स्वागत और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस सेशन से छात्रों को एक उद्योग विशेषज्ञ से सीखने का मौका मिला। उन्होंने छात्रों को अर्नोल्ड सु के अनुभवों और सीखों को अपने करियर में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## हिमाचल में 40 हजार महिलाओं को मिल रहा प्रति माह 1500 रुपए : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार 40,000 महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। यह योजना मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चलाई जा रही गारंटी योजनाओं का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सम्मान जनक जीवन जीने का अवसर देना है।

कुटलैहड़ के विधायक विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में सरकार द्वारा दी गई सात गारंटियों को पूरा करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इन योजनाओं में महिलाओं को वित्तीय सहायता, युवाओं को रोजगार के अवसर, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने जैसी योजनाएं शामिल हैं। सरकार का यह प्रयास न केवल हिमाचल प्रदेश की जनता को लाभान्वित कर रहा है, बल्कि प्रदेश के विकास को भी एक नई दिशा दे रहा है।

विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने में सफल हो रही है, लेकिन केंद्र सरकार ने जो दस वर्ष पूर्व हर मंच से हर परिवार को 15 लाख रुपए देने के वादे का अभी तक कोई ठोस परिणाम जनता को नहीं मिला है। यह वादा केंद्र सरकार द्वारा वर्षों पहले किया गया था, लेकिन जनता अभी भी उस दिन का इंतजार कर रही है, जब यह रकम उनके खातों में पहुंचेगी। ऐसे में हिमाचल प्रदेश की जनता के मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि यदि राज्य सरकार अपनी योजनाओं को साकार कर सकती है, तो केंद्र सरकार अपने वादों को पूरा करने में क्यों असमर्थ रही है? विवेक शर्मा ने कहा कि विपक्षी दल खासकर भाजपा राज्य सरकार पर निराधार आरोप लगाने में जुटी हुई है।

## गिरिधर ने स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में अल्पाइन स्कीइंग में झटका स्वर्ण पदक

# दिव्यांगता को हराकर भरी सपनों की उड़ान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कहते हैं अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी चुनौती सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। इसे ही साबित कर दिखाया है कुल्लू की खराहल घाटी के गिरिधर ने जिन्होंने दिव्यांग (मानसिक रूप से) होते हुए भी स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में अल्पाइन स्कीइंग में स्वर्ण पदक देश के नाम कर, देश, प्रदेश व कुल्लू जिले का नाम रोशन किया है।



गिरिधर बचपन से ही मानसिक रूप से दिव्यांग हैं। वर्ष 2006 से वह कुल्लू के सरवरी स्थित नव चेतना संस्था के डे-केयर सेंटर में शिक्षा के साथ-साथ चारु फाउंडेशन में वोकेशनल ट्रेनिंग ले रहे हैं। सुबह 10 से 3 बजे तक पढ़ाई के साथ-साथ उसे अल्पाइन स्कीइंग की भी ट्रेनिंग दी जाती है। नवचेतना स्कूल के सचिव शेरू राम सरहैली ने बताया कि गिरिधर पिछले आठ सालों से प्रैक्टिस कर रहा था और पहले भी उसका चयन हुआ था, लेकिन कोरोना के कारण वह भाग नहीं ले पाया था, लेकिन इस बार इटली के तुरीन में 10 से 15 मार्च तक आयोजित स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में अल्पाइन स्कीइंग में स्वर्ण पदक जीतकर उसने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है।

नवचेतना स्कूल के सचिव शेरू राम सरहैली व चारु संस्था की कमलेश कुमार धीमान ने गिरिधर की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि गिरिधर ने न सिर्फ देश-प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि परिजनों, रिश्तेदारों के साथ ही हमारी संस्थाओं का भी नाम बढ़ाया है।

गिरिधर ने अपनी दिव्यांगता को कमजोरी नहीं, बल्कि अपना ताकत बनाते हुए अपनी मेहनत और जुनून से यह मुकाम हासिल किया है। वहीं, गिरिधर के माता-पिता व रिश्तेदारों ने भी खुशी जताते हुए कहा कि उनका बेटा बेशक मानसिक रूप से कमजोर है, लेकिन उसने अपनी कमजोरी को ही अपनी ताकत बनाते हुए आज देशभर में उनका सिर गर्व से ऊंचा किया है। गिरिधर के पिता ने कहा कि आज उनके बेटे ने जो उपलब्धि हासिल कर जो गोल्ड मेडल जीता है, वह कोच हरबन लाल प्रभु व नवचेतना स्कूल और चारु संस्था के कारण ही संभव हो पाया है।

वहीं, गिरिधर ने कहा कि उन्हें अल्पाइन स्कीइंग का शौक था उन्होंने सभी को अपनी उपलब्धि का श्रेय देते हुए कहा कि वह बहुत खुश हैं। (अनंत ज्ञान)

### ढोल-नगाड़ों से हुआ भव्य स्वागत

**इटली** में आयोजित स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में बेहतर प्रदर्शन कर लौटे स्पेशल खिलाड़ी गिरीधर का कुल्लू पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान सबसे पहले गिरीधर डीसी कार्यालय पहुंचे, जहां परिजनों और नव चेतना स्पेशल स्कूल व चारू फाउंडेशन के पदाधिकारियों सहित परिजन और ग्रामीण काफी संख्या में ढोल-नगाड़े लेकर पहुंचे और गिरीधर का स्वागत किया। डीसी कुल्लू के हाथों इस दौरान गिरीधर का फूल-मालाएं, टोपी और मफलर देकर सम्मानित किया गया।

## मौसम ने बदली करवट, बर्फबारी का दौर जारी

### तापमान में गिरावट, लाहौल-स्पीति में 24 घंटों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद अटल टनल रोहतांग और लाहौल-स्पीति में बर्फबारी शुरू हो गई है।

बर्फबारी सिस्सू, कोकसर और आसपास के क्षेत्रों में हो रही है। वहीं, कुल्लू जिले में बर्फीली हवाओं का दौर बुधवार दिनभर जारी रहा, जबकि शाम के समय बारिश की बौछारें निचले क्षेत्रों में हुई। वहीं, ऊंचे क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो रही है। वहीं, अगले 24 घंटों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। इसमें ग्लेशियर गिरने और बर्फबारी के खतरे को देखते हुए अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी गई है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लोगों को सतर्क किया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चेतावनी जारी की है कि अगले 24 घंटों में 2300 मीटर से ऊपर मध्यम स्तर का हिमस्खलन हो सकता है। प्राधिकरण ने हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में आवाजाही से बचने की सलाह दी है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है।



**डीएसपी** मनाली केडी शर्मा ने बताया कि बुधवार को फोर बाई फोर वाहनों के लिए अटल टनल रोहतांग बहाल रही। उन्होंने बताया कि शाम होते ही मनाली के ऊंचाई वाले पर्यटन स्थलों में हिमपात शुरू हो गया है। वीरवार को अटल टनल की ओर पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

### अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में लगा पर्यटकों का मेला

**बुधवार** को अटल टनल के पार पर्यटकों का मेला लग गया। पर्यटक बर्फ का आनंद लेने के लिए अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पहुंचे। अटल टनल रोहतांग सहित लाहौल घाटी सैलानियों के लिए बहाल हो गई है। लाहौल-स्पीति पुलिस ने अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल तक सैलानियों को आने की अनुमति दे दी है। अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल लाहौल घाटी में चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई है। यह वादियां पर्यटकों को खासी आकर्षित कर रही हैं। बुधवार को अधिकतर पर्यटकों ने सोलंगनाला में ही साहसिक खेलों का आनंद उठाया। साथ ही अंजनी महादेव में प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन किए। पर्यटक बादलों के बीच अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पहुंचे और बर्फ का आनंद उठाया। लाहौल के पर्यटन कारोबारी टशी व रिगजिन ने बताया कि बुधवार को 200 से अधिक फोर बाई फोर वाहन अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पहुंचे। उन्होंने बताया कि पर्यटकों ने दिन भर लाहौल की वादियों में घूमने का आनंद लिया। देर शाम को मौसम खराब हो गया और हिमपात का क्रम शुरू हो गया।

## न्यूज ब्रीफ

### नशे व अन्य कुरीतियों से बचाव बारे बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के खांग्सर गांव में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा, मिशन वात्सल्य, किशोर न्याय अधिनियम-2021, बालकों के अधिकार व लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण व बच्चों के अधिकार पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता करते हुए बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मति शशि किरण ने कहा कि विभाग के अधिकारियों ने बाल अधिकारों व किशोरावस्था में नशे व अन्य कुरीतियों से कैसे बचाया जाए। इससे संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी दी, लेकिन समाज का हर वर्ग अपनी जिम्मेदारी अच्छे से समझे, तो बाल अपराध व किशोरावस्था में उन्हें नशे जैसे कुरीतियों व साइबर क्राइम से बचाया जा सकता है और एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरा नंद ने कहा कि वर्तमान में भले ही लाहौल-स्पीति में स्ट्रीट चिल्ड्रन एवं चाइल्ड लेवर्स की कोई समस्या नहीं है, लेकिन हमें भविष्य में भी इन समस्याओं के लिए तैयार रहना चाहिए। कार्यशाला में पोक्सो एक्ट, बाल अधिकार, बाल श्रम, बाल विवाह व महिलाओं के उत्पीड़न व घरेलू हिंसा व दहेज प्रथा व साइबर क्राइम पर विस्तार से जानकारी दी। जिला बाल सरंक्षण अधिकारी डॉ. हीरानंद ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल अधिकार, चाइल्ड लेबर, बाल विवाह व घरेलू हिंसा सहित सभी विषयों पर जानकारी देना है।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में समीक्षा प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल के सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ। एकदिवसीय कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नागराज पवार ने की। इस दौरान नर्सिंग छात्रों द्वारा पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई और जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर उषा ठाकुर ने जिला स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य शिक्षिका एवं जन संप्रेषण अधिकारी निर्मला महंत ने बताया कि जिला स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नागराज पवार के दिशा-निर्देश अनुसार कुल्लू के विभिन्न स्थानों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहा हैं। बुधवार को कुल्लू के क्षेत्रिय अस्पताल में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में समीक्षा प्रथम, किरण द्वितीय व दिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में किंजल प्रथम, बबीता द्वितीय एवं वंशिका ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### एसडीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले नवाजे



**अनंत ज्ञान, मनाली।** एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि समाज के उत्थान में पत्रकारों की भूमिका बहुत अहम है क्योंकि पत्रकार समाज में सच्चाई और पारदर्शिता लाने, लोगों को जागरूक करने और सामाजिक बुराइयों को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। वह मनाली में आयोजित बीसी शर्मा मेमोरियल उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। स्वर्गीय बीसी शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वो एक महान पत्रकार थे। सभी पत्रकारों को उनकी राह पर चलते हुए समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी। इस दौरान उनकी याद में पर्यावरण प्रेमी किशन लाल की ओर से लाया पौधा भी लगाया गया।

## सेसराम ठाकुर जैसे स्वयंभू पेंशनर नेता अपनी कुर्सी तक ही सीमित : गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने 18 मार्च को सहकार भवन सरवरी कुल्लू में करवाए गए सिविल पेंशनर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन की जिला कुल्लू कार्यकारिणी के चुनावों को अवैध करार दिया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड इकाई के महासचिव खुशाल चंद नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर आदि पेंशनर नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा कि एक व्यक्ति खुद ही इन चुनावों में बैठक की अध्यक्षता करता है और खुद ही जिला अध्यक्ष बन जाता है। इन चुनाव में न तो किसी अधिकृत व्यक्ति को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया और न ही पर्यवेक्षक के रूप में हाउस ने किसी व्यक्ति को अधिकृत किया। गुलशन ने कहा कि सिविल पेंशनर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जिला कुल्लू के तथाकथित अध्यक्ष सेस राम ठाकुर और उनकी तमाम कार्यकारिणी अवैध, असंवैधानिक एवं अलोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई है, जिसे पेंशनर्स के मामलों को उठाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने स्वयंभू अध्यक्ष सेसराम से पूछा कि उन्होंने लोकतांत्रिक व पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए पीठासीन अधिकारी और पर्यवेक्षक को नियुक्त क्यों नहीं किया? चुनाव किसकी अध्यक्षता में करवाए गए? बीते दिन सहकार भवन सरवरी में करवाए गए सिविल पेंशनर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव का पूरा रिकॉर्ड तलब किया गया है। इन चुनावों को जल्द ही कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।



## हरिपुर कॉलेज में रोड सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन

# पोस्टर मेकिंग में प्रिया प्रथम, पल्लवी द्वितीय

**अनंत ज्ञान, मनाली**

जिला कुल्लू के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में बुधवार को 'रोड सुरक्षा जागरूकता' पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का आयोजन रोड सुरक्षा क्लब द्वारा किया गया, जिसमें कॉलेज प्राचार्या डॉ. शेफाली मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्टातिथि आरटीओ कुल्लू राजेश भंडारी और मेडिकल ऑफिसर सजला डॉ. हेमंत ठाकुर रहे। कार्यक्रम दो सत्रों में विभाजित किया गया था। पहले सत्र में डॉ. हेमंत ठाकुर मेडिकल ऑफिसर केंद्र सजला ने प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) पर व्याख्यान दिया और छात्रों को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी। उनके इस सत्र ने छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष परिस्थिति में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रयोग किस प्रकार किया जाए उसके बारे में समझाया। दूसरे सत्र में राजेश भंडारी रोड ट्रांसपोर्ट ऑफिसर ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए और छात्रों के साथ सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात कानूनों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गाड़ी चलाते हुए गति नियंत्रित व नियमानुसार रखनी चाहिए साथ ही कहा ड्राइविंग लाइसेंस सभी के पास हो।



उन्होंने विद्यार्थियों के जिज्ञासापूर्ण सवालों के जवाब भी दिए और कहा कि सभी अगर नियमों से रहना अभी से शुरू कर दें, तो ये सड़क हादसे बहुत ही कम हो जाएंगे। उनके द्वारा विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं। पोस्टर मेकिंग में प्रिया ने प्रथम, पल्लवी ने दूसरा और वृंदा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में स्वाती पटियाल ने पहला, प्रिया ने दूसरा और भावना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में मनीषा ने प्रथम और प्रिया द्वितीय स्थान पर रही। कॉलेज प्राचार्या डॉ. शेफाली ने मुख्य वक्ताओं का धन्यवाद देते हुए कहा की सड़क सुरक्षा की जानकारी केवल वाहन चलाने वाले के लिए नहीं, बल्कि सड़क पर चलने वाले के लिए भी आवश्यक है।

## जगतसुख का चचौली मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, मनाली।** कुल्लू रियासत की पहली राजधानी जगतसुख का ऐतिहासिक चचौली मेला शुरू हो गया है। समाजसेवी भीमसेन शर्मा ने मेले की विधिवत शुरुआत की। उन्होंने ग्रामीणों को मेले की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक हैं। मेलों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी ये अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मेला कमेटी को 11 हजार की राशि भेंट की। मेला कमेटी के प्रधान रोशन ने बताया कि मेले में देवी गायत्री, शावर्णी, शिरघन नाग, फाहली नाग, कार्तिक स्वामी, देवी पार्वती, ब्राणी महादेव तथा सजली विष्णु सहित घाटी के अन्य देवी-देवता भाग लेने आ रहे हैं।

## स्पीति उपमंडल में 21 वन मित्रों को दिए नियुक्ति पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** स्पीति उपमंडल में वन विभाग द्वारा 21 वन मित्रों को नियुक्ति पत्र देकर होली का विशेष तोहफा दिया। वन उपसंरक्षक उमेश मंदार जेवरे ने बताया कि वन्य प्राणी मंडल स्पीति के अंतर्गत 4 वन्य प्राणी परिक्षेत्रों में 21 वन मित्रों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इनमें 9 युवतियां व 12 युवक शामिल हैं। उन्होंने सभी वन मित्रों से आग्रह किया कि वे 16 से 30 अप्रैल तक अपने संबंधित रेंज कार्यालय में चिकित्सा प्रमाण पत्र व शपथ पत्र सहित ज्वॉइनिंग देना सुनिश्चित करें। इस वर्ष मई माह से वनों की सुरक्षा का जिम्मा इन वन मित्रों के कंधों पर रहेगा। ये वन मित्र जंगलों में अवैध कटान व शिकार को रोकने, आग से बचाव, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण को बढ़ावा देने व लोगों को वनों और वन्य प्राणियों की महत्वत्ता व संरक्षण के बारे में जागरूक करेंगे। यह कदम स्पीति उपमंडल में वन संपदा को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## विमल नेगी की मौत की हो निष्पक्ष जांच : महिमन चंद्र



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राष्ट्रीय इंटक फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लोकतंत्र संगठन के प्रदेशाध्यक्ष महिमन चंद्र ने कहा कि एचपीसीएल में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ शोषण हो रहा है, जो कि कतई बर्दाश्त नहीं होगा।

कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि एचपीसीएल में अधिकारियों और कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। उन्होंने एचपीसीएल के अधिकारी विमल नेगी की मौत पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि उन्होंने सुसाइड नहीं किया, बल्कि वह उच्च अधिकारी की प्रताड़ना का शिकार हुए हैं, जिस कारण उन्होंने इस तरह का कदम उठाया है, जब उच्चतम अधिकारी ही एचपीसीएल में सुरक्षित नहीं हैं और दबाब में कार्य करने को मजबूर हैं, तो निचले कर्मचारियों की वहां क्या हालत होगी। फेडरेशन स्व. विमल नेगी के परिवार के साथ खड़ी है। इस दुख की घड़ी में और एचपीसीएल के हर अधिकारी कर्मचारी की लड़ाई फेडरेशन खुद लड़ेगी। अगर अब भी एचपीसीएल ने अधिकारियों व कर्मचारियों का शोषण करना बंद नहीं किया, तो इसकी कीमत उनको चुकानी पड़ेगी। स्व. विमल नेगी को फेडरेशन शहीद मानते हुए उनके साथ हुए हर अत्याचार और शोषण की जांच के लिए दिन रात एक करेगी।

# यह कैसी लाचारी, एक पद, दो अधिकारी

### एचपीपीसीएल के अधिशाषी अभियंता के पद पर दो अधिकारी दे रहे सेवाएं

**अनंत ज्ञान, सैंज**

आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रही प्रदेश सरकार पर कुछ अधिकारी बोझ बने हुए हैं। भले ही सरकार बाहरी राज्यों के हाथ गए संसाधनों को वापस लाने के लिए खासी दौड़ धूप कर रही है, लेकिन राज्य के अपने उपक्रमों में अधिकारियों की मनमानी रोकने में नाकाम साबित हो रही है।

मामला राज्य सरकार के उपक्रम हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन का है। इस उपक्रम के अधीन सौ मेगावाट ऊर्जा उत्पादन क्षमता वाली सैंज जल विद्युत परियोजना आती है। परियोजना के डैम, टनल और पॉवर हाउस सैंज घाटी में स्थित है, जबकि अधिकारियों के कार्यालय लारजी और शाढ़ाबाई में हैं। यहां लंबे समय से अधिशाषी अभियंता के एक पद पर दो अधिकारी बैठे हुए हैं। बताया जा रहा है कि एक अधिशाषी अभियंता का तबादला कोटली के लिए फरवरी 2024 में हुआ था, लेकिन उसने वहां ज्वांइन नहीं किया। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने इस मामले को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया है। विधायक ने आरोप लगाया कि अधिशाषी अभियंता अपनी ऊंची पहुंच के चलते बीते 15 सालों से एक ही जगह अड़ा हुआ है, जिससे उसकी कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में आती है। शौरी ने कहा कि एक तरफ सरकार आर्थिक मंदी का रोना रो रही है और दूसरी तरफ एक ही पद पर दो-दो अधिकारी बैठा रखे हैं। एक पद दो अधिकारी होना सरकार लाचारी जैसे हालात हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के अपने ही संसाधनों को संचालित नहीं कर पा रही है। उधर, विधानसभा में मामला उछलने के बाद बंजार भाजपा के पदाधिकारियों ने भी एचपीपीसीएल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

सैंज मंडल अध्यक्ष अमर ठाकुर, महामंत्री शेर नेगी, ओम प्रकाश ठाकुर, जिला महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष कमलेश शर्मा, गोपाल शर्मा, वेद राम और झाबे राम ने कहा कि सरकार अपने चेहतों पर पूरी तरह से मेहरबान है। एक पद पर दो-दो अधिकारियों को बैठाकर प्रदेश की आर्थिक तंगी कैसे दूर होगी। उधर, एचपीपीसीएल के डीजीएम इंद्र शर्मा ने कहा कि तबादले के बाद भी एक अधिशाषी अभियंता यहां से रिलीव नहीं हुआ है। ऐसे में दोनों अधिकारियों को काम बांटे गए हैं।

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभागों को ऐसे अधिकारियों की लिस्ट भेजने के निर्देश दिए हैं जो एक स्थान पर दो वर्ष से डटे हैं। लंबे समय से विभिन्न विभागों में संवेदनशील पदों पर तैनात अधिकारियों के तबादले की प्रक्रिया फिर शुरू कर दी गई है।
**सुंदर ठाकुर, विधायक कुल्लू।**

## राशनकार्ड धारकों को उपलब्ध करवाया जा रहा फोर्टिफाइड राशन : अरविंद शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण की समस्या को देखते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशनकार्ड धारकों को फोर्टिफाइड राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है।

सरकार द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के माध्यम से चावल, आटा, खाद्य तेल व नमक आदि आवश्यक खाद्य वस्तुओं को फोर्टिफाइड कर घर-घर राशनकार्ड धारकों को वितरित करवाया जा रहा है, ताकि कुपोषण की समस्या का उन्मूलन किया जा सके। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत फोर्टिफाइड वस्तुओं में खाद्य तेल (सरसों व रिफाइंड तेल) जिसमें विटामिन ए व डी, आटा जिसमें आयरन, फोलिक एसिड व विटामिन बी-012, नमक में आयोडीन व आयरन और चावल में आयरन, फोलिक एसिड व विटामिल बी-12 पाया जाता है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से खाद्यान्नों विशेषकर चावल व डबल फोर्टिफाइड नमक की गुणवता बारे संदेह व भ्रांतियां व्यक्त की जा रही हैं। सोशल मीडिया व दूरभाष के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अक्सर शिकायतों की फीडबैक मिल रही हैं।

चावलों में प्लास्टिकनुमा चावलों की मिलावट बारे में उन्होंने स्पष्ट किया कि ये प्लास्टिक की तरह दिखने वाले चावल के दाने वास्तव में आयरन, फोलिक एसिड व विटामिन बी012 का प्रिमिक्स (फोर्टीफिकेंटस) हैं, जो कि उपभोक्ता के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। 99 किग्रा चावलों में 1 किग्रा फोर्टीफिकेंटस के प्रिमिक्स को मिलाया जा रहा है तथा फोर्टीफिकेशन पर प्रति किलोग्राम 73 पैसे का व्यय किया जा रहा है। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चावलों व नमक की गुणवत्ता की शिकायतों/भ्रांतियों को निराधार बताते हुए कहा कि विभाग वितरित की जा रही आवश्यक वस्तुओं की गुणवत्ता के प्रति संवेदनशील व सजग है। सभी वितरित की जा रही आवश्यक वस्तुओं के समय-समय पर सेंपल लेकर शिमला स्थित विभागीय प्रयोगशाला में विश्लेषण के लिए भेजा जाता है।

**बैठक** 29, 30 व 31 को होगा भव्य आयोजन, शोभायात्रा व महानाटी रहेगी आकर्षण का केंद्र

# सिस्सू में होगा लाहौल-स्पीति स्नो फेस्टिवल का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति के अपार नैसर्गिक सौंदर्य को देखते हुए यहां के अनछुए पर्यटक स्थलों, मनोरम वादियों को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उजागर करने की दृष्टि से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्र में पर्यटन व्यवसाय को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके और लोगों को अधिक से अधिक स्वरोजगार से भी जोड़ा जा सके।

इस मकसद को लेकर स्नो फेस्टिवल के आयोजन से जहां बाहरी क्षेत्रों के पर्यटकों को लाहौल-स्पीति की वैभवशाली संस्कृति, परंपराओं, रीति रिवाज, धार्मिक तीज त्योहारों, स्थानीय लजीज व्यंजनों के माध्यम से परिचित करवाया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर इस क्षेत्र में शीत ऋतु के दौरान साहसिक खेलों को भी बढ़ावा देने के लिए शीतकालीन खेलों का आयोजन करवाया जा रहा है। इस मर्तबा स्नो फेस्टिवल का आगाज 25 फरवरी को गोंदला ग्राम पंचायत से किया गया था। स्नो फेस्टिवल का समापन अटल टनल सिस्सू के पास हेलिपैड ग्राउंड में 29 व 30 और 31 मार्च को तीन दिवसीय भव्य आयोजन से होगा, जिसकी तैयारी को लेकर डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजन समिति के नोडल अधिकारियों के साथ रूपरेखा को लेकर बैठक आयोजित की गई।



डीसी ने बताया कि तीन दिवसीय समापन कार्यक्रम के दौरान मुख्य आकर्षणों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड फेस्टिवल में लाहौली लजीज व्यंजन के जायके के साथ-साथ साउथ इंडियन व चाइनीस व्यंजनों का भी पर्यटक आनंद उठा सकेंगे। स्नो स्कल्पचर प्रतियोगिता, शीतकालीन खेल प्रतियोगिताएं विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां, स्थानीय उत्पादों को लेकर बिक्री स्टॉल लगाकर देशी मेहमानों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों को भी इस शीतकालीन मेले में महानटी में शामिल होकर आनंद विभोर होने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इस दौरान सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को भी एक बेहतरीन प्लेटफार्म मुहैया करवाया जाएगा। समापन कार्यक्रम का आगाज सिस्सू विश्राम गृह से आयोजन स्थल हेलिपैड ग्राउंड तक पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर शोभायात्रा से किया जाएगा। इस कड़ी में 22 मार्च को तांदी पेट्रोल पंप के पास तथा 24 को श्री त्रिलोकी नाथ मेला ग्राउंड में भी स्नो फेस्टिवल आयोजित करवाया जा रहा है। इन के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने आयोजन समिति के विभिन्न नोडल अधिकारियों को भी बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी आग्रह किया कि इन स्नो फेस्टिवल के आयोजन के दौरान अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित बनाकर इन्हें और अधिक भव्य रूप से आयोजित करवाने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। बैठक में एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा, सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, वन मंडल अधिकारी अनिकेत वनवे सहित आयोजन समिति के विभिन्न नोडल अधिकारी मौजूद रहे ।

## सैंज प्रोजेक्ट कार्यालय में छाया दो मिनट का सन्नाटा



**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज हाइड्रो प्रोजेक्ट के कार्यालय शाढ़ाबाई में बुधवार को दो मिनट का सन्नाटा पसरा। अपने प्राणों की आहुति देने वाले राज्य बिजली बोर्ड के मुख्य अभियंता एवं प्रदेश पावर निगम के महाप्रबंधक विमल नेगी की स्मृति में बुधवार प्रात 11 बजे कार्यालय परिसर में एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसमें बिजली बोर्ड व पावर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने अधिकारी को श्रद्धांजलि देकर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया।

प्रदेश पावर निगम के प्रशासनिक अधिकारी अनूप गौतम ने बताया कि निगम के वरिष्ठ अधिकारी विमल नेगी ने संस्थान व परिवार को ऐसे जख्म दिए हैं कि जो शायद जिंदगी भर न भर सकें। उन्होंने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव का सफर तय किया है। पावर निगम को उनके अनुभव की कमी हमेशा खलेगी। पावर निगम के मुख्य अभियंता विमल नेगी कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे और दस मार्च से ऑफिस से गायब थे। पावर निगम व पुलिस ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन मंगलवार को उनका मृत शरीर बिलासपुर के भाखड़ा बांध में मिला। पावर निगम व बिजली विभाग ने अपने साथी अधिकारी की याद में एक प्रार्थना सभा का आयोजन कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर सैंज प्रोजेक्ट के उपमहाप्रबंधक बिजली इंद्र शर्मा सहित पावर निगम व बिजली बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नेगी की मौत के मामले में दोषियों पर हो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** किन्नौर कल्याण समिति सोलन ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। समिति के प्रधान विवेकानंद नेगी और महासचिव राज तिलक नेगी ने कहा कि स्वर्गीय विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी ने उनकी गुमशुदगी के बाद पुलिस महानिदेशक को सौंपी शिकायत में पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड निदेशक और प्रबंध निदेशक पर विमल नेगी को छह माह से प्रताड़ित और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। साथ ही उक्त अधिकारियों द्वारा विमल नेगी से रात एक बजे तक काम करने और जानबूझ कर चिकित्सा के लिए अवकाश नहीं देने और प्रशासनिक कार्रवाई की धमकी दी जा रही थी। इसके चलते नेगी को आत्महत्या को मजबूर होना पड़ा। किन्नौर कल्याण समिति सोलन ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायत की बावजूद आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। समिति ने सरकार से मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है।

### भाजपा ने बजट को बताया आंकड़ों का मायाजाल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने व भाजपा जिला सह प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार के तीसरे बजट से एक बार फिर लोगों को निराशा हाथ लगी है। सरकार के बजट से लोगों को कई उम्मीदें थी, मगर बजट में सरकार ने हर वर्ग की अनदेखी की है और बजट सिर्फ आंकड़ों का मायाजाल है। कर्मचारियों और पेंशनर्स को सरकार से कई उम्मीदें थी, मगर सरकार ने मात्र कुछ कर्मचारियों के बजट में आंशिक बढ़ोतरी की है, जो ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। उन्होंने कहा कि बजट से युवा वर्ग को उम्मीद थी कि सरकार नौकरियों को लेकर बजट में कोई विशेष प्रावधान करेगी, मगर युवाओं के हाथ भी निराशा लगी और बेरोजगार युवा अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बजट से एक बार फिर जाहिर हुआ है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार केंद्र सरकार के सहारे चल रही है और प्रदेश की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमराई हुई है।

### डे-केयर सेंटर के वरिष्ठ नागरिकों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह के तहत नाहन में विभाग द्वारा डे-केयर सेंटर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बीएमओ धगेड़ा डॉ. मनीषा अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहीं। बीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्लूकोमा को लेकर एक सप्ताह तक जागरूकता अभियान चलाया गया और इसी कड़ी में आस्था स्पेशल स्कूल नाहन में वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति ग्लूकोमा का शिकार हो जाता है, तो उसे लंबे समय तक इसका पता भी नहीं चल पाता है ऐसे में समय-समय पर खासकर 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को अपनी आंखों की जांच करवानी चाहिए। वहीं, उन्होंने कहा कि कई बार आंखों में दर्द होने से लोग बिना चिकित्सा सलाह के दवाइयां डाल लेते हैं, जो आंखों के लिए नुकसानदायक हो सकती है, ऐसे में चिकित्सक की परामर्श के बाद ही आंखों में दवाई डालनी चाहिए।

### भारत युवा संसद कार्यक्रम, 198 ने कराया पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में भारत सरकार के विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में सर्वाधिक पंजीकरण सिरमौर जिले के 198 स्टूडेंट्स का हुआ है। यह जानकारी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज चांडक और नेहरू युवा केंद्र के नोडल पदाधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने दी। प्रतियोगिता की स्क्रीनिंग कमेटी में डॉ. अनूप कुमार, प्रो. देवेंद्र कुमार, प्रो. बीआर ठाकुर और प्रो. लक्षिता शामिल रहे, जिन्होंने सभी 198 वीडियो का मूल्यांकन किया। स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद 114 स्टूडेंट्स का चयन किया गया। कॉलेज में 20-21 मार्च को जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर 3 मिनट का भाषण प्रस्तुत करना होगा। इस प्रतियोगिता के अंत में 10 स्टूडेंट्स का चयन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए 5 सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया है, जिसमें बुद्धिजीवी वर्ग के विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। चयनित 10 स्टूडेंट्स को विधानसभा में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रेम राज भारद्वाज ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह युवा संसद कार्यक्रम उन्हें लोकतांत्रिक प्रणाली को समझने और अपनी अभिव्यक्ति कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करेगा।

### समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रशिक्षण शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, सराहां।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने व छात्रों को आधुनिक तकनीक व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए अनेक कार्यक्रम शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शिक्षा खंड राजगढ़ द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत बीआरसीसी कार्यालय राजगढ़ व नौहराधार शिक्षा खंड के अध्यापकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर के समन्वयक प्रेम चौहान ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में राजगढ़ व नौहराधार शिक्षा खंड के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शिक्षा के 75 शिक्षक भाग ले रहे हैं। पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न स्त्रोत व्यक्तियों द्वारा सामान्य मुद्दों पर क्षमता निर्माण विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि सभी शिक्षक अपने-अपने स्कूलों में छात्रों को आधुनिक व वैज्ञानिक शिक्षा प्रदान कर सकें।

### इंस्पायर अवार्ड में गौरव का बेहतरीन प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च पाठशाला पकौटी की नवमीं कक्षा के गौरव कृष्ण ने जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में अपना मॉडल आसानी से साफ करने योग्य पेयजल टैंक के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तैयार किया है।
गौरव कृष्ण द्वारा बनाए गए इस यंत्र से पीने के पानी की टंकी को प्रतिदिन 3-4 मिनट में आसानी से साफ किया जा सकता है, जिससे जलजनित रोगों से आसानी से बचाव हो सकता है। इसे साफ करने के लिए प्रयोग किए गए पानी का पुनः प्रयोग अन्य कार्यों जैसे-बर्तन धोने, कपड़े धोने, फर्श साफ करने तथा सिंचाई के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। इससे पानी का सदुपयोग कर जल संरक्षण किया जा सकता है।

# कूड़ा बिल जारी किए बिना पैनेल्टी लगाने पर एमसी के खिलाफ जनाक्रोश

**आर मोहन चौहान, सोलन**

स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर योजना के तहत सोलन नगर निगम के वार्डों में चल रहे समाधान शिविर में लोगों की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, जिसका समाधान निगम के लिए चुनौतीपूर्ण हो चुका है।

वार्ड-5 में आयोजित शिविर में लोगों ने बिना कूड़ा बिल जारी किए पैनेल्टी लगाने पर सवाल खड़े कर दिए। निगम की इस कार्यप्रणाली से स्थानीय लोगों भड़क गए। इसको लेकर अधिकारियों के सामने लोगों ने जमकर भड़ास निकाली। इतना ही नहीं वार्ड में नगर निगम की ओर से विकास कार्य न किए जाने पर भी लोगों में गुस्सा देखने को मिला। समाधान शिविर में यह बात सामने आई कि वार्ड में कूड़ा उठाने के लिए पर्याप्त कर्मचारी भी नहीं है, ऐसे में देरी से कूड़ा उठाने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर लोगों ने समाधान शिविर में शिकायत दी है। इसमें लिखा है कि कामकाज जाने वाले लोगों को कूड़ा खुले में फेंकने पर मजबूर होना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)



**स्वच्छ** शहर समृद्ध शहर के तहत वार्ड-5 में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। **बिमला वर्मा, संयुक्त आयुक्त, एमसी सोलन।**

### कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग

कूड़ा मसले को लेकर निगम संयुक्त आयुक्त ने सफाई निरीक्षक को जांच करने के निर्देश दिए और कहा कि जल्द कर्मचारियों की कमी को पूरा किया जाए, ताकि लोगों को सुविधा प्रदान की जा सके। इस दौरान सड़क के मुद्दे पर भी लोगों ने सवाल किया। इस पर बताया कि सड़क की मरम्मत को लेकर टेंडर लग गए हैं। इस मौके पर पार्षद अमरदीप पांजा, एसडीओ गोपी सिंह जेई कोमल समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### वार्ड-5 से मिली 25 लोगों की शिकायतें

**शहर** के वार्ड पांच में बुधवार को स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर योजना के तहत समाधान शिविर आयोजित हुआ। शिविर की अध्यक्षता संयुक्त आयुक्त बिमला वर्मा ने की। अग्रवाल धर्मशाला में हुए शिविर में वार्ड के करीब 40 लोगों ने भाग लिया और पानी, कूड़ा, प्रॉपर्टी टैक्स, कामकाज समेत अन्य मामलों को लेकर 25 शिकायत दीं। इसे लेकर बाकायदा पर्चा भरा गया। लोगों की शिकायतों को मौके पर ही सुलझाया गया। कई समस्याओं को आगामी दिनों में सुलझाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सोसायटी के सदस्यों ने भी अपनी आवाज बुलंद की। साथ ही कहा कि वे दोहरे टैक्स देने के बाद भी सुविधाओं से वंचित रह गए हैं। एक टैक्स तो उन्हें जिस सोसायटी में रहते हैं, उन्हें देना पड़ रहा है, जबकि दूसरा टैक्स नगर निगम को देना पड़ रहा है, लेकिन कोई सुविधाएं सोसायटी के सदस्यों को नहीं मिल रही हैं। इस दौरान झुग्गी में रहने वाले लोगों ने कूड़ा बिल माफ करने के लिए भी आग्रह किया।

# स्कूटी सवार युवक-युवती से 2540 नशीली गोलियां बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन पुलिस का नशा तस्करों विशेषत: चिट्टा और अन्य नशीली दवाइयों/पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

इसी क्रम में एसआईयू सोलन की एक टीम जब गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए धर्मपुर, परवाणू आदि की तरफ रवाना थी, तो इस टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर टोल प्लाजा सनवारा के पास स्कूटी सवार एक युवक और युवती, जिनके नाम व पते मुकेश उर्फ तौई पुत्र शंकर लाल निवासी गांधी मोहल्ला चौक बाजार सोलन व पूजा निवासी मशोबरा तहसील व जिला शिमला मालुम हुए। उनसे प्रतिबंधित/नशीली दवाइयां कुल 2540 गोलियां बरामद की। उपरोक्त प्रतिबंधित दवाइयों/कैप्सूल को अपने कब्जे में रखने व ले जाने के संदर्भ में ये लोग कोई भी पास, परमिट, लाइसेंस आदि पेश पुलिस न कर सके, जिस पर इन दोनों के खिलाफ मामला अधीन धारा-18 ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत पंजीकृत कर आगामी जांच के लिए ड्रग निरीक्षक के हवाले कर दिया गया है। स्कूटी को भी जब्त कर लिया है। अन्वेषण के दौरान पाया गया कि यह युवक व युवती इन नशीली दवाइयों को सोलन व आप-पास के शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं/छात्रों को सप्लाई करने की फिराक में थे। मामले की जांच जारी है।

# 90 में मिलेगा भरपेट खाना, 50 रुपए लीटर मिलेगा स्थानीय दूध

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी रोकथाम आदेश, 1977 के खंड 3 (आई) (ई) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 13 फरवरी, 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार सोलन जिले में खाद्य वस्तुओं की दर अगले दो माह के लिए पूर्ववत निर्धारित की हैं।

अधिसूचना के अनुसार बकरा एवं भेड़ा का मीट 550 रुपए प्रति किलोग्राम, सुअर का मीट 300 रुपए प्रति किलोग्राम, चिकन ड्रेस्ड 180 प्रति किलोग्राम, ब्रॉइलर ड्रेस्ड 240 रुपए प्रति किलोग्राम तथा बिना तली मछली 250 रुपए प्रति किलोग्राम रुपए प्रति किलो निर्धारित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार तंदूरी चपाती प्रति 10 रुपए, तवा चपाती प्रति 8 रुपए, भरा हुआ परांठा प्रति 30 रुपए, चावल, चपाती, दाल और सब्जी फूल डाइट प्रति 90 रुपए, पूरी प्लेट चावल 50 रुपए, दाल फ्राइ प्रति प्लेट 60 रुपए, सब्जी/चना एवं दही के साथ दो पूरी प्रति प्लेट 50 रुपए तथा रायता का मूल्य प्रति प्लेट 50 रुपए निर्धारित किया गया है। इस अधिसूचना के अनुसार स्थानीय दूध 50 रुपए प्रति लीटर, सभी ब्रांड का पैकेट वाला दूध मुद्रित मूल्य के अनुसार उपलब्ध होगा। पनीर 300 रुपए प्रति किलोग्राम तथा दही का मूल्य 70 रुपए प्रति किलोग्राम मूल्य तय किया गया है। सभी ब्रांड के शीतल पेय मुद्रित दर के अनुसार विक्रय होंगे। ब्रेड, दूध जैसे पैकेट बंद पदार्थों पर मूल्य एवं पैकिंग की तिथि निर्धारित अधिसूचना के अनुसार होनी चाहिए। प्रत्येक दुकानदार को बिक्री के लिए रखे गई खाद्य वस्तुओं की मूल्य सूची सहज दृश्य स्थल पर प्रदर्शित करना व इसके समस्त खरीद से संबंधित बिल दुकानदार द्वारा रखना अनिवार्य है। उपभोक्ता की मांग पर उन्हें कैश मेमो या बिल देना होगा।

### सांस्कृतिक संध्या के लिए ऑडिशन 25 को

**अनंत ज्ञान, सराहां।** अध्यक्ष मेला कमेटी एवं एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने बताया कि 30 व 31 मार्च को आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला स्तरीय मां नगरकोटी मेला नारग में सांस्कृतिक संध्या के लिए कलाकारों का चयन ऑडिशन के माध्यम से किया जाएगा। ऑडिशन 25 मार्च को उपतहसील नारंग कार्यालय के सभागार में प्रात: 11 बजे से आरंभ होंगे। सभी इच्छुक कलाकार अपने आवेदन 24 मार्च तक उपतहसील कार्यालय में ईमेल, nttehnarag-sir-hp@gov.in द्वारा अथवा डाक एवं स्वयं आकर भी दे सकते हैं। चयनित कलाकारों को उनके लिए निर्धारित प्रस्तुति के अनुसार दूरभाष के माध्यम से सूचित किया जाएगा। ऑडिशन में भाग लेने वाले कलाकारों को आने-जाने व ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 98805-32310 व 82197-89076 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ऋण दिवस का आयोजन

# 8 .22 करोड़ के ऋण स्वयं सहायता समूहों को स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ऋण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने की।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से सघन प्रयास किए जा रहे हैं। मिशन के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार की दिशा में सशक्त बनाने के लिए सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक तौर पर सुदृढ़ करने के लिए सोलन में भी महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 में सोलन जिले को प्राप्त 16 करोड़ 70 लाख रुपए के ऋण स्वीकृत करने का लक्ष्य में प्राप्त हुआ है। अभी तक जिले में 8 करोड़ 22 लाख रुपए के ऋण इन स्वयं सहायता समूहों के लिए स्वीकृत किए गए हैं।




मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर एनआरएलएम के तहत पंजीकृत जिले के 27 स्वयं सहायता समूहों को लगभग 64.50 लाख रुपए के ऋण स्वीकृत पत्र वितरित किए। इसमें कुल 154 ऋण मामलों में से 114 ऋण मामले बैंकों को स्वीकृत के लिए भेजे गए। इनमें से 27 ऋण मामले स्वीकृत कर दिए गए हैं।

# उद्योग में कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के तहत मधाला में दरवाजा, खिड़की बनाने वाले उद्योग में कर्मचारियों की हड़ताल लगातार जारी है।

कामगारों का आरोप है कि पिछले कई सालों से कंपनी प्रबंधन द्वारा मनमर्जी के चलते मजदूरों को बाहरी राज्यों में जबरन ट्रांसफर किया जा रहा है और श्रम नियमों की भी कंपनी प्रबंधन द्वारा शरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जिसको लेकर पिछले कई दिनों से कंपनी के 200 से ज्यादा मजदूर हड़ताल पर हैं और लगातार कंपनी प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, 200 के करीब मजदूरों ने एकत्रित होकर सीटू के बैनर तले श्रम विभाग बद्दी के कार्यालय के बाहर अपना प्रदर्शन किया और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मजदूरों ने जमकर नारेबाजी कर रोष व्यक्त किया। बता दें कि कंपनी मजदूरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा और अगर कंपनी प्रबंधन ने उनकी मांगों की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया, तो वह उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना से भी गुरेज नहीं करेंगे। इस बारे में सीटू के जिला उपाध्यक्ष ओम दत्त ने बताया कि 2022 से यूनियन के पंजीकरण को लेकर श्रम विभाग के पास आवेदन किया गया था, लेकिन 3 वर्षों बाद अब जाकर यूनियन का पंजीकरण हो पाया है।



**मजदूरों का आरोप, दरवाजा-खिड़की बनाने वाली कंपनी जबरन बाहरी राज्यों में मजदूरों का कर रही ट्रांसफर**

दरवाजा-खिड़की बनाने वाली कंपनी द्वारा गैर कानूनी तरीके से 200 मजदूरों का ट्रांसफर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो कि गैरकानूनी है और कंपनी के मजदूरों की सहमति के बिना किसी को भी बाहरी राज्य में ट्रांसफर नहीं किया जा सकता है। इस बारे में लेबर इंस्पेक्टर बद्दी अमित कुमार का कहना है कि मैनेजमेंट और मजदूरों को समझौता वार्ता के लिए बुलाया गया था, लेकिन कंपनी मैनेजमेंट की ओर से कोई भी व्यक्ति इस समझौता वार्ता में शामिल नहीं हुआ है, जिसको लेकर अब अगली तारीख 24 दोनों पार्टियों को बता दी गई है। उन्होंने दोनों ही पार्टियों से कहा कि इस समझौता वार्ता में आएं और अपना-अपना पक्ष रखें, ताकि किसी समझौते तक पहुंचा जा सके।

# दाड़लाघाट में खंड विकास कार्यालय खोलने की मांग

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट में खंड विकास कार्यालय खोलने की मांग को लेकर हिमाचल संस्कृति अकादमी के पूर्व सचिव और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. मस्त राम शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की।

उन्होंने बताया कि दाड़लाघाट के अंतर्गत बहुत बड़ा क्षेत्र आता है, जिसमें मांगल क्षेत्र लगभग 40 किलोमीटर दूर है और लोगों को खंड स्तरीय कार्य करवाने के लिए कुनिहार जाना पड़ता है, जो यहां से लगभग 60-70 किलोमीटर दूर है। इस समस्या को देखते हुए डॉ. मस्त राम शर्मा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि दाड़लाघाट में खंड विकास का कार्यालय खोला जाए। उन्होंने बताया कि दाड़लाघाट पंचायत के अंतर्गत लगभग 56 पंचायतें हैं, जिनमें से लगभग 22 से 28 पंचायतों के लोगों को अपना कार्य करवाने के लिए समय मिलेगा

**खंड विकास कार्यालय खोलने की मांग पर किया जाएगा विचार : मुख्यमंत्री**

और स्थानीय लोग इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि दाड़लाघाट में खंड विकास कार्यालय खोलने से स्थानीय लोगों को अपने कार्य करवाने के लिए कुनिहार जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

इससे उनके समय और पैसे की बचत होगी और उन्हें अपने कार्य करवाने में आसानी होगी। मुख्यमंत्री ने इस मांग पर अपना विश्वास प्रकट किया और भविष्य में इस ओर कार्य करने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सरकार स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और दाड़लाघाट में खंड विकास कार्यालय खोलने की मांग पर विचार किया जाएगा।

### राज्यपाल होंगे शूलिनी के दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय शनिवार 22 मार्च को अपने 8वें दीक्षांत समारोह की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह कार्यक्रम विभिन्न विभागों और संकायों के स्नातकों की उपलब्धियों का जश्न मनाएगा, क्योंकि वे अपने पेशेवर और शैक्षणिक सफर के अगले चरण में कदम रखेंगे। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलियाई व्यापार और निवेश आयोग, नई दिल्ली की प्रमुख डॉ. मोनिका कैनेडी भी मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगी, जो कार्यक्रम में एक अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य जोड़ेगी। इस वर्ष, कुल 1,254 स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही 105 पीएचडी उपाधियां भी प्रदान की जाएंगी। शैक्षणिक विशिष्टता का सम्मान करने के लिए, विश्वविद्यालय अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट छात्रों को 34 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

# सिरमौर में 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम लांच

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश के मेधावी छात्रों के लिए अच्छी खबर है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। नाहन पहुंचीं क्रैक अकादमी की टीम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान सिरमौर जिले में स्कॉलरशिप प्रोग्राम लांच करने की घोषणा की। इस पहल के तहत प्रदेशभर के 6,800 छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस योजना के तहत क्रैक अकादमी हर विधानसभा क्षेत्र से 100 मेधावी छात्रों को मुफ्त कोचिंग देगी। इस पूरी योजना में लगभग 34 करोड़ रुपए खर्च होंगे। क्रैक अकादमी के अनुसार चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा 6 और इससे ऊपर के छात्र भाग ले सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से टॉप 100 छात्रों को मुफ्त कोचिंग मिलेगी, जबकि अगले 200 छात्रों को 75 फीसदी और उसके बाद के 500 छात्रों को 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। क्रैक अकादमी इन छात्रों को उनके लक्ष्य प्राप्त करने तक मार्गदर्शन देगी।

राज्य सरकार इस योजना को सफल बनाने में क्रैक अकादमी को पूरा सहयोग देगी। अकादमी टेस्ट पेपर तैयार करेगी, जबकि परीक्षा की निगरानी शिक्षा विभाग करेगा। इस अवसर पर छात्रों और अभिभावकों को जागरूक करने के लिए एक बड़े प्रचार अभियान की भी शुरुआत की गई। इस योजना का पायलट प्रोजेक्ट सबसे पहले कांगड़ा जिले की ज्वालामुखी विधानसभा में लागू किया गया था, जहां 50 स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। फिलहाल, ज्वालामुखी के 220 चयनित छात्रों को इस योजना के तहत मेरिट-आधारित कोचिंग मिल रही है। स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लांच के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया था कि यह योजना मेधावी छात्रों को लाभ पहुंचाएगी और प्रदेश में रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी।

**सहायता** बाहरा यूनिवर्सिटी और कंडाघाट कॉलेज के बीच एमओयू

# सॉफ्ट स्किल्स प्राप्त करने में मिलेगी सहायता

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

शैक्षणिक सहयोग और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाहरा यूनिवर्सिटी वाकनाघाट और कंडाघाट कॉलेज ने एमओयू हस्ताक्षर किया। इसके तहत छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और करियर विकास के महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।



कंडाघाट कॉलेज में आयोजित इस हस्ताक्षर समारोह का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटना है, जिससे छात्रों को सॉफ्ट स्किल्स, संवाद कौशल और व्यवसायिक अनुभव प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस साझेदारी के तहत, कंडाघाट कॉलेज के छात्रों को विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशालाएं और करियर परामर्श सत्रों का लाभ मिलेगा। साथ ही उन्हें बाहरा यूनिवर्सिटी के परिसर का दौरा करने का अवसर भी मिलेगा, जहां वे आधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन कर सकेंगे और अनुभवी शिक्षकों के साथ संवाद कर सकेंगे। इस अवसर पर बाहरा विश्वविद्यालय के प्रवेश और विपणन निदेशक अनुराग अवस्थी ने कहा कि यह समझौता छात्रों को उनके करियर में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और आत्मविश्वास प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बाहरा विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उद्योग से जुड़े अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंडाघाट के प्रिंसिपल प्रो. (डॉ) मदन मनकोटिया ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बाहरा यूनिवर्सिटी के साथ यह साझेदारी हमारे छात्रों के लिए नए अवसर खोलेगी, जिससे उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण और करियर विकास कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। यह समझौता उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बाहरा विश्वविद्यालय के मीडिया एवं संचार प्रमुख ने भी इस समझौते की सराहना करते हुए कहा कि यह सहयोग प्रशिक्षण सत्रों, उद्योग सहभागिता और व्यावहारिक शिक्षा पर केंद्रित रहेगा, जिससे छात्र आधुनिक रोजगार बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को बेहतर ढंग से तैयार कर सकें।

### घनागुघाट स्कूल में लगा पुस्तक मेला

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनागुघाट में भव्य पुस्तक मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों के माता-पिता, छात्र और घनागुघाट के स्थानीय लोगों ने भाग लिया। मेले में विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तकें प्रदर्शित की गईं, जिनमें कहानियां, काव्य, सामान्य ज्ञान एवं प्रेरणादायक किताबें शामिल थीं। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पंचायत सदस्य मधुबाला ठाकुर ने शिरकत की। विख्यात कवि व उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक जगदीश नेगी, अंग्रेजी प्रवक्ता पुष्पेंद्र कौशिक और हिंदी प्रवक्ता सुनीता ठाकुर द्वारा लिखी गई पुस्तकें भी प्रदर्शनी का हिस्सा रहीं। इस मेले का मुख्य आकर्षण सृजन संगम नामक काव्य संग्रह रहा, जो घनागुघाट विद्यालय के छात्रों द्वारा लिखी गई पुस्तक है। विद्यालय के पुस्तकालय के लाइब्रेरियन हिंदी शिक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि पुस्तकालय की पुस्तकें विभिन्न वर्गों में प्रदर्शित की गईं, ताकि छात्रों में पढ़ने का उत्साह बढ़ सके। साथ ही टीएलएम और विज्ञान प्रदर्शनी भी विज्ञान शिक्षक राजेंद्र राणा के निर्देशन में आयोजित की गई।

# जलवायु परिवर्तन और कार्बन बाजारों के परिचय बारे बताया



**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन के सभी शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के प्रतिनिधियों के लिए नगर निगम में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का नेतृत्व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) के वेस्ट सॉल्यूशन परियोजना के प्रशिक्षक ड्रिमसन फर्नांडिस और पल्लास चंदेल और शहरी अधिनियम परियोजना के डॉ. हरकंचन ने किया। प्रशिक्षण में कई विषयों को शामिल किया गया। इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, जलवायु परिवर्तन और कार्बन बाजारों का परिचय, प्रभावी आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) और व्यवहार परिवर्तन, स्रोत पृथक्करण, संग्रह और परिवहन, हैंडलिंग सुरक्षा और स्वच्छता, शुष्क अपशिष्ट प्रसंस्करण और एमआरई (सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधा) संचालन, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व तंत्र, जैविक अपशिष्ट प्रबंधन जैसे खाद बनाना, बायोमास और डंप साइट उपचार की विधियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सोलन जिले के सभी निकायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें सोलन नगर निगम के मेयर, आयुक्त और पार्षद, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक और वार्ड पर्यवेक्षक शामिल थे।

नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता कापटा ने बताया कि यह पहल स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देना है। यह अभियान बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को प्राप्त करने और स्वच्छ और हरित शहरों का निर्माण करने के लिए हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने और क्षमता निर्माण पर केंद्रित है।





# केंद्र और किसानों के बीच बैठक फिर बेनतीजा, डल्लेवाल-पंधेर हिरासत में

## पंजाब पुलिस-किसानों में झड़प, शंभू-खनौरी बॉर्डर पर बढ़ी फोर्स

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 महीने से आंदोलन कर रहे किसानों और केंद्र के बीच बुधवार को 7वीं वार्ता बेनतीजा रही। बातचीत सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चली। इसमें किसान नेता समेत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान, पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी शामिल हुए।

बैठक के बाद किसान जब शंभू और खनौरी बॉर्डर लौट रहे थे, तभी पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया। इनमें किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण पंधेर और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के जगजीत डल्लेवाल शामिल हैं।

पंधेर को मोहाली की एयरपोर्ट रोड पर तो डल्लेवाल एंबुलेंस में खनौरी बॉर्डर लौट रहे थे, पुलिस ने उन्हें संगरूर में घेर लिया। इसके बाद पुलिस डल्लेवाल को एंबुलेंस समेत ही हिरासत में लेकर चली गई। दोनों नेताओं की अगुवाई में ही यह आंदोलन चल रहा है। इनके अलावा किसान नेता काका सिंह कोटड़ा, अभिमन्यु कोहाड़, मनजीत राय, ओंकार सिंह को भी डिटेन किया गया।

किसान 13 फरवरी से शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे हैं। तब दिल्ली जाते वक्त हरियाणा पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें वहां रोक लिया था। वह एमएसपी की गारंटी के कानून की मांग कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 4 बार दिल्ली जाने की कोशिश की लेकिन उन्हें शंभू बॉर्डर से आगे नहीं बढ़ने दिया गया।

# वैकल्पिक फसलों को अपनाने के लिए अब मिलेगी 8000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

किसान हित में जितने निर्णय पिछले 10 वर्षों में वर्तमान केंद्र व राज्य सरकार द्वारा लिए गए हैं, उतने पहले की सरकारों ने कभी नहीं लिए हैं। यह बात हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कही।

उन्होंने कहा कि मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाने के लिए किसानों को अब 8000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जो पहले 7000 रुपए प्रति एकड़ थी। इतना ही नहीं, किसानों को सहकारी बैंकों से जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर फसली ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान इनेलो के विधायक आदित्य देवीलाल द्वारा प्रदेश के किसानों पर फसली ऋण के बारे पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में बोल रहे थे।

उन्होंने सदन को अवगत करवाया कि हरको बैंक व अन्य सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को फसली ऋण 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जाता है, लेकिन यह ब्याज की राशि 4 प्रतिशत हरियाणा सरकार द्वारा तथा 3 प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। वर्तमान सरकार द्वारा किसान हित में निरंतर लिए जा रहे निर्णयों के फलस्वरूप पिछले 10 वर्षों में किसान की पैदावार में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सब्सिडी देकर टपकन व फव्वारा सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके अलावा, 10 वर्षों में पहली बार सिंचाई के लिए अंतिम टेल तक पानी पहुंचने काम वर्तमान सरकार द्वारा किया जा रहा है।

## महाधिवक्ता की राय लेगी सरकार: सीएम



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कांग्रेस कार्यकाल में हरियाणा पुलिस में इंस्पैक्टरों के 20 पदों की भर्ती को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में महाधिवक्ता की राय ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट के निर्णय की अनुपालना में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग मामले की जांच किसी स्पैसलाइजड एजेंसी से करवा सकता है, तो सरकार उन्हें तुरंत सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में इस भर्ती प्रक्रिया पर उठाए गए मुद्दे पर सदन में बोल रहे थे। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2011 में एक व्यक्ति ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाए कि वर्ष 2008 में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने हरियाणा पुलिस में इंस्पैक्टरों के 20 पदों के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू करके जो रिजल्ट निकाला था, उस प्रक्रिया में कई धांधलियां हुईं। लिखित परीक्षा में अव्वल आने के बावजूद इंटरव्यू में कम नंबर दिए गए। याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि दो चयनित उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा स्वयं नहीं दी थी। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता यदि इस निर्णय से संतुष्ट नहीं है, तो अपील करना उसका कानूनी अधिकार है।

## न्यूज ब्रीफ

### राधा रतूड़ी ने ईएफसी में विभिन्न प्रस्तावों को दिया अनुमोदन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शासन द्वारा अनुमोदित सभी निर्माण कार्यों के धरातल पर समयबद्धता, उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं प्रभावी क्रियान्वयन की सख्त हिदायत देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राजकीय भवनों के निर्माण में उत्तराखंड की पारंपरिक वास्तुशैली व ग्रीन बिल्डिंग मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। सीएस ने सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसमें लापरवाही एवं कोताही के लिए कोई स्थान नहीं है। राज्य के मेडिकल कॉलेजों में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण के लिए रतूड़ी ने सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक के दौरान 19989.32 लाख रुपए लागत के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना के प्रस्ताव को अनुमोदन दिया। रतूड़ी ने बुधवार को ईएफसी में 29893 लाख रुपए के जनपद नैनीताल में स्थित बलियानाला के उपचारात्मक कार्यों के पुनरीक्षित आगणन और इसके अलावा संबधी निर्माण कार्यों के प्रस्तावों पर अनुमोदन दिया।

### ओमैक्स न्यू चंडीगढ़ में हुआ सनबर्न रिलोड होली का रंगारंग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़ ।** ओमैक्स न्यू चंडीगढ़ में सनबर्न रिलोड होली-2025 ने इस बार होली का जश्न दोगुना कर दिया। एशिया के सबसे बड़े म्यूजिक फेस्टिवल सनबर्न के साथ मिलकर आयोजित इस इवेंट ने संगीत प्रेमियों को एक अनोखा और हाई-एनर्जी अनुभव दिया। दुनिया भर में मशहूर टुमारोलैंड के एक इंटरनेशनल आर्टिस्ट ने पहली बार चंडीगढ़ में लाइव परफॉर्म किया, वहीं सनबर्न के टॉप डीजे ने अपनी जबरदस्त धुनों से माहौल को झूमने पर मजबूर कर दिया। शानदार स्टेज सेटअप, दमदार इलेक्ट्रॉनिक बीट्स और रंगों की मस्ती के साथ यह इवेंट चंडीगढ़ में अब तक के सबसे बड़े होली सेलिब्रेशन में से एक बन गया। ओमैक्स ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जतिन गोयल ने कहा कि यह सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि चंडीगढ़ को वर्ल्ड-क्लास एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में एक कदम था।

### बिल गेट्स ने जेपी नड्डा से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार को भारत यात्रा के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण और स्वच्छता के क्षेत्रों का उल्लेख किया। गेट्स ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत की ओर से निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की सराहना की और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत के साथ साझेदारी करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने निदान और दवाओं की लागत को कम करने, दुनियाभर में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम बनाने में भारत की ओर से किए कार्यों की सराहना की।

### घुसपैठ मामला : जेएंडके में एनआईए की छापेमारी

**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार सुबह जम्मू-कश्मीर में 12 से अधिक स्थानों पर छापा मारा है। यह कार्रवाई पाकिस्तान से भारत में आतंकवादियों की घुसपैठ, सुरक्षाबलों और नागरिकों पर हाल ही में हुए हमलों की चल रही जांच से जुड़ी है। जम्मू के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी संगठनों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं के ठिकानों पर भी दबिश दी गई है। कई लोगों पर प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों की नई शाखाओं और सहयोगियों से जुड़े होने का संदेह है। एनआईए ने 24 अक्तूबर, 2024 को मामला दर्ज किया था। यह मामला लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े सक्रिय आतंकवादियों की अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के जरिए घुसपैठ के बारे में खुफिया जानकारी पर आधारित था।

### पुणे में वाहन में लगी आग; चार जले, 8 झुलसे



**पुणे।** पुणे के पास बुधवार सुबह एक निजी कंपनी के कर्मचारियों को ले जा रहे वाहन में आग लग गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य झुलस गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मिनीबस के पिछले हिस्से का आपातकालीन निकास की ओर से नहीं खुलने के कारण इतनी संख्या में लोग हताहत हो गए। उन्होंने कहा कि यह घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे पिंपरी चिंचवड इलाके के हिंजवडी में हुई। उन्होंने बताया कि घटना के समय संबंधित वाहन 'व्योम ग्राफिक्स' के 12 कर्मचारियों को वारजे से हिंजवडी ले जा रहा था।

# नगर निगम चंडीगढ़ ने बेहतर स्वच्छता के लिए सार्वजनिक शौचालयों में किया सुधार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नगर निगम चंडीगढ़ सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों को सभी के लिए स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने के लिए काम कर रहा है। बाजारों, पार्कों और ग्रीन बेल्ट में 300 से अधिक सार्वजनिक शौचालयों और कॉलोनियों में सामुदायिक शौचालयों की नियमित रूप से सफाई की जा रही है, ताकि उपयोगकर्ताओं के लिए स्वच्छता और आराम सुनिश्चित किया जा सके। सफाई कर्मचारियों को काम करते समय उनकी सुरक्षा के लिए दस्ताने, एप्रन और अन्य सुरक्षा उपकरण प्रदान किए गए हैं।

सार्वजनिक शौचालयों की सफाई पर बोलते हुए शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि लोगों के लिए सार्वजनिक शौचालयों को ढूंढना और उनका उपयोग करना आसान बनाने के लिए तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। सभी शौचालय अब ऑनलाइन मानचित्रों पर चिह्नित हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति निकटतम सुविधा का पता जल्दी से लगा सके। कई शौचालयों में क्यूआर कोड भी लगाए गए हैं, जिससे उपयोगकर्ता गंदगी, पानी की कमी या मरम्मत की आवश्यकता जैसी समस्याओं की रिपोर्ट कर सकते हैं। सभी श्रमिकों को उचित और समान वेतन प्रदान करने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं।

# 12 सड़कों की मरम्मत के लिए 11.20 करोड़ की राशि स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि बरोदा विधानसभा क्षेत्र की 12 सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा 11.20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो गई है, इसका कार्य दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।

राणा बुधवार को विधानसभा में सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। कृषि मंत्री ने बताया कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा बरोदा विधानसभा क्षेत्र में 232.90 किलोमीटर लंबाई की 67 सड़कों का रख-रखाव किया जा रहा है। पिछले 3 वर्षों में 26.73 किलोमीटर लंबाई की 9 सड़कों के निर्माण व विशेष मरम्मत के लिए 5.48 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि भारी वाहनों के आवागमन के कारण 46.44 किलोमीटर लंबाई की 12 सड़कों की विशेष मरम्मत की आवश्यकता है। इन सड़कों की मरम्मत के लिए 11.20 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है और इनका मरम्मत का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा।

# जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने दिल्ली की सीएम से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने आज नवनियुक्त दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा की और मुख्यमंत्री को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए बधाई दी। जितेंद्रपाल ने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में शानदार प्रगति हो रही है। उनके मार्ग-दर्शन में दिल्ली निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है, और हमें पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व में दिल्ली और भी समृद्ध होगी। गुप्ता ने भी बैठक के दौरान दिल्ली के विकास कार्यों के बारे में अपने विचार साझा किए और बताया कि उनकी सरकार का प्रमुख उद्देश्य दिल्लीवासियों की भलाई और राज्य के समग्र विकास को प्राथमिकता देना है। मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि दिल्ली में जो कार्य जारी हैं, वे जल्द ही सभी क्षेत्रों में दिखाई देंगे।

## देश-विदेश

# मणिपुर में फिर झड़प, पथराव में कई लोग घायल

**एजेंसी, इंफाल**



**मणिपुर** के चुराचांदपुर जिले में 'जोमी' और 'हमार' जनजातियों के लोगों के बीच हुई ताजा झड़पों में कई लोग घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों समुदायों के शीर्ष संगठनों के बीच शांति समझौता होने के कुछ ही घंटों बाद मंगलवार देर रात चुराचांदपुर शहर में फिर से झड़प हुई।

कस्बे में लोगों के एक समूह की ओर से 'जोमी' उग्रवादी संगठन का झंडा उतारने की कोशिश के दौरान ये ताजा झड़प शुरू हो गईं। लाठी-डंडे लिए उमड़ी भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया, जिसके कारण सुरक्षाकर्मियों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और हवा में गोलियां चलानी पड़ीं। भीड़ ने इलाके में तोड़फोड़ की, और कुछ लोगों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर गोलियां भी चलाईं। सुरक्षाबलों ने कस्बे में 'फ्लैग मार्च' किया और लोगों से घरों के अंदर रहने का आग्रह किया, क्योंकि 'जोमी' और 'हमार' समुदायों के बीच झगड़े के मद्देनजर पूरे जिले में कर्फ्यू लगा हुआ है। इस घटनाक्रम के जवाब में जोमी छात्र संघ

## नागपुर हिंसा: दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की, पेट्रोल बम फेंके

**नागपुर।** नागपुर हिंसा के दौरान दंगाइयों की भीड़ ने कुछ महिला पुलिसकर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके। नागपुर हिंसा में दर्ज हुई है। एफआईआर में यह खुलासा हुआ है। नागपुर में बीते सोमवार को उस वक्त हिंसा भड़क गई थी, जब विश्व हिंदू परिषद ने मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान अफवाह फैली कि प्रदर्शन के दौरान एक धार्मिक ग्रंथ को जलाया गया।

# इसराइल ने गाजा में हमास के पीएम इस्साम अब्दुल्ला को मार गिराया

**एजेंसी, तेल अवीव**

**इसराइल** ने गाजा में हमास के प्रधानमंत्री इस्साम दिब अब्दुल्ला अल-दालीस को मार गिराया। इसराइल डिफेंस फोर्सेस ने अब्दुल्ला की मौत की पुष्टि की है। अब्दुल्ला ने जुलाई 2024 में रूही मुश्ताहा की मौत के बाद उसकी जगह ली थी।

अब्दुल्ला गाजा में हमास की सरकार चलाता था। इसके पास हमास के संगठन और आतंकी गतिविधियों की जिम्मेदारी भी थी। पिछले 24 घंटे में इसराइल ने हवाई हमलों में हमास के 3 बड़े आतंकियों को भी मार गिराया है। इनमें हमास के कमांडर और पॉलिटिकल लीडर महमूद मारजूक अहमद अबू-वत्फा, बहजत हसन मोहम्मद अबू-सल्तान और अहमद ओमर अब्दुल्ला अल-हाता शामिल हैं।



## नेतन्याहू बोले- हमास के खात्मे तक चैन से नहीं बैठेंगे

**इसराइल** ने हमास के 19 जनवरी को शुरू हुए सीजफायर को खत्म कर दिया है। मंगलवार तड़के इसराइल ने गाजा में कई हवाई हमले किए। इनमें 400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। मंगलवार शाम इसराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने बयान में कहा कि इसराइल लड़ेगा और जीतेगा। हम अपने लोगों को घर वापस लाएंगे। जब तक हम हमास को खत्म नहीं कर देते, तब तक हम पीछे नहीं हटेंगे और न ही चैन से बैठेंगे।

# नागपुर हिंसा मामले में 'मास्टरमाइंड' फहीम खान गिरफ्तार, 21 तक पुलिस कस्टडी में भेजा

**एजेंसी, नागपुर**

**नागपुर** में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी और माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के जिला अध्यक्ष फहीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोर्ट में पेशी के बाद उसे 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। फहीम खान को इस



हिंसा का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। गणेशपेठ में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, उसने भीड़ इकट्ठा कर पुलिस थाने के बाहर प्रदर्शन किया और लोगों को भड़काया। आरोप है कि उसने पथराव की साजिश रची, जिसके लिए पहले से पत्थर जमा किए गए थे। इस हिंसा को लेकर कुल 51 नामजद आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है।

# होंडुरास में विमान क्रैश, संगीतकार ऑरेलियो मार्टिनेज सुआजो समेत 12 लोगों की मौत

**एजेंसी, तेगुसिगल्पा ( होंडुरास )**

**होंडुरास** के तट के निकट एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से संगीतकार ऑरेलियो मार्टिनेज सुआजो समेत 12 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि 'लैन्सा एयरलाइंस' का विमान रोआटन द्वीप से उड़ान भरने के तुरंत बाद समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



विमान में 17 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। पांच लोगों को बचा लिया गया है और वे सभी अस्पताल में भर्ती हैं। विमान पूरी ऊंचाई तक उड़ान नहीं भर पाया था और समुद्र में गिर गया। स्थानीय मछुआरों ने कुछ गों को बचाया।

## ट्रंप प्रशासन ने पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी हत्याकांड के दस्तावेज सार्वजनिक किए

**वाशिंगटन।** डलास (अमेरिका)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की 1963 में हुई हत्या से संबंधित रिकॉर्ड के 63,000 से अधिक पृष्ठों को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद जारी किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रीय अभिलेखागार और अभिलेख प्रशासन ने मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर लगभग 2,200 फाइल पोस्ट कीं, जिनमें ये दस्तावेज शामिल हैं। वर्जीनिया विश्वविद्यालय के 'सेंटर फॉर पॉलिटिक्स' के निदेशक और 'द कैनेडी हाफ-सेंचुरी' के लेखक लैरी जे. सबाटो ने कहा कि रिकॉर्ड की पूरी तरह से समीक्षा करने में समय लगेगा। ट्रंप ने सोमवार को वाशिंगटन में 'जॉन एफ कैनेडी सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स' का दौरा करने के दौरान ये दस्तावेज जारी करने की घोषणा की।

# सेंसेक्स 147 अंक चढ़ा, 75,449 पर बंद, निफ्टी में भी 73 अंक का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**

**सेंसेक्स** बुधवार को 147 अंक ऊपर 75,449 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 73 अंक की तेजी रही। यह 22,907 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में तेजी और 13 में गिरावट रही। सबसे ज्यादा तेजी टाटा स्टील, जोमैटो और पावरग्रीड करीब 3 फीसदी की रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में तेजी रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में आईटी में सबसे ज्यादा 1.08 फीसदी और एफएमसीजी में 0.55 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, रियल्टी 2.8 फीसदी, सरकारी बैंक 1.98 फीसदी और




ऑयल एंड गैस के शेयर 1.06 फीसदी ऊपर बंद हुए। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.25 फीसदी गिरावट रही। हांगकांग के हैंगसेंग इंडेक्स में 0.12 फीसदी की तेजी रही, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.097 फीसदी नीचे बंद हुआ। वहीं, एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ 20 मार्च को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 25 मार्च तक बिडिंग कर सकेंगे। 28 मार्च को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

## जम्मू-कश्मीर में दो आईईडी किए बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा और पुलवामा जिलों से सुरक्षाबलों ने बुधवार को दो 'परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी)' बरामद किए। पुलिस के अनुसार, बांदीपुरा-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सनसेट प्वाइंट के पास एक आईईडी बरामद किया गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) ने बिना कोई नुकसान पहुंचाए बम को निष्क्रिय कर दिया। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर स्थित पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके के घाट तोकुना गांव में सड़क किनारे एक प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया। उन्होंने बताया कि बीडीएस दस्ते के साथ त्वरित कार्रवाई दल ने उसे नष्ट कर दिया।

## पाकिस्तान-अफगान सीमा विवाद

# नहीं खुली तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग, वार्ता बेनतीजा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**अफगानिस्तान** और पाकिस्तान के बीच तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग नहीं खुल सकी। दोनों पक्षों के धार्मिक, राजनीतिक और जनजातीय समुदाय के बुजुर्गों के बीच दूसरे दौर की वार्ता नाकाम रही।

विवादित सीमा के करीब अफगान बलों के निर्माण कार्य शुरू करने से तनाव बढ़ा था, जिसके कारण क्रॉसिंग लगभग एक महीने से बंद थी। मगलवार को इसके खुलने की पूरी उम्मीद थी, क्योंकि दोनों पक्षों ने बातचीत के बाद तोरखम व्यापार मार्ग को सभी प्रकार की आवाजाही के लिए खोलने फैसला किया था।



तोरखम बॉर्डर पर 4 मार्च को स्थिति तब गंभीर हो गई जब क्रॉसिंग को फिर से खोलने के लिए बातचीत नाकाम हो गई, जिसके कारण पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान लड़ाकों के बीच गोलीबारी हुई। हिंसक झड़प के कारण सीमा के पास कई सशस्त्र बलों के कर्मियों और नागरिकों की मौत हो गई।

## भारतीय पासपोर्ट रखने वाले 69 बांग्लादेशी को लुकआउट नोटिस जारी

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इन लोगों ने अलग-अलग समय पर अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के बाद नकली दस्तावेज पेश करके भारतीय पासपोर्ट हासिल किए हैं। लुकआउट नोटिस इस आशंका में जारी किए गए हैं कि ये 69 घुसपैठिए अभी भी देश में, खासकर पश्चिम बंगाल में छिपकर रह रहे हैं और दूसरे देशों में भाग सकते हैं। यह कदम राज्य में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ होने और जांच के दौरान इनकी पहचान उजागर होने के बीच उठाया गया। देश में आव्रजन, सीमा शुल्क और विभिन्न सीमा सुरक्षा एजेंसियों सहित संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### डीविलियर्स बोले-कोहली के अनुभव का फायदा उठाएं रजत पाटीदार

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल के 18वें सीजन के लिए बैटर रजत पाटीदार को टीम की कप्तानी सौंपी है। साउथ अफ्रीका के पूर्व स्टार खिलाड़ी एबी डीविलियर्स ने उम्मीद जताई कि पाटीदार अपना खुद का नेतृत्व करने का तरीका विकसित करेंगे और विराट कोहली या फाफ डु प्लेसिस की नकल करने की कोशिश नहीं करेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस स्टेडियम में खेला जाएगा। डीविलियर्स 2011 से 2021 तक आरसीबी टीम का हिस्सा रहे। लीग के शुरू होने से पहले डीविलियर्स ने कहा कि पाटीदार के लिए सबसे बड़ी चुनौती आत्म-संदेह होगी, क्योंकि वह फाफ और विराट जैसे दिग्गज कप्तानों की विरासत को आगे लेकर जाने वाले हैं। मुझे उम्मीद जताई है कि पाटीदार अपना खुद का नेतृत्व करने का तरीका विकसित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि विराट के लगातार आसपास होने से उन पर एक दबाव भी बन सकता है। वे यह महसूस कर सकते हैं कि मैं सही कर रहा हूं? इस परिस्थिति में विराट क्या करते? यह उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्हें विराट और एंडी फ्लावर के अनुभव का फायदा उठाना चाहिए, लेकिन आप हमेशा इस सच पर टिके रहें कि आप खुद क्या हैं।



### भारतीय खिलाड़ी प्रतिभाशाली, लेकिन जीत की मानसिकता जरूरी : हेनरिच

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धावक हेनरिच पोपोव का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों में प्रतिभा है, लेकिन लगातार दबदबा बनाने के लिए उन्हें मानसिक अवरोध तोड़कर जीत की मानसिकता से खेलना होगा। जर्मनी के 41 वर्ष के पोपोव ने पैरालम्पिक खेलों, विश्व और यूरोपीय चैम्पियनशिप में 27 पदक जीते हैं। उन्होंने कहा ,'' वैश्विक सफलता के लिए सबसे बड़ी चुनौती शारीरिक नहीं, मानसिक है।'' उन्होंने कहा,''मानसिक अवरोध आपकी प्रगति रोक देता है। कई बार आप किसी अमेरिकी खिलाड़ी से बात करें तो आपको पता चलेगा कि वह पदक के लिये तैयार ही नहीं है बल्कि स्वर्ण की बात कर रहा है।'' उन्होंने कहा,''दिव्यांगता भी मानसिकता से जुड़ी है। आपको पदकों से इतर सोचना होगा। आपको खुद को इतना बड़ा बनाने के बारे में सोचना होगा कि दुनिया को पता चले कि आप छिप नहीं रहे हैं । मुझे लगता है कि भारत और जर्मनी की समान समस्या है । हम चुप रहते हैं लेकिन हमें बिंदास होकर दुनिया को बताना होगा कि हम जीतने के लिये खेल रहे हैं।''



### रेचल स्टलमैन का खूबसूरत अंदाज

**सेंट लुइस।** सेंट लुइस की पूर्व टेनिस खिलाड़ी रेचल स्टलमैन को उनके खेल से ज्यादा उनकी खूबसूरती को लेकर जाना जाता है। उन्होंने कई सालों तक टेनिस खेला है। वह दिखने में काफी खूबसूरत और हॉट हैं। इंस्टाग्राम पर फैंस उनकी अदाओं के दीवानें हैं। इंस्टा पर रेचल के करीब 3 लाख से भी अधिक फॉलोवर्स हैं।



### मुक्केबाजों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक रहे कलिताः अजय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि हाल में निलंबित किए गए बीएफआई महासचिव हेमंत कलिता ओलंपिक कांस्य विजेता लवलीना बोरगोहेन को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक रहे हैं। सिंह ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना ग्रेटर नोएडा में वीरवार से शुरू हो रही घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहती हैं, लेकिन कलिता ने उन्हें टूर्नामेंट से हटने के लिए कहा है, जो असम मुक्केबाजी संघ में सचिव के पद पर काबिज हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन द्वारा की गई जांच में कलिता वित्तीय कुप्रबंधन के दोषी पाए गए हैं। सिंह ने कहा, ''असम मुक्केबाजों को महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से हतोत्साहित कर रहा है। लवलीना ने प्रतियोगिता के समर्थन में एक वीडियो रिकॉर्ड किया है। लेकिन अधिकारियों को फोन आया है कि हेमंत कलिता ने उन्हें भाग नहीं लेने के लिए कहा है। असम मुक्केबाजी में लवलीना का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए वह अपनी भागीदारी पर पुनर्विचार कर रही हैं।'' कलिता ने आरोप का तुरंत जवाब नहीं दिया है। वह जल्द ही होने वाले बीएफआई चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों में से एक थे, लेकिन उनका नामांकन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि उन्हें संस्था में अलग भूमिकाओं में दो कार्यकाल पूरा करने के बाद 'कूलिंग ऑफ पीरियड' से गुजरना होगा।



# केकेआर के पास बेहतर फिनिशर्स, तो सनराइजर्स को हार्ड हिटिंग का सहारा

## आईपीएल-18 : दोनों टीमों ने बनाई है मैच जीतने की खास रणनीति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 18वां सीजन 22 मार्च से शुरू होगा। कोलकाता नाइट राइडर्स टाइटल डिफेंड करने उतरेगी, जबकि मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स दोनों को छठे खिताब की तलाश है। लखनऊ, पंजाब, दिल्ली और बेंगलुरु की निगाहें अपने पहले टाइटल पर होंगी।




### कोलकाता नाइट राइडर्सः अनुभवहीन कप्तान, वर्ल्ड क्लास फिनिशर्स

**ताकत:** टीम के पास 4 से 7 नंबर तक वर्ल्ड क्लास फिनिशर्स हैं। सुनील नरेन ओपनिंग करें तो बॉलर्स बढ़ाए जा सकते हैं। चक्रवर्ती, हर्षित और वैभव अरोड़ा गेंदबाजी को मजबूत कर रहे हैं।

**कमजोरी:** स्थापित कप्तान नहीं, अजिंक्य रहाणे को लीडरशिप देनी पड़ी, जो 25 आईपीएल मैचों में ही कप्तानी कर सके हैं। चैंपियन बनाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर को रिटेन नहीं किया। रहाणे को फिट करने के चक्कर में टीम का टॉप ऑर्डर कमजोर हो रहा है।

**रणनीति :** सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती और मयंक मारकंडे के दम पर कोलकाता स्पिन पिच बना सकती है। रसेल, नरेन, रमनदीप जैसे ऑलराउंडर्स की भरमार है, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे के रूप में मजबूत इंपैक्ट प्लेयर्स भी हैं।

### सनराइजर्स हैदराबाद
#### दमदार बैटिंग ऑर्डर, शमी-हर्षल की मजबूत गेंदबाजी

**ताकत :** 2016 की चैंपियन हैदराबाद में ओपनर ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा के साथ टॉप-5 में तेजी से खेलने वाले बैटर्स हैं। नीतीश कुमार रेड्डी जैसा परफेक्ट ऑलराउंडर है। हेनरिक क्लासन और ईशान किशन के रूप में हार्ड हिटिंग मिडल ऑर्डर बैटर भी हैं। हर्षल पटेल, पैट कमिंस और मोहम्मद शमी बॉलिंग को मजबूती दे रहे हैं।

**कमजोरी:** क्लासन के बाद फिनिशिंग ऑप्शन में बड़ा नाम नहीं। अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा और कमिंडू मेंडिस जैसे युवा फिनिशर हैं, लेकिन ज्यादा अनुभव न होना टीम पर भारी पड़ सकता है।

**रणनीति :** ईशान किशन को शामिल कर टीम ने अपना बैटिंग ऑर्डर मजबूत किया है। टीम इस बार 20 ओवर में 300 रन बनाने को टारगेट करेगी। पहली से आखिरी बॉल तक अटैक करने की स्ट्रैटजी अपनाएगी। कप्तान पैट कमिंस के साथ मोहम्मद शमी पावरप्ले में बॉलिंग कर सकते हैं। वहीं डेथ ओवर्स के लिए हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट भी मौजूद हैं।

# मुंबई इंडियंस के कोच जयवर्धने बोले बुमराह का नहीं होना एक चुनौती

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने जसप्रीत बुमराह की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए कोई समय सीमा नहीं बताई और कहा कि इस तेज गेंदबाज की अनुपस्थिति इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में उनकी टीम के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। बुमराह पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती कुछ मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह अभी बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया में हैं।



जयवर्धने ने बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस की सत्र पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कहा, ''जसप्रीत बुमराह एनसीए में हैं। हमें बुमराह के बारे में उन पर फीडबैक का इंतजार करना होगा। फिलहाल सब ठीक चल रहा है, दिन-प्रतिदिन प्रगति हो रही है।'' मुंबई के कोच ने कहा, ''वह अच्छी स्थिति में हैं। पर उनका नहीं खेलना भी टीम के लिए एक चुनौती है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं।'' जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में अंतिम टेस्ट में वह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके थे जिसके बाद से वह बाहर हैं और मेजबान टीम ने 162 रन का पीछा करते हुए 3-1 से सीरीज जीत ली थी। बुमराह की वापसी पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में 30 साल के इस अनुभवी खिलाड़ी की मौजूदगी से उन्हें मदद मिलेगी। बुमराह के अप्रैल के पहले हफ्ते में मुंबई के साथियों के साथ जुड़ने की उम्मीद है और वह टीम के साथ अपना 'रिहैबिलिटेशन' जारी रख सकते हैं।

पांड्या ने कहा, ''मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे साथ तीन कप्तान खेल रहे हैं, रोहित (शर्मा), सूर्यकुमार (यादव) और बुमराह। वे हमेशा मेरा समर्थन करते हैं और जब भी मुझे किसी मदद की जरूरत होती है तो वे हमेशा मौजूद रहते हैं।''

# राम नवमी पर टल सकता है आईपीएल का मैच

**एजेंसी, कोलकाता**

इंडियन प्रीमियर लीग का छह अप्रैल को कोलकाता में होने वाला मैच सुरक्षा कारणों से आगे टल सकता है। आईपीएल 2025 का यह मैच कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच होना है। छह अप्रैल को रामनवमी है। इस दिन शोभायात्रा निकलती हैं और पुलिस बल सुरक्षा में व्यस्त रहती है। ऐसे में मैच की तारीख बदलनी पड़ सकती है।

**बंगाल पुलिस ने नहीं दी हरी झंडी**

कोलकाता पुलिस ने बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) को पत्र लिखकर छह अप्रैल को ईडन गार्डंस में होने वाले आईपीएल मैच का शेड्यूल बदलने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि पुलिस इस मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं होगी, क्योंकि इसी दिन रामनवमी है। इस कारण कानून-व्यवस्था के लिए पुलिस बलों को लगाया जाएगा।

राम नवमी पर राज्य भर में 20 हजार से ज्यादा शोभायात्राएं निकल सकती हैं। इस वजह से ज्यादातर सुरक्षाकर्मी इन शोभायात्राओं को नियंत्रित करने के काम में लगाए जाएंगे। पुलिस के मुताबिक ऐसे में स्टेडियम में 60 हजार से ज्यादा दर्शकों की सुरक्षा कर पाना मुश्किल होगा। बंगाल क्रिकेट के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने बताया कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की है। पुलिस 6 अप्रैल को सुरक्षा दे पाने में असमर्थता जता रही है। इस बारे में बीसीसीआई को जानकारी दे दी गई है। अभी मैच में समय है, जल्द ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा। बता दें कि पिछले साल भी राम नवमी पर केकेआर बनाम राजस्थान रॉयल्स का मैच री-शेड्यूल किया गया था।

इस बार आईपीएल की शुरुआत कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम से ही हो रही है। 22 मार्च को मेजबान केकेआर और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2025 का पहला मैच खेला जाएगा। इस मैच से पहले तकरीबन आधे घंटे की ओपनिंग सेरेमनी रखी गई है। खबर है कि इस कार्यक्रम में सिंगर श्रेया घोषाल और एक्ट्रेस दिशा पाटनी परफॉर्म करेंगी।

# अभिषेक बल्लेबाजी और चक्रवर्ती गेंदबाजी में टी20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान कायम रखा।





हार्दिक पांड्या 252 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जिसमें नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (233 अंक) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस (210 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा और भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी इस रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें नंबर पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 856 रेटिंग अंक लेकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जिसमें इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 815 अंक से तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभिषेक के 829, तिलक वर्मा के 804 और सूर्यकुमार के 739 रेटिंग अंक हैं। गेंदबाजी सूची की अगुआई वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) कर रहे हैं जिसमें चक्रवर्ती (706 अंक) उनसे महज एक अंक पीछे हैं और इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (705 अंक) से एक अंक आगे हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (700) और ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (694 अंक) इनसे पीछे हैं। भारत के रवि बिश्नोई 674 अंक से छठे स्थान पर हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 653 अंक से नौवां स्थान बरकरार रखा है।

# जोकोविच द्वारा स्थापित खिलाड़ियों के संघ ने टेनिस आयोजकों के खिलाफ किया केस

**एजेंसी, मियामी गार्डंस (फ्लोरिडा)।** पेशेवर टेनिस के प्रभारी समूहों को 'कार्टेल' कहते हुए, नोवाक जोकोविच द्वारा सह-स्थापित खिलाड़ियों के संघ ने न्यूयॉर्क में संघीय अदालत में महिला और पुरुष टूर्स, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ और खेल की अखंडता एजेंसी के खिलाफ एक अविश्वास मुकदमा दायर किया। पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों के संघ ने इसमें कहा कि खेल का संचालन करने वाले संगठनों ने खिलाड़ियों के भुगतान और खेलने के हालात पर पूरा नियंत्रण कर लिया है। इसमें यह भी कहा गया कि उनकी व्यवस्था 'राज्य और संघीय कानून का सरासर उल्लंघन' है जो पेशेवर टेनिस की सामान्य बाजार की ताकतों से रक्षा करती है और पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों और अन्य उद्योग प्रतिभागियों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के उनके अधिकार से वंचित करती है।

उन्होंने मामले की जूरी द्वारा सुनवाई की मांग की और कहा कि खिलाड़ियों की कमाई बढ़नी चाहिए, क्योंकि चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों (विम्बलडन, अमेरिकी ओपन, फ्रेंच ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन) और अन्य पेशेवर टूर्नामेंटों का संचालन करने वाली इकाइयों ने पुरस्कार राशि की सीमा तय कर रखी है और कोर्ट से इतर भी खिलाड़ियों की कमाने की क्षमता पर उनका नियंत्रण है।

खिलाड़ियों के संघ ने अमेरिकी जिला न्यायालय के साथ ही ब्रसेल्स में यूरोपीय आयोग और लंदन में प्रतिस्पर्धा बाजार प्राधिकरण के समक्ष भी आवेदन दाखिल किए। संघ के वकील जिम क्विन ने कहा कि पेशेवर टेनिस में प्रतिस्पर्धा का पूर्ण और नितांत अभाव है और हमारा मानना है कि इस कार्रवाई के जरिये हम उस तरह की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे जो खिलाड़ियों, प्रशंसकों और वास्तव में इस व्यवस्था को संचालित करने वाले लोगों के लिए निष्पक्ष होगी। वहीं, डब्ल्यूटीए और एटीपी टूर ने अलग अलग बयान में कहा कि वे अपना बचाव पुरजोर तरीके से करेंगे।

# बीसीसीआई बोला-इंडियन क्रिकेटर्स को फैमिली से जुड़े नियमों में राहत नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेशी दौरों पर परिवार को लंबे समय तक साथ रखने की मांग को बीसीसीआई ने खारिज कर दिया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने क्रिकबज से कहा कि मौजूदा पॉलिसी बरकरार रहेगी। यह देश और हमारी संस्था बीसीसीआई दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। 16 मार्च को विराट कोहली ने परिवार को ज्यादा समय तक साथ रखने की बात कही थी। उन्होंने कहा, मुश्किल दौर से गुजर रहे प्लेयर्स के लिए परिवार वाले संतुलन लाते हैं। कोहली के बयान का पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने भी समर्थन किया था। बीसीसीआई सचिव ने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह के बदलाव पर केवल फॉर्मल प्रोसेस के माध्यम से ही विचार किया जाएगा। विदेश दौरों के दौरान खिलाड़ियों के साथ परिवार के रहने की अवधि बढ़ा दी गई है, लेकिन इसमें कुछ खास परिस्थितियों में ही ढील दी जाएगी।

### क्या है मौजूदा पारिवारिक नीति?

**मौजूदा** पारिवारिक नीति में कहा गया कि विदेशी दौरे के दौरान 45 दिनों से अधिक समय तक भारत से अनुपस्थित रहने वाले खिलाड़ी अपने साथी और बच्चों (18 वर्ष से कम) के साथ दो सप्ताह की अवधि तक हर सीरीज (प्रारूप के अनुसार) एक यात्रा पर जा सकते हैं। इसके अलावा बीसीसीआई का यह भी कहना था कि वह सिर्फ खिलाड़ी के साथ साझा आवास का खर्च उठाएगा। अन्य सभी खर्च खिलाड़ी को खुद करने होंगे। अतिरिक्त खर्च बीसीसीआई द्वारा वहन नहीं किए जाएंगे।

### विराट-रोहित ने जताई थी नाराजगी

**विराट** कोहली और रोहित शर्मा ने इस फैसले पर नाराजगी जताई थी। विराट ने कहा था कि वह रुम में उदास नहीं बैठना चाहते और परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि जब उनका परिवार साथ होता है तो मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में होते हैं. परिवार के साथ समय बिताना उन्हें अच्छा लगता है। रोहित ने भी कुछ दिन पहले ऐसे फैसले पर असहमति जताई थी। बता दें कि जब बीसीसीआई अपने इस फैसले को बदल देगा तो खिलाड़ियों की वाइफ के लिए यह अच्छा हो जाएगा।

# युजवेंद्र चहल-धनश्री के तलाक पर फैसला कल

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की तलाक याचिका पर कल ही फैसला करने का आदेश फैमिली कोर्ट को दिया है। जस्टिस माधव जामदार की सिंगल बेंच ने कहा कि चहल 21 मार्च से उपलब्ध नहीं होंगे, क्योंकि उन्हें आईपीएल में हिस्सा लेना है। बार एंड बेंच वेबसाइट के मुताबिक, बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस केस में 6 महीने का कूलिंग ऑफ पीरियड भी माफ कर दिया है। हाईकोर्ट ने यह आदेश देते वक्त कहा कि पिछले ढाई साल से दोनों अलग-अलग रह रहे हैं और सेटलमेंट की बातचीत भी हो चुकी है। हाल ही में रिपोर्ट आई थी कि दोनों पिछले ढाई साल से अलग रह रहे थे। चहल और उनकी पत्नी धनश्री के तलाक की अफवाहें काफी समय से सोशल मीडिया पर चल रही थीं। हालांकि, चहल और धनश्री का अभी तक ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। युजवेंद्र चहल ने फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की थी कि उन्होंने धनश्री को सेटलमेंट की आधी रकम दे दी है। इसलिए उनके 6 महीने का कूलिंग ऑफ पीरियड माफ कर दिया जाए। जिसे अब हाईकोर्ट ने मान लिया है। कूलिंग पीरियड यानी तलाक की याचिका के बाद पति-पत्नी को 6 महीने तक कुछ समय साथ रहने का आदेश दिया जाता है। जिसमें दोनों पक्षों को तलाक पर फिर सोचने का समय दिया जाता है।



## आईपीएल

## भारतीय ऑलराउंडरों के विकास को रोक रही है 'इम्पैक्ट प्लेयर' की रणनीति

# 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम में शुरुआती एकादश में जगह पाने के लिए ऑलराउंडर होना जरूरी: पांड्या

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने बुधवार को कहा कि अब जब विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया है तो एक क्रिकेटर को शुरुआती एकादश में जगह पाने के लिए शुद्ध रूप से ऑलराउंडर होना चाहिए। इस नियम में एक टीम को मैच के बाद के चरण में अपनी अंतिम एकादश में से एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। टीमें स्थिति की मांग के अनुसार बल्लेबाजी या गेंदबाजी विशेषज्ञ को लाती हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित शर्मा सहित कुछ मुख्य भारतीय खिलाड़ियों की आपत्तियों के बावजूद इस नियम को कम से कम 2027 चरण तक बढ़ा दिया है। रोहित ने कहा था कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' की रणनीति भारतीय ऑलराउंडरों के विकास को रोक रही है और टीमें खेल के दौरान उनकी जगह एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज को शामिल करती हैं। पांड्या ने सत्र की शुरुआती प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मौजूदा परिदृश्य में अगर आप पूरी तरह से 50-50 ऑलराउंडर नहीं हैं तो अपनी जगह पाना मुश्किल हो जाता है। देखते हैं कि आगे चलकर यह नियम बदल सकता है या बदलेगा, लेकिन हां, निश्चित रूप से अगर आप अधिक ऑलराउंडरों को प्रोत्साहित करना चाहते हैं तो उन्हें टीम में एक निश्चित स्थान की जरूरत होगी।''



पांड्या पिछले साल धीमी ओवर गति के उल्लंघन के कारण एक मैच के लिए निलंबित हैं, जिससे वह रविवार को मुंबई इंडियंस के चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाएंगे जिससे सूर्य कुमार यादव टीम की अगुवाई करेंगे। पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस में पंड्या की वापसी इतनी आसान नहीं रही थी और यह प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी 10 टीम में आखिरी स्थान पर रही थी। उन्हें घरेलू प्रशंसकों ने हूट भी किया था। पांच आईपीएल खिताबों को देखते हुए मुंबई इंडियंस का 2021 से प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इस हरफनमौला ने कहा कि वह पिछले एक साल में भारतीय टीम के साथ दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) खिताब जीत चुके हैं और इसी आत्मविश्वास को जारी रखकर चलेंगे।

पंड्या ने कहा, ''भारत के लिए खेलना हमेशा ही गर्व की बात है। यह मेरी पहली प्राथमिकता भी है, दो ट्रॉफी जीतना हमारे दिल के बहुत करीब है और यह खुशी आईपीएल में भी जारी रहेगी।'' उन्होंने कहा, ''पिछले चार सत्र मुंबई इंडियंस के लिए इतने अच्छे नहीं रहे हैं। इस सत्र में हम एकजुट होकर खेलेंगे।''

### पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध
### पहले मैच में सूर्यकुमार करेंगे कप्तानी

**मुंबई** इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या पिछले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में टीम के धीमी ओवर गति उल्लंघ्रन के लिए एक मैच के लिए निलंबित है, इससे वह मौजूदा चरण का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे, जिससे इस मुकाबले में कप्तानी की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव उठाएंगे। मुंबई इंडियंस रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। सूर्यकुमार राष्ट्रीय टी20 टीम के कप्तान हैं और उन्होंने टीम को घरेलू मैदान पर हाल में इंग्लैंड पर 4-1 से जीत दिलाई। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी फॉर्म इतनी प्रभावशाली नहीं रही और उन्होंने सीरीज के दौरान पांच मैच में सिर्फ 38 रन बनाए। पांड्या ने यहां मुंबई इंडियंस के सत्र पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, ''सूर्यकुमार भारतीय टीम की कप्तानी भी करते हैं। जब मैं नहीं होता हूं तो वह आदर्श विकल्प होते हैं।''
मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि बीसीसीआई ने पिछले सत्र में उनकी टीम के तीन बार 'धीमी ओवरगति' उल्लंघन के कारण पंड्या पर लगे एक मैच के प्रतिबंध के बारे में टीम को बता दिया है। मुंबई इंडियंस को 2024 में 10 हार का सामना करना पड़ा था, जबकि वह सिर्फ चार जीत हासिल कर पाई और यह पांड्या का कप्तान के रूप में पहला साल था। पांड्या को रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया, जिन्होंने टीम को पांच ट्रॉफी दिलाई हैं।